हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शुक्रवार ● 14.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 109 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये



## एक नजर

### दनुआ घाटी में भीषण सड़क हादसा, ट्रक खाई में गिरा, चालक और उपचालक की दर्दनाक मौत

**चौपारण** : मौत की घाटी दनुआ में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना घाटी। बीते रात्रि एक ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। जिससे चालक और उपचालक दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ट्रक बिहार की ओर जा रहा था, तभी दनुवा घाटी के तीखे मोड़ पर चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया, और देखते ही देखते ट्रक नीचे गहरी खाई में जा समा गया। हादसा इतना भीषण था कि चालक और उपचालक दोनों केबिन में ही बुरी तरह फँस गए।घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रात में ही रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उपचालक को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौपारण लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया, लेकिन इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गई।

### खाटू श्याम का भव्य दर्शन और श्याम महोत्सव का आयोजन

**बरही** : बरही नगर भवन में श्रीश्याम शरण में आ जा रे का भव्य आयोजन किया गया। पूजा अर्चना के साथ श्रीश्याम भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। बाबा खाटू श्याम की दरबार लगाई गई। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। खाटू श्याम की सुंदर सी मूर्ति को कमल पुष्प की आकृति में सजाया गया था। श्रीश्याम भक्ति महोत्सव के आयोजक विकाश कुमार और उनकी पत्नी पूनम देवी ने खाटू श्याम की सामुहिक पूजा अर्चना की। झुमरी तिलैया से आए भजन मंडली ने देर रात तक खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संकट में कोई आए ना आए, हमारा श्याम आयेगा।

### पसरिया जंगल सड़क पर पड़ी धसान, सड़क दुर्घटना को दे रही दावत

**बड़कागांव** : बड़कागांव डोकाटांड़ से उरीमारी जोड़ने वाली सडक पसरिया जंगल के पास सड़क धसने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो यह जर्जर सडक एक बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं हजारीबाग उपायुक्त को मामले को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी। विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने हजारीबाग डीसी को जानकारी देते हुए जर्जर सड़क को ठीक करवाने एवं ठेकेदार पर कार्रवाई करने का मांग की है।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का जत्था हुडहुडू से हुआ रवाना

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत गुरुवार को हजारीबाग शहर के हुडहुडू से तीर्थाटन के लिए तीर्थ यात्रियों का अगला जत्था रवाना हुआ। हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 34 और 35 से संयुक्त रूप से कुल 65 तीर्थ यात्रियों का जत्था उत्तर प्रदेश के काशी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल के लिए खुद सांसद मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर सांकेतिक रूप से यात्रियों का पाँव पाखरकर और भगवा ध्वज के साथ झांकी के साथ बस तक पहुंचाकर गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी कर और पुष्प वर्षा कर रवाना किया। यह यात्रा हुडहुडू के साहू धर्मशाला से शुरू होकर हुडहुडू बस्ती होते हुए हुडहुडू चौक स्थित दुर्गा मंडप पंहुचा जहां से सामूहिक रूप से बस पर बैठकर सभी यात्रा के लिए रवाना हुए। इस दौरान पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। हर ओर भागवत जयकारे के साथ सांसद मनीष जायसवाल के नाम के नारे की गूंज सुनाई पड़े। तीर्थ यात्रियों को रवाना करने से पूर्व हजारीबाग यूथ विंग द्वारा सभी को अल्पाहार और सांसद सेवा केंद्र की ओर अंग-वस्त्र ओढ़ाया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के बुजुर्गों के सपने को साकार करने के लिए और उनके तीर्थाटन के लिए उपयुक्त माहौल स्थापित कर उन्हें सामूहिक रूप से भेजने के लिए इस योजना की शुरूआत की और यह अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने सभी तीर्थ यात्रियों से अपील किया कि आपको सांसद सेवा कार्यालय की ओर से दिया गया पहचान पत्र हमेशा अपने पास सुरक्षित रखें और कहीं दिक्कत हो तो उसे पर अंकित किया गया मोबाइल नंबर पर सीधे संपर्क करें। गंगा और सरयू स्नान में सावधानी बरतें साथ ही कोशिश करें समूह में रहकर ही यात्रा को सुरक्षित एवं सफल बनाएं। उन्होंने सुखद एवं सफल यात्रा की ईश्वर से कामना भी की। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल क्षेत्र और क्षेत्र वासियों के भावना के अनुरूप सेवा और विकास के कार्य में लगे रहते हैं। जिसका एक अच्छा उदाहरण किया तीर्थ यात्रा है जो उन्होंने बुजुर्गों के सम्मान में संचालित कर रखा है । मौके पर विशेषरूप से भाजपा के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, बीरेंद्र कुमार बीरू, बलदेव बाबू, दीपू यादव, लब्बू गुप्ता, कृष्णा मेहता, भाजपा नेता राजू सिंह, अनिल मिश्रा, रेणुका कुमारी, दीपू यादव, तिलक यादव, रिंकु वर्मा, बंटी तिवारी, दिलीप गोप, नीरज कुमार, टिंकू कुमार, अजय पाण्डेय, भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा उर्फ साक्षी राणा, ज्योत्सना देवी, विनोद कुमार विगन, खुशबू देवी, अशोक कुशवाहा, कैलाश साव, दिलीप साव, बाबू सिंह, रंजीत कुमार, सत्यभामा, पूनम मिश्रा, अजय पासवान, सुंदर ठाकुर, शिव प्रजापति, यूथ विंग के रितेश खंडेलवाल, संजय कुमार, मो. ताज, विकास केशरी, सेजल सिंह, खुशबू कुमारी, प्रमोद खंडेलवाल, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## हरा भरा और प्रदुषण मुक्त झारखंड बनाने का संकल्प है साइकिल रैली : अजीत विमल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रजत जयंती पर झारखंड को हरा भरा और प्रदुषण मुक्त बनाने के संकल्प को लेकर बरही प्रशासन की ओर से साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली बरही प्रखंड मैदान से फारेस्ट हाउस तक गई और पुनः बरही प्रखंड मैदान पहुंची। रैली में बरही के सभी अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बरही के नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का निर्देशन बीडीओ जयपाल महतो ने किया। इस अवसर पर एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि साइकिल का परिचालन से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता ही है । प्रदूषण कम करने में मदद मिलती है। यह साइकिल रैली प्रदूषण मुक्त झारखंड के निर्माण का संदेश देगा। साइकिल रैली में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, गुरुदेव गुप्ता,मुखिया मोतीलाल चौधरी, वारिस अंसारी समेत अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बरही के नागरिक शामिल थे।

## भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद प्रेस वार्ता को संबोधित किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : गुरुवार को संध्या 3 30 बजे रामगढ़ कैंट स्थित होटल शिवम इन के सभागार में भाजपा जिला के तत्वाधान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने प्रेस के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कहा कि 15 नवंबर को झारखंड निर्माण के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं और उस दिन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। केंद्र सरकार ने इस दिवस को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। राकेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा देश के जनजाति समाज के सर्वांगिण विकास के लिए संकल्पित है और केंद्र सरकार की ओर से देश के जनजाति समाज के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजाति समाज के विकास के साथ-साथ उनकी भाषा और संस्कृति के संरक्षण का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 14 और 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा सहित आदिवासी समाज के अन्य महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई कर 15 नवंबर को दीप जलाया जाएगा। प्रेस वार्ता में प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक प्रिया करमाली अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उतरी छोट्टानगपुर प्रमंडल प्रभारी कुमेल उरांव, भाजपा रामगढ़ जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर करमाली, जिला मंत्री संजीव कुमार बबला,सरदार अनमोल सिंह जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त जिला आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी सोनू कुमार शौर्य भी मौजूद थे।

## झारखंड राज्य की रजत जयंती को लेकर इसको में साईकिल रैली कर पर्यटन स्थल को दिया गया बढ़ावा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव** : झारखंड सरकार की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के मौके पर बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार की संचालन में इसको गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आदि सेवा केंद्र में नापोखुर्द पंचायत मुखिया गणेश साव के नेतृत्व में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि ग्राम सभा में कई विशेष प्रस्ताव पारित किए गए, तथा झारखंड सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई । तत्पश्चात आदि सेवा केंद्र से लेकर तकरीबन ढाई किलोमीटर दूर इसको गुफा तक साइकिल रैली निकालकर अंतरराष्ट्रीय इसको गुफा पर्यटन स्थल को बढ़ावा दिलाने का प्रयास किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल अंचलाधिकारी मनोज कुमार, मुखिया गणेश साहू, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, आवास कोऑर्डिनेटर विकाश कुमार, बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, पंचायत सचिव श्वेता कुमारी , शिक्षक शिक्षक हरिनाथ मुंडा, वार्ड सदस्य झलक देवी बेचन साहू, सनी कुमार गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित है।

## चौपारण में दर्दनाक सड़क हादसा : बारातियों में घुसी ओमिनी, एक की मौत, कई घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : प्रखंड के चतरा मोड़ के पास बुधवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। एक ओमिनी वाहन संख्या जेएच 02 जी 5200 के चपेट में आने से कई बाराती घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दबगर टोला निवासी अशोक दास के पुत्र विक्की दास की बारात चतरा मोड़ से वापस लौट रही थी। इसी दौरान चतरा रोड की ओर से आ रही ओमिनी गाड़ी ने अचानक नियंत्रण खो दिया और बारातियों में जा घुसी। मौके पर अफरातफरी मच गई और लोग चीख-पुकार करते नजर आए। घायलों का पहचान टिंकू दास 36 वर्ष, पिता जगेश्वर दास, दीपक कुमार 21 वर्ष, पिता किशोरी दास और सिंटू दास 24 वर्ष, पिता फुटून दास के रूप में हुई। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौपारण ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, सिंटू दास की राँची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सिंटू झारखंड होटल में मिस्त्री का काम करते थे और वे चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ओमिनी वाहन को जब्त कर थाने ले आई और मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर, घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## मनरेगा व आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने रोजगार सृजन पर दिया जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना अबुआ आवास योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान परियोजना पदाधिकारी अनुजा राणा द्वारा मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं हो रहे विकास कार्यों की जानकारी उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को दी गयी। मनरेगा अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मानव दिवस सृजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंडवार मानव दिवस सृजन की स्थिति की समीक्षा की मौके पर उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर योग्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा योजनाओं के जियो टैगिंग, एरिया ऑफिसर एप, सोशल ऑडिट, नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने मनरेगा अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों का ई केवाईसी कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं मटेरियल पेमेंट के समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में तीव्र गति से भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान परियोजना पदाधिकारी फणींद्र कुमार गुप्ता के द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

# डायन बिसाही कुप्रथा को लेकर आज निकाली जाएगी जागरूकता रैली, शामिल होंगे पुलिस कप्तान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता






**बरही** : झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर हजारीबाग जिला पुलिस प्रशासन के निर्देश पर डायन बिसाही कुप्रथा को दूर करने के उद्देश्य से शुक्रवार को बरही पुलिस प्रशासन द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस जागरूकता रैली का नेतृत्व जिला पुलिस कप्तान अंजनी अंजन करेंगे। कार्यक्रम में बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल , पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार,बरही अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार सहित बरही पुलिस प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं जवान शामिल होंगे। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि डायन बिसाही कुप्रथा एक सामाजिक कोढ़ है जो अंधविश्वास के कारण कई निर्दोष महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता और अंत में लोग कानून के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही कुप्रथा को दूर करने के लिए जागरूकता रैली एक महत्वपूर्ण पहल है, इस अंधविश्वास से मुक्ति दिलाने, प्रभावित महिलाओं को कानूनी मदद दिलाने और डायन प्रथा से संबंधित अपराधों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा समय-समय पर रैली के रूप में जागरूकता निकाली जाती है। रैली में शामिल लोग अक्सर बैनर और तख्तियां लेकर डायन-बिसाही के खिलाफ नारे लगाते हैं, जिसमें कहा जाता है कि डायन शब्द समाज के लिए कलंक है जिसे खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से लोगों को डायन प्रथा की कानूनी जानकारी देते हुए जागरूक किया जाता है, जिसके तहत किसी भी महिला को डायन कहना या प्रताड़ित करना एक दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वाले के खिलाफ कानून उसे सजा देती है। उन्होंने इस जागरूकता रैली में बरही क्षेत्र के तमाम सामाजिक कार्यकर्ता,बुद्धिजीवी वर्ग, युवा वर्ग जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों को भाग लेने की अपील किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर



**बरही (हजारीबाग)** : गुरुवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बरही कोबरा बटालियन 203 गेट के पास की है। जानकारी के अनुसार चंदवारा प्रखंड के ग्राम जामूखड़ी निवासी दिलीप कुमार (35 वर्ष) पिता महेश्वर दास, मोटरसाइकिल से बरही की ओर आ रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया।

### झारखंड 25 वीं स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन पदमा में साइक्लोथॉन का भव्य आयोजन



**पदमा** : झारखंड 25वीं स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन पदमा प्रखंड में साइक्लोथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं और साइकिल प्रेमियों, स्कूली बच्चों और जिला परिषद सदस्य और तमाम अधिकारी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निधी रजवार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल और फिटनेस के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है। साइक्लोथॉन की शुरूआत पदमा गेट परिसर से हुई, जो हवा महल और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। प्रतिभागियों ने झारखंड की संस्कृति और राज्य की एकता का संदेश देते हुए लोगों को फिट रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय प्रशासन, शिक्षक, स्कूल बच्चे, प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। आयोजन के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने 8 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना, जिप उपाध्यक्ष हुए शामिल




**हजारीबाग** : पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति सरकार के उदासीन रवैया तथा पंचायत में फंड नहीं उपलब्ध कराने के खिलाफ राज्य भर के पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने आठ सूत्री मांग को लेकर रांची के नागा खटाल परिसर में झारखंड सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में बरही जिला परिषद सदस्य सह हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव शामिल हुए। धरना स्थल पर पहूंच सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर अपने अपने बात रखी।इस मौके पर हजारीबाग ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने, अधिकारों की रक्षा और मान-सम्मान की बहाली के लिए यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले दो वर्षों से पंचायत में फंड नहीं मिलने के कारण पंचायत की विकास बिल्कुल ठप हो गया तथा सभी पंचायत प्रतिनिधि पंगु बन बैठा है। सरकार आपके द्वार अभियान को सभी पंचायत प्रतिनिधिओं ने दिखावटी करार दिया। उन्होंने कहा कि फॉर्म तो भरे जाते हैं, पर काम नहीं होता। कहा सभी प्रतिनिधि अपने सम्मान के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया। मौके पर सैकड़ों पंचायत जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### निमिटोला के तीन घरों में चोरी, थाने में दिया गया आवेदन

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र निमिया टोला गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घर एवं एक किराने की दुकान में चोरी कर फरार हो गए। घटना को लेकर पीड़ितों के द्वारा बड़कागांव थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। एतवा तूरी के यहां लगभग 1 लाख रुपया की संपत्ति की चोरी हुई है, जिसमें सोने की मांग टीका, हार ,दो नगबेसर ,कनबाली एक जोड़ी चांदी का पायल बर्तन वगैरह, वहीं खीरोधर तूरी के यहां लगभग 70000 रुपए की संपत्ति की चोरी हुई है । जिसमें 3 जोड़ा चांदी का पायल, चांदी का चैन, सोनी की दो नगबेसर, सोना का चैन 6000 नगद इसके अलावा बालो महतो के किराने की दुकान में लगभग 25 000 रुपए की संपत्ति की चोरी हुई है जिसमें 12000 नगद के अलावा गुटखा बिस्किट व अन्य सामग्री चोरों ने चुरा ले गए। मामले लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है , कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती पर केरसई में हुआ भव्य आयोजन




**सिमडेगा/केरसई**: प्रखंड में झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, केरसई में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री ज्ञानमनी एक्का एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री अनिल खालखो, केरसई+2 के प्रधानाध्यापक जेवियर टेटे उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत अपने पारंपरिक लोक नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को राज्य निर्माण की भावना एवं विकास यात्रा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पारंपरिक लोक नृत्य, गायन, निबंध लेखन, क्विज, पेंटिंग, नाटक और वाचन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 14.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 109 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# पंजाब पुलिस ने ग्रेनेड अटैक मॉड्यूल का किया भंडाफोड़, 10 आतंकी गिरफ्तार



एजेंसी

**लुधियाना :** लुधियाना पुलिस ने क्रकसे प्रेरित ग्रेनेड हमला मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 10 आतंकियों को गिरफ्तार किया। आरोपी मलेशिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलरों से जुड़कर पंजाब में हमला करने की साजिश रच रहे थे। लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्रक से प्रेरित ग्रेनेड हमला मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने विदेशी हैंडलरों के 10 प्रमुख ऑपरेटिवों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मॉड्यूल पंजाब में अशांति फैलाने के लिए किसी भीड़भाड़ वाले इलाके में ग्रेनेड हमला करने की साजिश रच रहा था। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तानी हैंडलरों के इशारे पर काम कर रहे थे।

### मलेशिया के जरिए पाकिस्तानी संपर्क

शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ग्रेनेड उठाने और वितरित करने के समन्वय के लिए मलेशिया में स्थित तीन ऑपरेटिवों के माध्यम से पाकिस्तान आधारित हैंडलरों से जुड़े हुए थे। उनका मुख्य उद्देश्य किसी आबादी वाले क्षेत्र में विस्फोटक हमला करना था। गिरफ्तार 10 ऑपरेटिवों का संपर्क सीधे पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से था, लेकिन यह संपर्क प्रत्यक्ष नहीं बल्कि मलेशिया के जरिए होता था।

ग्रेनेड को साइट पर पहुंचाने का पूरा प्लान इसी नेटवर्क से संचालित हो रहा था। इस सफल ऑपरेशन पर पंजाब पुलिस ने अपनी दृढ़ता दोहराई है। पुलिस ने कहा कि राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आतंकवाद का सफाया करने और सीमा पार आतंकी नेटवर्कों को ध्वस्त करने में पूरी तरह समर्पित है।

## दिल्ली विस्फोट के दोषियों को मिलेगी सख्त से सख्त सजा : गृह मंत्री



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में हुए विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर ऑर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। शाह ने कहा, जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें कानून के कटघरे में लाया जाएगा और सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। भारत सरकार और गृह मंत्रालय इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी जताई। गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प कि इस आतंकवादी हमले के सभी जिम्मेदार लोगों को सख्त सजा दी जाएगी, निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, दिल्ली आतंकी हमले के दोषियों को दी जाने वाली सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि हमारे देश में कोई भी ऐसे हमले के बारे में सोचने की भी हिम्मत न करे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है और मोदी इस वैश्विक संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सोमवार शाम को लाल किला के पास एक सफेद हुंडई आई-20 कार में विस्फोट हुआ था, जिसमें 13 लोगों की दुखद मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए थे। शुरूआती जांच में एक और संदिग्ध गाड़ी का पता चला था। जांच टीमों ने फरीदाबाद जिले से इस दूसरी गाड़ी, एक लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट को बरामद करने में सफलता हासिल की थी।

## एक नजर

### सीबीआई ने डाक सहायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**सरायकेला :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के सरायकेला उप मंडल में डाक विभाग के एक सहायक को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि यह मामला 11 नवंबर को दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, आरोपित डाक सहायक ने शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी ताकि उसे ग्रामीण डाक सेवक, सहायक शाखा डाकपाल (जीडीएस एबीपीएम) के पद पर कमलपुर शाखा डाकघर के तहत कार्यभार संभालने की अनुमति दी जा सके। सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रंजन, डाक सहायक, सरायकेला उप मंडल, झारखंड के रूप में हुई है। एजेंसी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता रद




**नयी दिल्ली :** दिल्ली में लाल किला के पास हुए आतंकी हमले को लेकर बड़ा एक्शन लिया गया है। एशोसिएशन ऑफ इंडियन यूनियन ने हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता रद्द कर दी है। अल-फलाह को तत्काल प्रभाव से अक्ष्ब का लोगो हटाने का निर्देश दिया गया है। इस यूनिवर्सिटी से जुड़े कई डॉक्टर्स को दिल्ली बम धमाका मामले में जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है, जिसमें डॉ। उमर उन नबी, डॉ। शाहिद, डॉ। निसार-उल-हसन और डॉ। मुजम्मिल शामिल हैं। अल-फलाह यूनिवर्सिटी अब अपनी वेबसाइट पर पाठ्यक्रमों के बारे में गलत जानकारी देने के कारण भी जांच के दायरे में है। वहीं नेशनल मेडिकल कमीशनने भी यूनिवर्सिटी के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए हैं। ठटउ की ओर से कहा गया कि अभी वे पर्याप्त सबूत का इंतजार कर रहे हैं। अल-फलाह स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को मार्च 2013 से मार्च 2018 तक ग्रेड ए दिया गया था और अल-फलाह स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग में शिक्षक शिक्षा विभाग को भी मार्च 2011 से मार्च 2016 तक ग्रेड ए दिया गया था।

## झारखंड स्थापना दिवस: मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को किया रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को रांची में राज्य सरकार की ओर से 'नो योर टूरिस्ट पैलेस' के तहत साइकिल रैली को रवाना किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मोरहाबादी के बापू वाटिका से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस रैली में युवाओं ने बड़े जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह साइकिल रैली इसलिए भी खास है, क्योंकि यह सीधे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलिहातु तक जाएगी। यह रैली झारखंड के संघर्ष और विकास यात्रा को दर्शाती है।

खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हमारे पुरखों, जिन्होंने अलग राज्य के लिए संघर्ष करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उनके प्रयासों के कारण आज हम झारखंड को एक युवा और प्रगतिशील राज्य के रूप में देख पा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और स्वास्थ्य मंत्री ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुलाकात की। इस मौके पर उनके बीच झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित हो रहे समारोह-कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य तथा विकास और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों-मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

## पेसा नियमावली : राज्य सरकार को तीन सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का हाई कोर्ट का आदेश




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में पेसा नियमावली पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट ने तीन सप्ताह का समय दिया है। झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया किक पंचायती राज विभाग ने पेसा नियमावली तैयार कर कैबिनेट को स्वीकृति के लिए भेजा था। कैबिनेट ने नियमावली में कुछ विसंगति और त्रुटियां गिनायी है। विभाग उन त्रुटियों को एक सप्ताह के भीतर दूर कर फिर से स्वीकृति के लिए कैबिनेट को भेज देगा। इसके लिए पंचायती राज विभाग द्वारा अदालत से समय की मांग की। खंडपीठ ने तीन सप्ताह का समय देते हुए स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान पंचायती राज सचिव मनोज कुमार भी उपस्थित थे। झारखंड सरकार की ओर से अपर अधिवक्ता सचिन कुमार ने पंचायती राज विभाग और सरकार का पक्ष रखा। यहां मालूम हो कि झारखंड आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से हाईकोर्ट में पेसा नियमावली लागू करने के लिए जनहित याचिका दायर की गयी थी। सुनवाई के दौरान 2024 हाईकोर्ट ने दो महीने के भीतर पेसा नियमावली लागू करने का आदेश दिया था। लेकिन समय सीमा के भीतर नियमावली नहीं बनी। फिर पंचायती राज विभाग ने तीन माह के भीतर पेसा नियमावली लागू करने का अदालत को आश्वासन दिया। लेकिन तीन महीने का समय बीत जाने के बाद भी पेसा नियमावली लागू नहीं हुई। उसके बाद 29 जुलाई को अदालत ने फिर पेसा नियमावली लागू करने के लिए दो माह का समय दिया। लेकि यह समय भी बीत गया। अदालत ने इस मामले में मुख्य सचिव और विभागीय सचिव को भी सशरीर कोर्ट में बुलाया। सरकार द्वारा बार बार आश्वासन दिए जाने के बाद भी अब तक पेसा नियमावली फंसी हुई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कल्याण, कृषि व कुछ अन्य विभाग नियमावली के प्रारूप पर स्वीकृति नहीं दे रहे हैं।

## पुणे में भयावह एक्सीडेंट : तेज रफ्तार ट्रक ने कई वाहनों को मारी टक्कर, 8 लोगों की जलकर मौत

एजेंसी

**पुणे :** महाराष्ट्र में पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर गुरुवार शाम एक बड़ा और भीषण सड़क हादसा हुआ। पुणे शहर में नवले ब्रिज के पास हुई इस दुर्घटना में दो कंटेनर, एक मिनी बस और 3 से 4 कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इसके बाद वाहनों में भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस भयानक हादसे में अब तक आठ लोगों की जलकर मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी ससून और नवले हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया अभी जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुणे दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भीषण टक्कर के बाद कुछ वाहनों के परखच्चे उड़ गए थे



और कई लोग अंदर फंस गए थे, जिन्हें बचाव दल ने बाहर निकाला।

### हाईवे पर लंबा जाम

यह हादसा शाम के व्यस्त समय में हुआ, जिसके कारण पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस और बचाव दल राहत-बचाव कार्य में जुटे रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह भीषण हादसा वाहन चालकों की लापरवाही या ब्रेक फेल होने की वजह से हुआ होगा। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर के बाद आग इतनी भीषण थी कि ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थीं। पुलिस अब मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे दोस्त

पुलिस के मुताबिक, यह हादसा नासिक के सेंट्रल बस स्टैंड इलाके में हुआ, जो शहर के बीचोंबीच है। छह दोस्त नासिक नगर निगम मुख्यालय (राजीव गांधी भवन) से द्वारका इलाके की ओर जा रहे थे। सभी लोग गंगापुर रोड के एक होटल में अपने दोस्त का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। एसयूवी चला रहे सुदाम सोनवणे ने बताया कि रास्ते में अचानक गाड़ी का टायर फट गया। इससे वाहन ने डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट पोल और एक पेड़ से टक्कर खाई और कई बार पलट गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### सीएम फडणवीस ने आर्थिक मदद का किया एलान

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का एलान किया है। फडणवीस ने एक्स हैंडल पर लिखा- पुणे में हुए हादसे में कुछ लोगों की मृत्यु की घटना अत्यंत दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वालों को मैं भावभीनी श्रद्धांजलि देता हूं। हम उनके परिवारों के दुख में शामिल हैं। इस हादसे में मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक मदद की जाएगी।

## बिहार में सुबह आठ बजे से होगी मतगणना राज्यस्तर पर लगाये गये 4,372 काउंटिंग टेबल

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव की मतगणना शुक्रवार, 14 नवंबर को सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता, सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) की गिनती सबसे पहले शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे से ईवीएम की मतगणना शुरू की जाएगी।

पोस्टल बैलेट की गिनती संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर या असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में उम्मीदवारों या उनके अधिकृत एजेंटों के सामने होगी। बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर मतगणना के लिए व्यवस्था की गई है। हर क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग



ऑफिसर और एक काउंटिंग ऑब्जर्वर तैनात रहेगा।

परिणामों को राउंड-वाइज और विधानसभा-वार संकलित कर संबंधित आरओ की ओर से चुनाव आयोग के आधिकारिक परिणाम पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। ईवीएम गिनती के दौरान हर कंट्रोल यूनिट को टेबल पर लाया जाएगा और एजेंटों को दिखाया जाएगा कि उसकी सील और सीरियल नंबर में दर्ज विवरण से मेल खाते हैं या नहीं। अगर किसी बूथ में मतों की संख्या या रिकॉर्ड में कोई असमानता पाई जाती है, तो उस मतदान केंद्र की वीवीपैट पर्चियों की अनिवार्य रूप से गिनती की जाएगी। पूरे राज्य में 4,372 काउंटिंग टेबल्स लगाई गई हैं। प्रत्येक टेबल पर एक काउंटिंग सुपरवाइजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट और एक माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की गई है।

इसके अलावा 18,000 से अधिक काउंटिंग एजेंट, जो उम्मीदवारों की ओर से नियुक्त किए गए हैं, मतगणना प्रक्रिया की निगरानी करेंगे जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।

ईवीएम की गिनती पूरी होने के बाद हर विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों का यादृच्छिक चयन किया जाएगा, जहां वीवीपैट पर्चियों का मिलान ईवीएम परिणामों से किया जाएगा। यह कार्य उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की मौजूदगी में होगा। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एक भी पुनर्मतदान नहीं हुआ। 2,616 उम्मीदवारों और 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों में से किसी ने भी पुनर्मतदान की मांग नहीं की है। इसी तरह विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान भी किसी जिले से कोई अपील दर्ज नहीं हुई। राज्य के सभी 38 जिलों में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। चुनाव आयोग ने कहा है कि 7,45,26,858 पंजीकृत मतदाताओं वाले बिहार में यह रिकॉर्ड आयोग की दक्षता और मतदाताओं की जागरूकता का प्रमाण है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं, राजनीतिक दलों और मीडिया संस्थानों से अपील की है कि वे परिणामों की जानकारी केवल आयोग के आधिकारिक पोर्टल से प्राप्त करें। आयोग ने कहा है कि, किसी भी प्रकार की अफवाहों, अप्रमाणिक संदेशों या गैर-आधिकारिक स्त्रोतों पर भरोसा न करें।

## बीजापुर मुठभेड़ में मारे गये 27 लाख के इनामी छह नक्सलियों की हुई शिनाख्त

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के कांदुलनार, कचलारम और गुज्जाकोंटा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच 11 नवंबर को हुई मुठभेड़ में 27 लाख रुपये के इनामी तीन महिला सहित छह नक्सली मारे गए थे। मारे गये सभी नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है। मुठभेड़ स्थल से दो इंसास रायफल, 05 मैग्जीन, 68 कारतूस, एक 9 एमएम काबाईन, 03 मैग्जीन, 22 कारतूस, तीन .303 रायफल, एक मैग्जीन 13 कारतूस, एक सिगल शॉट रायफल, एक 12 बोर बंदूक, 08 कारतूस, रेडियो, स्केनर, मल्टीमीटर, हेण्ड ग्रेनेड,सेफ्टी फ्यूज, माओवादी साहित्य, पोच, माओवादी वर्दी, मेडिकल सामग्री एवं अन्य सामग्री



बरामद की गई हैं। इस संयुक्त अभियान को डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की टीमों ने अंजाम दिया।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने गुरूवार को बीजापुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षाबलों को डीकेएसजेडसीएम पापाराव, मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम कन्ना उर्फ बुचन्ना, डीवीसीएम उर्मिला, डीवीसीएम मोहन कड़ती सहित पश्चिम बस्तर डिवीजन के करीब 50 से 60 नक्सलियों के एक बड़े समूह की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने तत्काल इलाके में एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। 11 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई यह मुठभेड़ रुक-रुक कर दो दिनों तक जारी रही, जिसमें अंततः छह प्रमुख नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली।

## एक नजर

### चंद्रपुरा थाना प्रभारी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल, रांची रेफर



**बोकारो :** बोकारो जिले के चन्द्रपुरा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हुए है। घायलावस्था में उन्हें रांची अस्पताल रेफर कर दिया गया है । पुलिस सूत्र ने बताया कि चन्द्रपुरा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह 14 नवम्बर 2025 तक अवकाश में थे । परंतु 12 नवम्बर की रात को अचानक अपने डियूटी चन्द्रपूरा थाना पहुच गए और रात्रि में ही किसी वाहन से निकल गए। उसी क्रम में सड़क दुर्घटना हो गयी । सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गए। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि घायल थाना प्रभारी अजय सिंह को घायलावस्था एव बेहोशी हालत में रांची अस्पताल ले जाया गया है ।

### मुखिया ने दो क्लब को दिया क्रिकेट सेट



**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के तांतरी उत्तरी पंचायत के मुखिया गिरिन्द मिश्रा ने गुरुवार को बजरंग क्लब और पेंथर क्लब के खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने के सभी सामान— बल्ला, विकेट, बॉल सहित पूरा सेट भेंट किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल भावना के साथ अच्छा प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।मुखिया मिश्रा ने बताया कि अन्य टीमों को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर को क्रिकेट सेट प्रदान किया जाएगा। मौके पर संजय अग्रवाल, सुभाष महतो, श्रीकांत मिश्रा, कृष मिश्रा, शुभम मिश्रा, उजेश मिश्रा, रॉकी, रझित मिश्रा, लाला महली समेत कई खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### इन्द्र कुमार झा के सामाजिक अवदानों को भुलाया नहीं जा सकता : बिरंची नारायण



**बोकारो :** बोकारो के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के पूर्व महामंत्री इन्द्र कुमार झा के असामयिक निधन पर उनकी याद में बुधवार को नगर के सेक्टर–2 डी स्थित श्यामा काली मंदिर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय इन्द्र कुमार झा के चित्र पर पुष्पार्चन कर तथा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने अपने संबोधन में स्वर्गीय झा के निधन को संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए भाजपा संगठन को सशक्त बनाने में उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बोकारो में भारतीय जनता पार्टी पांच मंडलों में विभक्त है, लेकिन जिस समय बोकारो महानगर केवल एक मंडल हुआ करता था, उस समय स्वर्गीय इन्द्र कुमार झा महानगर के अध्यक्ष थे। उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इसलिए संगठन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने मां भगवती से उनके अनुज अविनाश झा सहित उनकी पत्नी और बच्चों को धैर्य और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर ने इन्द्र कुमार झा के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

# डीपीएस बोकारो में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के तहत विविध हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप भगवान बिरसा मुंडा की जयंती यादगार बनाने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में जनजातीय गौरव पखवाड़ा (01-15 नवंबर 2025) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भारत के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्र-निर्माण में उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के प्रयासों की कड़ी में विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शैक्षिक भ्रमण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गुरुवार को आयोजित सामुदायिक भोज सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूली बच्चों को जनजातीय संस्कृति से अवगत कराया जा रहा है। सांस्कृतिक समावेशन की इस कड़ी में वरिष्ठ विंग के छात्रों ने रांची स्थित ऑड्रे हाउस और जनजातीय संग्रहालय का शैक्षिक दौरा किया। ब्रिटिश-युग की वास्तुकला को दशार्ते ऑड्रे हाउस ने जहां औपनिवेशिक इतिहास से परिचित कराया, वहीं जनजातीय संग्रहालय में बच्चों ने झारखंड के आदिवासी समुदायों की विविध जीवनशैली, परंपराओं और कलात्मक विरासत को गहराई से समझा। विद्यार्थियों ने पारंपरिक औजारों, शिकार हथियारों, घरेलू शिल्पों, संगीत वाद्ययंत्रों और आभूषणों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। उन्होंने जनजातीय त्योहारों, नृत्य शैलियों, कृषि तकनीकों, उनकी मान्यताओं और प्रकृति के साथ उनके गहरे जुड़ाव की जानकारी प्राप्त की। इसी कड़ी में भगवान बिरसा मुंडा द्वारा जल, जंगल, जमीन की रक्षा को लेकर किए गए आंदोलन पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी हुआ। वहीं, गुरुवार को प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के मार्गदर्शन में विद्यालय के सीनियर विंग में एक भव्य सामुदायिक भोज आयोजित किया गया। इसमें झारखंड के जनजातीय समुदाय सहित दर्जनों अन्य लोगों ने भाग लिया और झारखंड के परंपरागत व्यंजनों- धुस्का, साग, चने की सब्जी, भात, मिठाई आदि का आनंद लिया। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने स्वयं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ भोजन परोसकर लोगों को खाना खिलाया। इधर, प्राथमिक इकाई में भी बहुआयामी गतिविधियों का आयोजन किया गया। शुरूआत प्रेरणादायक सत्रों से हुई, जहां छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, नेतृत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर आधारित एक फिल्म देखी। जनजातीय संस्कृति और राष्ट्रीय योगदानों पर आधारित क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। युवा शिक्षार्थियों ने जीवंत लोक चित्रों, विशेषकर झारखंड की जनजातीय कला रूपों से प्रेरित कलाकृतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं ने मनमोहक झारखंड लोक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल में ऊर्जा भर दी, जिसने जनजातीय जीवन की शक्ति और लय को दशार्या। अगली कड़ी में 14 नवंबर को जनजातीय गृह-भ्रमण और 15 नवंबर को पुष्पांजलि आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## डीएवी सेक्टर-4 में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ द्वारा सांस्कृतिक चेतना का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** देश की आजादी में हर भारतवासी का कंठहार बना बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ डीएवी सेक्टर -4 में आज पूरी राष्ट्रीयता, देश प्रेम और गौरव के साथ मनाई गई। बंगाल की माटी में जन्मे संस्कृत और बंगाली भाषा के महान लेखक,कवि एवं साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी की अमर कृति 'वंदे मातरम' जो आज हर भारतवासी का गौरव है अभिमान है मां भारती की साधना है की 150 वर्षगांठ डीएवी विद्यालय सेक्टर 4 में मनाकर बच्चों में इस गीत की अहमियत, आजादी की लड़ाई में इस गीत की भूमिका और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक यह उद्घोष, यह विरासत आदि से अवगत करा उनमें राष्ट्रसेवा एवं सौहार्द का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने कहा कि भारत माता का जयघोष हमारा राष्ट्रगीत डीएवी संस्था में प्रतिदिन होनेवाली प्रार्थना सभा का एक अभिन्न अंग है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद राष्ट्रगीत' वंदे मातरम 'की 150वीं वर्षगांठ मनाकर संपूर्ण देश में राष्ट्रीय एकता, देश भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का आह्वान करना आज की भाभी करी पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है। हर बच्चे में राष्ट्रीय एकता, सौहार्द ,देश प्रेम और राष्ट्र सेवा की भावना कूट-कूट कर भरी होनी चाहिए।

## कसमार में स्टोरी टेलिंग सर्किल से किशोरियां हो रहीं जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कसमार :** सहयोगिनी संस्था द्वारा 'क्रिया' के सहयोग से कसमार प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, कसमार और पोंडा मध्य विद्यालय में एक अनूठा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्टोरी टेलिंग सर्किल के माध्यम से महिलाओं और किशोरियों को उनकी समस्याओं के प्रति जागरूक करने और उनके समाधान खोजने पर केंद्रित था। कहानियों से समस्याओं पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान, 'सेफ एकेडमिक' की कुमारी पायल और सीमा रजवार ने अपनी तैयार की गई कहानियों के जरिए महिलाओं और किशोरियों के बीच उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला और चर्चा की कि उन्हें कैसे हल किया जा सकता है। स्कूल की किशोरियों ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी दिखाई और चित्रांकन के माध्यम से समस्याओं के निदान के लिए अपनी भावनाओं और विचारों को प्रकट किया। इस दौरान कुमारी पायल ने बताया कि 'क्रिया' और 'सहयोगिनी' के माध्यम से कहानी लेखन को ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों के सामने आ रही समस्याओं को व्यक्त करने और समाधान तक पहुंचने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि हर महिला या किशोरी की अपनी कहानी होती है, जिसे वे अक्सर समाज के सामने प्रकट नहीं कर पाती हैं। उनके अनुसार, यदि समस्याओं को सबके सामने रखा जाए, तो उनका समाधान संभव है। कहानी लेखन इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है।

## जनजाति समाज के सम्मान और विकास के लिए भाजपा संकल्पित : विधायक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जमुआ विधायक मंजू देवी ने प्रेस वार्ता कर बताया आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्षगांठ को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। यह बताता है कि झारखंड का जनजाति समाज,यहां की भाषा संस्कृति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दिल में बसता है। यह जनजाति गौरव दिवस केवल जनजाति समाज का ही सम्मान नहीं बल्कि झारखंड के साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है। इसके पूर्व भी भाजपा की सरकार ने ही श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में अलग झारखंड राज्य का सपना साकार किया। अलग राज्य गठन की तिथि भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को ही निर्धारित किया गया।इससे स्पष्ट है कि भाजपा की सरकार झारखंड के अमर बलिदानी महापुरुषों ,योद्धाओं की सोच के अनुरूप झारखंड राज्य का विकास चाहती है।जल ,जंगल, जमीन की सुरक्षा,भाषा संस्कृति, परंपरा का सम्मान चाहती है। अटल जी की सरकार ने ही केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए। संथाली भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने जमुआ विधायक मंजु देवी को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया और प्रेस वार्ता की शुरूआत करते हुए कहा की आज नरेंद्र मोदी जी की सरकार आदिवासी समाज के कल्याण केलिए अनेक योजनाएं चला रही। गरीब कल्याण केलिए चलाई जा रही योजनाओं में आदिवासी समाज की बड़ी आबादी लाभान्वित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा जनजाति गांवों और समाज की उन्नति केलिए मोदी सरकार ने 24 हजार करोड़ पीएम जन मन योजना प्रारंभ की है। आदिवासी बच्चों की पढ़ाई केलिए एकलव्य आवासीय विद्यालय योजना का विस्तार किया है।

## गृह रक्षक भर्ती तिथि बढ़ाने की मांग, उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी, सिमडेगा के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी गृह रक्षकों की भर्ती की आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर भारत आदिवासी पार्टी, सिमडेगा जिला इकाई एवं आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा के सदस्यों ने संयुक्त रूप से जिला उपायुक्त महोदया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बाप पार्टी जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि गृह रक्षक भर्ती की आवेदन प्रक्रिया 24 अक्टूबर से 7 नवम्बर 2025 तक निर्धारित थी, किंतु इस अवधि में लगातार शरद पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, छठ पर्व तथा आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व सोहराय मनाया गया। इन त्योहारों के दौरान जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क बाधा और इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या बनी रही, जिसके कारण अनेक योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि झारखंड एक सांस्कृतिक और पर्वप्रधान राज्य है, जहाँ इन पर्वों का सामाजिक व पारंपरिक महत्व अत्यधिक है। परिणामस्वरूप सैकड़ों ग्रामीण युवा आवेदन प्रक्रिया से वंचित रह गए, जिससे उनके रोजगार और भविष्य के अवसरों पर असर पड़ा। अमृत चिराग तिर्की ने उपायुक्त महोदया से आग्रह किया कि अभ्यर्थियों के हित में गृह रक्षक भर्ती की अंतिम तिथि कम से कम एक सप्ताह तक बढ़ाई जाए, ताकि सभी इच्छुक और पात्र युवा आवेदन कर सकें। इस दौरान यह भी बताया गया कि आदिवासी छात्र संघ सिमडेगा के सदस्यों द्वारा 8 नवंबर को ही जिला उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था, परंतु उपायुक्त महोदया से मुलाकात नहीं हो सकी थी।

## श्री कोडरमा गौशाला समिति में 75वीं गोपाष्टमी पूजन समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** श्री कोडरमा गौशाला समिति के 75वीं गोपाष्टमी पूजन समारोह के अवसर पर शिव वाटिका में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने भाषण, नृत्य और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला, प्रतिभा और संस्कार का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में चंदन कुमार और स्वाति अग्रवाल उपस्थित रहे। बच्चों ने गौसेवा, संस्कृति और प्रकृति पर आधारित सुंदर चित्र बनाए। प्रेरणा शाखा की ओर से श्रेया केडिया, शुभलक्ष्मी चौधरी और आकृति चौधरी ने सक्रिय सहयोग दिया। जूनियर वर्ग में प्रथम रिद्धि कुमारी , द्वितीय आयुषी आर्या, तृतीय पलक गोस्वामी, सीनियर वर्ग में प्रथम पवन कुमार, द्वितीय परी कुमारी, तृतीय संस्कृति सुमन । कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति बचानी है तो गौशाला को बचाना होगा विषय पर भाषण प्रतियोगिता बच्चों ने विचार रखे जिसमें निर्णायक के रूप में सीए वंदना अग्रवाल, सीए रूही संघई और शैलजा केडिया उपस्थित थीं। बच्चों ने गौमाता के संरक्षण और गौशालाओं की उपयोगिता पर अपने विचार रखते हुए बताया कि गाय भारतीय संस्कृति की आत्मा है और उसके बिना हमारी परंपरा अधूरी है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राशि बंसल (मॉडर्न पब्लिक स्कूल), द्वितीय स्थानः सौम्य राज (जी.एस. पब्लिक स्कूल), तृतीय स्थानः श्रेया विजय जायसवाल । वहीं नृत्य प्रतियोगिता में लोक संस्कृति की झलक दिखी। प्रतियोगिता का मूल्यांकन यश शर्मा, अनु कपसीमें और मिथिलेश सिंह ने किया। बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम स्थल तालियों की गूंज से आयोजन स्थल गूंज उठा। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रीजली पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान मॉडर्न पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थान राज इंटरनेशनल स्कूल की ग्रुप रही। समारोह के दौरान गौशाला के संचालन में सहयोग करने वाले दाताओं तथा वर्षों से सेवा में जुड़े कर्मियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह 75वां वर्ष गौसेवा और समाज में नैतिक मूल्यों के संवर्धन का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में परियोजना निदेशक रितेश लोहानी, ओम प्रकाश, श्रेया केडिया और आकृति चौधरी के अलावे मौके पर अध्यक्ष प्रदीप केडिया, महासचिव ओम प्रकाश खेतान, उपाध्याय महेश दारुका, कार्यकारी सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ, कार्यकारिणी सदस्य संजय अग्रवाल, संदीप केडिया, सज्जन शर्मा, बीरेंद्र यादव, गोपी अग्रवाल, प्रोफेसर राखी भदानी, सुधांशु कुमार, भगवान दास, मनीषा कुमारी, आलोक कुमार, अरुण बौद्ध, अनंत चंद्रा सहित विभिन्न स्कूलों के निदेशक, प्राचार्य, गौशाला समिति के पदाधिकारी, अभिभावक, शिक्षक और बड़ी संख्या में शहरवासी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### झुमरीतिलैया, जैन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले संपन्न



**कोडरमा :** महिला वर्ग में थंडर क्वीन एवं पुरुष वर्ग में फाइटर टाइटन की टीम विजय घोषित जीनिस स्पोर्ट्स अकादमी ग्राउंड में रात्रि में खेले गए क्रिकेट मैच में महिला ग्रुप में जीनी पावर ऑनर निधि झाझंरी एवं थंडर क्वीन ओनर ज्योति पहाड़िया के टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया शानदार रोमांचक मुकाबले में थंडर क्वीन की टीम विजई हुई मैन ऑफ द मैच रति पांडया को प्राप्त हुआ पुरुष वर्ग का फाइनल मैच फाइटर टाइटन ऑनर अतिशय छाबड़ा एवं श्रव्या स्ट्राइकर ऑनर कुणाल ढोलिया के बीच खेला गया अंतिम गेंद पर इस रोमांचक मैच का फैसला हुआ और फाइटर टाइटन की टीम विजय हुई मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राहुल ढोलिया को मिला जैन प्रीमियर लीग के आयोजकऔर जैन समाज के पदाधिकारी के द्वारा महिला एवं पुरुष वर्ग के विजई टीम को शील्ड कप मोमेंटो एवं आकर्षक उपहार दिए गए मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड राहुल ढोलिया एवं निकिता सोगानी को मिला सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का अवार्ड रुचिका रेंजर के रिकी छाबड़ा एवं तानिया पांडया को मिला बेहतर क्षेत्रक्षण के लिए ऋषभ पहाड़िया एवं शिखा गंगवाल को अवार्ड मिला अच्छी बॉलिंग के लिए अमित सेठी एवं सोना गंगवाल को पुरस्कृत किया गया आज के फाइनल मैच का मंचसंचालन सुनील छाबड़ा ने किया मैच का कोमेट्री लड्डू संजय छाबड़ा सुनील छाबड़ा सरला पांडया आदि लोगों ने किया मुन्नाअभिषेक गंगवाल सिद्धार्थ झाझंरी अरिहंत झाझंरी ऋषभ पहाड़िया विनीत सेठी परिधान सुमित छाबड़ा पीयूष कासलीवाल आदि सदस्यों के प्रयास से यह प्रीमियर लीग पूर्ण रूप से सफल रहा समाज के पदाधिकारी एवं वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने विजय टीम एवं भाग लेने वाली सभी टीमों के शानदार खेल एवं भविष्य के लिए शुभकामना दी।

### माँ चंचालिनी गेट के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घायल



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा– गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानिकेंद जंगल स्थित माँ चंचालिनी गेट के समीप दिन गुरुवार को मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान 1. सूरज कुमार गोस्वामी उम्र 18 वर्ष पिता सुरेश गोस्वामी, 2. अनूप यादव पिता केदार यादव, उम्र 19 वर्ष 3. अभिजीत सोनी पिता धनेश्वर सोनी उम्र 18 वर्ष तीनो ग्राम पोबी, थाना जमुआ, जिला गिरिडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल संख्या खल्११अळ 0395 से तीनो युवक अपने गाँव पोबी से कोडरमा आ रहे थे इसी दौरान नवलशाही थाना क्षेत्र के कानिकेंद जंगल स्थित माँ चंचालिनी गेट समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आ गए और तीनो मोटरसाईकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही थाना के गश्ती टीम घटना स्थल पर पहुंच कर तीनो घायलों को पुलिस वाहन से सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। जहाँ अनूप यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए राँची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं सूरज और अभिजीत की इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में जारी है।

### जमीनी विवाद में चाचा ने भतीजे को चाकू मार किया घायल, रिम्स रेफर



**कोडरमा :** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के मथाडीह गांव में जमीनी विवाद में एक युवक के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायल युवक की पहचान विकास साव के रूप में हुई है। घायल विकास ने बताया कि उनका उनके चाचा विजय साव के साथ लंबे समय से एक जमीनी विवाद चलता आ रहा है। हालांकि उनके और उनके चाचा के जमीन का बंटवारा हो चुका है। जिसके बावजूद उनके चाचा अपने हिस्से की जमीन के अलावे विकास की जमीन पर भी अपना कब्जा जमाए हुए हैं। जिसको लेकर पंचायत स्तर पर कई बार बैठक हुई और मामले को सलटाने का भी प्रयास हुआ, लेकिन विजय साव किसी की बात मानने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास एक खेतिहर जमीन है, जो इनके हिस्से की है। बावजूद इसके विजय साव उक्त भूमि पर धान रोप दिए हैं। इसी संबंध में गुरुवार की सुबह उनकी माँ विजय साव से बात करने गए हुए थे। जिसपर विजय साव ने उनके साथ बदसलूकी करते हुए, गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद घायल युवक विजय साव को समझाने गए हुए थे। इसी बीच विजय साव व उनके पुत्रों ने इनपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे ये बुरी तरह से घायल हो गए। जिसके बाद परिजनों ने आनन – फानन में इन्हें सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया, जहां इनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

### डोमचांच प्रखंड के गोलवाढाब रोड स्थित सिजुआ मौजा में वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण को लेकर विवाद



**कोडरमा :** जिले के डोमचांच प्रखंड के गोलवाढाब रोड स्थित सिजुआ मौजा में वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नगर पंचायत डोमचांच से निकलने वाले कचरे के रिसाइक्लिंग के लिए यहां प्लांट बनाया जाना है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को विरोध जताते हुए काम रोक दिया है। डीसी को भी आवेदन दिया है जिसमे कहा है की मेरे स्वामित्व वाली जमीन जो डोमचांच अंचल के अंतर्गत मौजा सिजुआ, थाना नंबर 352, खाता नंबर 9 प्लॉट नंबर 14/50, रकवा 11.65 एकड़ गैरमजरूवा खास है, मेरे पूर्वजों द्वारा वर्ष 1960 में क्रय की गई थी। जिसमें हम सभी 20–25 परिवार कृषि का कार्य करते रहे है, इस जमीन की सरकारी रसीद पूर्व से निर्गत होती आ रही है। इसके अतिरिक्त निबंधन दस्तावेजों के आधार पर मेरे पूर्वजों ने इस जमीन का कुछ हिस्सा अन्य किसानों को बेचा, जिनके नाम पर वर्ष 2005 से 2010 तक अंचल से रसीद निर्गत की गई है। उक्त जमीन का बंदोबस्ती हुकुमनामा वर्ष 1935 में निर्गत हुआ था, जिसके आधार पर मेरे पूर्वजों ने इस जमीन को खरीदा था। किंतु बिहार सरकार द्वारा भूलवश यह जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बंदोबस्ती कर दी गई थी। इस अन्याय के विरुद्ध मेरे पूर्वजों ने न्यायालय मुंसफ में हजारीबाग ने मेरे पक्ष में निर्णय हजारीबाग में चुनौती दी, और वर्ष 1971 में दिया है। बता दें की दो महीने पूर्व पचगावां मे भी कचड़ा प्लांट निर्माण करने को लेकर ग्रामीण विरोध किए थे।

## एक नजर

### बिहार में सत्ता परिवर्तन निश्चित, इंडिया गठबंधन बनाएगा सरकार : राजेश ठाकुर

**रांची :** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जारी एग्जिट पोल के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विभिन्न दल अपने-अपने जीत के दावे कर रहे हैं। इसी कड़ी में झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया है। राजेश ठाकुर ने कहा कि अब तस्वीर साफ हो चुकी है। जिस तरह से प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री बिहार में आकर लगातार भाषण दे रहे हैं, उससे उनकी हार की बौखलाहट स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि अब केवल परिणाम की घोषणा बाकी है, क्योंकि बिहार की जनता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाकर परिवर्तन का संदेश देने जा रही है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि 14 नवंबर को चाचा नेहरू का जन्मदिन है, और हमें विश्वास है कि उसी दिन बिहार में सत्ता परिवर्तन का शुभ संकेत मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इस बार इंडिया गठबंधन को बहुमत देकर सरकार बनाने का मौका देगी और तेजस्वी यादव राज्य के अगले मुख्यमंत्री बनेंगे।

### गैंगस्टर सुजीत सिन्हा व अनुराग गुप्ता गठजोड़ की जांच एनआईए से हो : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर से पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता को निशाने पर लिया है। गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अवैध डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति गिव एंड टेक फामूर्ले के आधार पर हुई थी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और अनुराग गुप्ता गठजोड़ की जांच एनआईए से कराने की मांग की जाएगी। अनुराग गुप्ता की एक एसपी के रूप ने ख्याति रही थी। मगध यूनिवर्सिटी में इनका डिग्री घोटाला भी कम नहीं है। अनुराग गुप्ता का अवैध तरीके से डीजीपी बनने का रिश्ता काला धंधा और राजनीतिक संरक्षण के समीकरण पर टीका था। पूरा मामला भारत माला प्रोजेक्ट पर वर्चस्व की लड़ाई और सुजीत सिन्हा के कोयलांचल शांति समिति से जुड़ा हुआ है। इस पूरे खेल में पेटी टेंडर, स्टोन चिप्स, जमीन दलाली और अन्य अवैध कारोबारों के जरिए एक बड़ा नेटवर्क खड़ा करने की योजना से जुड़ा है। भारत माला प्रोजेक्ट पर नियंत्रण के लिए अनुराग गुप्ता ने सुजीत सिन्हा को चुना था। जिसमें अनुराग गुप्ता की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। अमन साहू का फर्जी इनकाउंटर इसी वर्चस्व की लड़ाई का हिस्सा है।

### क्रांतिवीर भगवान बिरसा भारतवर्ष के गौरव : अवनीश

**रांची :** भगवान बिरसा मुंडा जैसे अनेकों क्रांतिवीर और वीरांगनाओं ने झारखंड की धरती से विश्व में भारत का मान बढ़ाया है, जो हमारे लिए गौरव एवं अभिमान का विषय है। यह बातें विद्या भारती अखिल भरतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवनीश भटनागर ने गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा में जनजातीय समाज के योगदान विषय पर रांची के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित शहीद स्मृति सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हो, चांद भैरव, फूलो झानो जैसे अनेकों क्रांतिवीर और वीरांगनाओं ने भारतवर्ष को विदेशी अत्याचारों और गुलामी से मुक्त करा के उसकी अपनी संस्कृति और स्वतंत्रता रूपी विरासत को बचाने का काम किया। अंग्रेज अपने गजट में लिखते हैं कि उन्हें 1757 से 1857 तक 38 ऐसे युद्ध में भगवान बिरसा मुंडा जैसे क्रांतिवीरों एवं वीरांगनाओं के चलते हार का सामना करना पड़ा।

## राज्य स्तरीय पुरुष नसबंदी अभियान का शुभारंभ सह सम्मान समारोह आयोजित

# स्वास्थ्य मंत्री ने पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ एवं डाक विभाग के वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राज्य स्तरीय पुरुष नसबंदी अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण का नहीं, बल्कि स्वस्थ परिवार और सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पुरुषों की समान भागीदारी से ही यह प्रयास सफल होगा। डॉ. अंसारी ने सभी से इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह अभियान राज्य के परिवार कल्याण कार्यक्रम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण का विषय नहीं है बल्कि यह स्वस्थ परिवार, सुरक्षित मातृत्व और खुशहाल समाज की दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा योजना और तैयारी के साथ इस दुनिया में आए, और हर मां को सुरक्षित मातृत्व का अधिकार मिले।

उन्होंने कहा कि हम यह भी जानते हैं कि परिवार नियोजन की जिम्मेदारी अक्सर महिलाओं तक सीमित रह जाती है, लेकिन अब समय आ गया है कि पुरुष भी समान रूप से इस जिम्मेदारी को साझा करें। नसबंदी एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी उपाय है और इसके प्रति समाज में जो गलत फहमियाँ हैं, उन्हें दूर करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि इस समारोह में जिन जिलों और स्वास्थ्य संस्थानों को सम्मानित किया जा रहा है. उन्होंने अपने समर्पण, नवाचार और मेहनत से परिवार नियोजन कार्यक्रम को एक नई दिशा दी है। सभी विजेता प्रतिभागियों को उन्होंने बधाई दी और कहा कि आपकी यह उपलब्धि न केवल आपके जिले के लिए, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। इस अभियान की उपलब्धि को हासिल करने में जो संस्थान, चिकित्सक या कमी पीछे रह गए हैं, उन्हें प्रोत्साहित करते हुए मैं चाहता हूं कि आप सब अपना पूरा योगदान देकर इस अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। डॉक्टर अंसारी ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए 8500 हेल्थ टेक्निकल और नॉन टेक्निकल स्वास्थ्यकर्मियों की बहाली की जाएगी।

मंत्री द्वारा राज्य का पहला रांची सदर अस्पताल जिसको एनएबीएल सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। यह सर्टिफिकेट राज्य के नोडल पदाधिकारी पदाधिकारी, राज्य परामर्शी PHQA एवं राँची सिविल सर्जन, रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक एवं सभी कर्मियों के प्रयासों से मिला है।

### मुख्य उपलब्धियाँ

- कुल प्रजनन दर (TFR) 3.5 (AHS-2011) से घटकर 2.3 (NFHS-5, 2019-21)
- गर्भनिरोधक प्रचलन दर 35.7% (NFHS-3, 2005-06) से बढ़कर 61.7%
- परिवार नियोजन की अपूर्ण आवश्यकता 22.6% से घटकर 11.5%
- PPIUCD Insertion का प्रतिशत 36%
- चार नई विधियाँ जोड़ी गईं : अंतरा IM, छाया, अंतरा SC, इम्प्लांट
- Self Care Kits एवं कंडोम बॉक्स के माध्यम से अस्थायी विधियों की निःशुल्क उपलब्धता
- 2019 से अब तक 1.30 लाख से अधिक सास-बहू-पति सम्मेलन, 6.98 लाख नई पहल किट वितरण एवं 76 हजार से अधिक परिवार कल्याण दिवस का आयोजन

#### डाक विभाग के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

इस अवसर पर भारतीय डाक विभाग, झारखंड परिमंडल और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), झारखंड सरकार के बीच परिवार नियोजन सामग्रियों के परिवहन एवं वितरण हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत डाक विभाग अपने इंडिया पोस्ट पार्सल नेटवर्क के माध्यम से सामग्रियों की समयबद्ध आपूर्ति राज्यभर के स्वास्थ्य केंद्रों तक सुनिश्चित करेगा। यह पहल "स्वस्थ झारखंड, सुखी झारखंड" के लक्ष्य को सशक्त बनाएगी।

#### परिवार नियोजन सेवाओं को और सशक्त बनाएगी सरकार : अजय कुमार सिंह

अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति का आधार है। उन्होंने सर्जन, एएनएम, जीएनएम और सीएचओ की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से झारखंड पुरुष सहभागिता आधारित परिवार नियोजन में आदर्श राज्य बनेगा।

#### सुरक्षित और प्रभावी उपाय है पुरुष नसबंदी : शशि प्रकाश झा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि राज्य की कुल प्रजनन दर 3.5 से घटकर 2.3 और गर्भनिरोधक प्रचलन दर 35.7% से बढ़कर 61.7% हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब पुरुषों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि पुरुष नसबंदी एक सुरक्षित, सरल और प्रभावी उपाय है।

#### राज्य में परिवार नियोजन संकेतकों में सुधार : डॉ. पुष्पा

राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. पुष्पा ने कहा कि झारखंड में परिवार नियोजन के संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वल्ली३ ठीी घटकर 10% रह गई है और अस्थायी विधियों के उपयोग में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि समानता और जिम्मेदारी का अभियान है।

#### नई विधियों का शुभारंभ और सम्मान समारोह

कार्यक्रम के दौरान गर्भनिरोधक की नई विधियों का शुभारंभ किया गया तथा सहिया के लिए तैयार वीडियो फिल्म का विमोचन हुआ।

राज्यभर के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों एवं संस्थानों को सम्मानित किया गया, जिनमें– 37 स्वास्थ्य संस्थान, 19 मास्टर ट्रेनर, 9 स्टोरकीपर, 16 बीटीटी, 10 सहिया, 10 सर्जन, 8 एएनएम/जीएनएम और 11 काउंसलर शामिल हैं। कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बलमुचू, निदेशक डाक सेवा बी.आर. चौधरी, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ सिद्धार्थ सान्याल, सहित सभी जिलों के सिविल सर्जन एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## दो महीने के अंदर को-ऑपरेटिव बैंक के सीईओ की करें नियुक्ति : कृषि मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को को-ऑपरेटिव बैंक, आरबीआई और नाबार्ड के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंत्री ने को-ऑपरेटिव बैंक में रिक्त पड़े सीइओ पद को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने को-ऑपरेटिव बैंक के सीइओ की नियुक्ति अगले दो माह में पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कृषि मंत्री ने को-ऑपरेटिव बैंक के द्वारा लैंप्स पैक्स के माध्यम से केसीसी वितरण की वर्तमान जानकारी ली। केसीसी के मामले में मंत्री ने लैंप्स-पैक्स के साथ-साथ को-ऑपरेटिव बैंक के द्वारा सीधे तौर पर लैंप्स पैक्स के सदस्यों को लोन का लाभ देने का निर्देश दिया।

इसके लिए को-ऑपरेटिव बैंक अपने बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास करेगा। ऐसा करने से KCC के लाभुकों की संख्या में इजाफा होने के साथ योजना को गति मिलेगी। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दिख पी, विशेष सचिव प्रदीप हजारे, निबंधक शशि रंजन, नाबार्ड के सीजीएम, आरबीआई के अधिकारी मौजूद थे।

## राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होगा दो दिवसीय महोत्सव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** इस वर्ष 15 नवम्बर को राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रहा है। ऐतिहासिक अवसर पर राज्य सरकार द्वारा 'रजत जयंती' वर्ष को भव्य और यादगार बनाने का निर्णय लिया है। इस के मध्य नजर आज सूचना भवन सभागार में एग्जीबिशन और इमर्सिव जोन के नोडल पदाधिकारी सह कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को एक विशेष समन्वय बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विभिन्न विभागों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय महोत्सव के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्य स्थापना दिवस 2025 के अवसर पर राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में 15 और 16 नवम्बर को दो दिवसीय विशेष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में झारखंड के सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आगंतुकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होगी।

महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन जी कि जीवनी पर आधारित विशेष प्रदर्शनी होगी, जो झारखंड के इतिहास और संघर्ष को जीवंत करेगी। इसके साथ ही, एक इमर्सिव जोन भी बनाया जाएगा, जहां विभिन्न विषयों पर फिल्में और जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

इसके साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी आम जनों के लिए रखी गई है जिसका लाभ महोत्सव परिसर में घूमते हुए लिया जा सकेंगे। यह महोत्सव आम जनों को झारखंड के अतीत का दर्शन कराएगा और साथ ही भविष्य की आशाओं और कल्पनाओं से जोड़ेगा।

# सीयूजे में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष को "स्वाभिमानी बिरसा-2025" शीर्षक के तहत भव्य रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में और बाहरी स्थलों पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय की व्यापक भागीदारी देखी जा रही है। मुख्य समारोह 14 और 15 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाला है, लेकिन इससे पहले आयोजित "जन-जातीय गौरव यात्रा" और अन्य प्रेरक प्री-इवेंट्स ने पूरे विश्वविद्यालय वातावरण को उत्सवमय बना दिया है।

13 नवम्बर को विश्वविद्यालय द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से "जन-जातीय गौरव यात्रा" का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को जनजातीय नायकों के इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान से परिचित कराना था।

यात्रा के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा तथा उलिहातू के प्रधान निर्मल मुंडा ने छात्रों का स्वागत किया और उनके विचारों से युवाओं को प्रेरित किया। यात्रा का समापन ऐतिहासिक डोंबारी बुरु शहीद स्थल पर हुआ, जहाँ छात्रों ने राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर श्रद्धांजलि अर्पित की इस दल का नेतृत्व डॉ केबी सिंह ने किया, जिनके साथ डॉ आलोक गुप्ता, डॉ शशांक कुलकर्णी, डॉ सौमेन डे और डॉ अरविंद लाल भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर स्कूल-स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आज आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने ह्यजन-जातीय गौरवह्ल विषय पर अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जनजातीय संस्कृति और नायकों को नमन किया। इन कार्यक्रमों का समन्वयन डॉ रामकृष्ण रेड्डी ने किया।

विश्वविद्यालय अब 14-15 नवम्बर को होने वाले मुख्य आयोजन के लिए तैयार है। कार्यक्रम में प्रो क्षिति भूषण दास (कुलपति, सीयूजे), के कोसला राव (रजिस्ट्रार) सहित कई प्रख्यात विद्वान, गणमान्य अतिथि और समाजसेवी शामिल होंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ने समाज के सभी वर्गों से इस उत्सव में शामिल होकर भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों – स्वाभिमान, संघर्ष और समाज सेवा – से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रिपल टेस्ट के आधार पर निकाय चुनाव की मांग को लेकर राज्यपाल व सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**रांची :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को 13 सूत्री मांग पत्र सौपा गया। इसमें ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। वैश्य आयोग का गठन, जाति आधारित जनगणना, ट्रिपल टेस्ट के आधार पर निकाय चुनाव, पिछड़ा वर्ग मंत्रालय का गठन, छोटे दुकानदारों को 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज की लूटी गई जमीन वापसी, हत्या, लूट, रंगदारी पर रोक लगाने समेत अन्य मुद्दे शामिल है। इस दैरान केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा की आबादी 54 प्रतिशत है। नगर निकाय चुनाव पर ओबीसी के लिए कराए गए ट्रिपल टेस्ट को वैश्य मोर्चा अपनी जीत मानती है। जिन निकायों में ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, उसे ओबीसी के लिए आरक्षित किया जाए। मौके पर हीरानाथ साहु, रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, लक्ष्मण साहु, अशोक गुप्ता, कृष्णा साहु, अश्विनी साहु, शिवपूजन साहु, आदित्य नारायण प्रसाद, राजाराम प्रसाद, अनिल वैश्य, लखन अग्रवाल, रोहित कुमार साहु, राजेन्द्र साहु, मनोज कुमार, नंदकिशोर भगत, विनोद कुमार गुप्ता, हलधर साहु, प्रेम प्रकाश गुप्ता, पवन कुमार, आदित्य पोद्दार आदि अनेकों लोग शामिल हुए।

### झारखंड राज्य की 25वीं रजत जयंती के अवसर पर आयोजित उत्सवः विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**रांची :** राज्य के सरकारी एवं आवासीय विद्यालयों में जारी "झारखंड राज्य की 25 वीं रजत जयंती वर्ष विरासत, प्रगति और आकांक्षाओं के उत्सव" के तीसरे दिन गुरुवार को राज्य के 52,794 विद्यार्थियों ने प्रखंड स्तर पर आयोजित क्विज, निबंध, नृत्य, संगीत, ड्रामा, कहानी लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राज्य के सभी सरकारी एवं आवासीय विद्यालयों में विशेष प्रात : कालीन सभाओं का आयोजन किया गया। इनमें राज्य के 30.8 लाख विद्यार्थी शामिल हुए और राज्य के महापुरुषों एवं आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। विशेष प्रात :कालीन सभाओं में स्कूली बच्चों को राज्य के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध कला संस्कृति और जनजातीय गौरव के बारे में अवगत कराया गया। प्रखंड स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। झारखंड राज्य की 25वीं रजत जयंती वर्ष विरासत, प्रगति और आकांक्षाओं के उत्सव के तहत कल दिनांक 14 नवंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों, सरकारी एवं आवासीय विद्यालयों में कल दिनांक 14 नवंबर को सेमीनार का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त सेमीनार में झारखंड के 25 वर्षों की विकास यात्रा, महापुरुषों एवं आंदोलनकारियों की जीवनी और राज्य के प्रति उनके समर्पण, राज्य की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विरासत तथा राज्य के समृद्ध कला संस्कृति जैसे विषयों पर चर्चा की जायेगी। दिनांक 14 नवंबर, 2025 को सभी सरकारी एवं आवासीय विद्यालयों में विशेष प्रात :कालीन प्रभात फेरी भी निकाली जायेगी। दिनांक 15 नवंबर, 2025 को राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### झारखंड के आठ जिलों में कल तक शीतलहर चलने का अलर्ट



**रांची :** झारखंड के आठ जिलों में कहीं-कहीं 15 नवंबर तक शीतलहर चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी है। विभाग की ओर से राज्य के जिन जिलों में शीतलहर चलने की आशंका व्यक्त की गई है उनमें झारखंड के पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, लातेहार, और चतरा के अलावा इससे सटे मध्यवर्ती जिले रांची, गुमला, लातेहार और सिमडेगा शामिल है। वहीं इन दिनों राजधानी रांची सहित पूरा झारखंड कड़ाके की चपेट में है। ठंड की वजह से शाम होते ही सड़कों पर वाहनों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कम दिखाई दे रही हैं। भारी ठंड के चलते लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 30.4 डिग्री चाईबासा में और सबसे कम तापमान खूंटी में 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं गुरुवार को रांची और आसपास के इलाके में दिनभर मौसम साफ रहा। सुबह में भारी कनकनी महसूस हुई। रांची में अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री, जमशेदपुर में 29 और 12.6, डाल्टनगंज में 28.8 और 10.1, बोकारो में 26.1 और 11.5 एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.4 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### रांची की महिला डॉक्टर से ठगी करने वाला फर्जी ईडी अधिकारी गिरफ्तार

**रांची :** साइबर क्राइम थाना रांची की पुलिस ने नोएडा पुलिस के सहयोग से एक अंतरराज्यीय साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर रांची की एक महिला डॉक्टर से 10 लाख रुपये की ठगी की थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास कुमार, निवासी सेक्टर-63, नोएडा (उत्तर प्रदेश) के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से कई बैंक खाते, मोबाइल फोन और वाट्सएप चैट जब्त किए हैं, जो इस ठगी से जुड़े हुए हैं। महिला डॉक्टर ने 22 अगस्त को साइबर थाना रांची में ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने डॉक्टर को फोन कर खुद को ईडी अधिकारी बताया और कहा कि उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है। डर और दबाव का माहौल बनाते हुए आरोपी ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर दिया और धमकाकर उनके यूनियन बैंक खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 10 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जांच के दौरान पुलिस ने डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विकास कुमार तक पहुंच बनाई और उसे नोएडा से गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा हुआ कि वह कई राज्यों में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर चुका है। इसके लिए उसने कई म्यूल अकाउंट (दूसरों के नाम पर बैंक खाते) बना रखे थे, जिनके जरिए ठगी की रकम इधर-उधर भेजी जाती थी।

## नए विध्वंसक रूप में सामने आया आतंकवाद

देश की राजधानी दिल्ली 10 नवंबर 2025 को कार बम धमाके से दहल उठी। धमाके में 13 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 30 से अधिक घायल हो गए। सुरक्षा एजेंसियां बम धमाके के सभी पहलुओ की गहराई से जांच में जुटी हैं और हर घंटे नए खुलासे हो रहे हैं। गृहमंत्री ने इस आतंकी घटना और इसके षड्यंत्र में शामिल प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचने और उनको कठोरतम दंड देने कि बात कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि इस घटना के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा, सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे मे लाया जायगा। यह ऐसी पहली आतंकी घटना है जिसकी जिम्मेदारी अभी तक किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है। इसके पीछे उनकी रणनीति यह हो सकती है कि अगर कोई भी आतंकी संगठन इस घटना की जिममेदारी ले लेगा तो फिर उनका संरक्षणदाता पाकिस्तान भारत के सीधे निशाने पर आ जाएगा। भले ही अभी तक किसी बड़े आतंकी संगठन ने इस घटना की जिम्मेदारी न ली हो लेकिन अब जितने भी लोग पकड़े गए हैं उन सभी के तार जम्मू-कश्मीर के पुलवामा से लेकर शोपियां जिले तक और फिर जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजावत-उल-हिंद से जुड़े होने की बात कही जा रही है। अभी तक कहा जा रहा है कि दिल्ली में लाल किले के पास हुआ धमाका आतंकियों ने सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार की जा रही छापेमारी, धरपकड़ और भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार पकड़े जाने के भय से किया। इसका सीधा तात्पर्य है कि आतंकी बड़े हमले को अंजाम देने कि तयारी में थे। अभी तक एक विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता था कि कट्टरपंथी अशिक्षित मुसलमनो को भड़का कर उन्हे आतंकवाद के रास्ते पर ढकेल देते हैं किंतु इस बार पकड़े जा रहे आतंकियों की पूरी जमात पढ़ी- लिखी है और अल-फलाह युनिवर्सिटी इनका केंद्र थी। दिल्ली बम धमाके में अब तक 18 किरदार सामने आए हैं जिसमें से 10 की गिरफ्तारी हो चुकी है और 8 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ हो रही है। पूछताछ में मिल रही जानकारी के आधार पर जांच एजेसियां लगातार छापेमारी कर रही हैं। ये छापेमारी लखनऊ से लेकर जम्मू-कश्मीर और गुजरात तक चल रही है। पांच गिरफ्तारियां जम्मू-कश्मीर से हुई हैं, उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से आदिल अहमद, फरीदाबाद से मुजम्मिल, शकील अहमद और शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। लखनऊ से शाहीन के भाई परवेज की गिरफ्तारी हुई है। ये सब पेशे से डॉक्टर हैं। मुस्लिम तुष्टिकरण मे संलिप्त राजनैतिक तत्व भले दिल्ली बम धमाके को सुरक्षा एजेंसियों की नाकामी बता रहे हों किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि अगर समय रहते फरीदाबाद से 3000 किलो विस्फोटक न पकड़ा गया होता और संदिग्धों को हिरसत में न लिया गया होता और अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी भयानक होती। अभी तक जांच एजेंसियां घटना को लेकर जो तार आपस में जोड़ रही है उससे इस आतंकी डॉक्टर माड्यूल के तार तुर्किए तक जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ये आतंकी पुलवामा आतंकी हमला, जिसमें जैश के आतंकियों ने एक कार को जवानों के वाहन से टकरा दिया था और 45 जवान शहीद हो गए थे, उसी तरह की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। सुरक्षा एजेंसियों ने उनकी यह साजिश नाकाम कर दी है। अगर फरीदाबाद का विस्फोटक न पकड़ा गया होता तो आज लखनऊ से लेकर अयोध्या सहित कई धार्मिक शहर बारूद के ढेर में समा सकते थे और बड़ी संख्या में लोगों की जान जा सकती थी। आज जब भारत कई कूटनीतिक और सामरिक चुनौतियों से लड़ते हुए भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब दिल्ली की आतंकी घटना संकेत देती है कि आतंकवद अभी भी हमारी आतंरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। इसमें भी बड़ा खतरा यह है कि अब आतंकी उच्च शिक्षित, डॉक्टर, इंजीनियर, शोधछात्र आदि बन कर हैं हमारे आसपास रह रहे हैं और हम इन्हें पहचान नहीं पा रहे हैं। अब आतंकी सभ्य समाज के मुखौटे में छुप गए हैं। जैश -ए मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर लगाने के मामले में सहारनपुर से जम्मू-कश्मीर निवासी आदिल अहमद की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में जम्मू -कश्मीर के निवासी मुजम्मिल व लखनऊ निवासी शाहीन का पकड़ा जाना, फिर कैराना निवासी आजाद सुलेमान शेख व लखीमपुर खीरी निवासी मुहमद सुहेल की गिरफ्तारी से पता चलता है पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर उत्तर प्रदेश को प्रमुख केंद्र के रूप में इस्तेमाल करने की दिशा में बढ़ रहे है।

### सूडोकु नवताल- 7613

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7612 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# मधुमेह को दवा से ही नहीं, संतुलित जीवन से परास्त करें

ललित गर्ग




दुनिया में बढ़ती मधुमेह की भयावहता इसलिये चिन्ताजनक है कि हर तीसरा शहरी वयस्क डायबिटीज से जूझ रहा है। यह बीमारी अनेक अन्य बीमारियों को भी बढ़ाने का बड़ा कारण है। मधुमेह के बढ़ने के कारणों में मुख्यतः खानपान में अनियमितता और शारीरिक निष्क्रियता सबसे बड़ी वजह है। विश्व मधुमेह दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिन प्रसिद्ध वैज्ञानिक फ्रेडरिक बैंटिंग के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने 1922 में इंसुलिन की खोज कर दुनिया को मधुमेह से राहत देने का मार्ग दिखाया। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1991 में इसकी शुरूआत की थी। इस वर्ष का थीम है मधुमेह और समग्र कल्याण। यह थीम इस तथ्य पर केंद्रित है कि मधुमेह का उपचार केवल दवाइयों से नहीं बल्कि संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली से संभव है। मधुमेह आज एक वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। बदलती जीवनशैली, अनियमित भोजन, तनाव, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। यह बीमारी चुपचाप शरीर को भीतर से खोखला करती है और हृदय, गुर्दे, आंखों और नसों पर गहरा असर डालती है। मधुमेह को नियंत्रित करना केवल चिकित्सा का विषय नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। इसके लिए सबसे पहले जीवन में संतुलन एवं सात्विक जीवनशैली की आवश्यकता होती है यानी संतुलित आहार, संतुलित नींद, संतुलित विचार और संतुलित आचरण। जीवन का यह संतुलन ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। जब हम अपने जीवन को एक अनुशासन में ढालते हैं, तो रोग अपने आप दूर भागते हैं। मधुमेह आज केवल रोग नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है।

मधुमेह का प्रबंधन केवल दवा और आहार तक ही सीमित नहीं है; इसमें मानसिक स्वास्थ्य सहायता, तनाव प्रबंधन, जीवनशैली शिक्षा और सामुदायिक जुड़ाव भी शामिल है। इसका लक्ष्य रोगी को मधुमेह की चुनौतियों का सामना करते हुए एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। समग्र देखभाल, शीघ्र हस्तक्षेप और सहायक वातावरण को बढ़ावा देकर, मधुमेह रोग के बजाय व्यक्ति के उपचार के महत्व पर जोर देना मधुमेह दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस मधुमेह से पीड़ित लोगों के शारीरिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का अभियान डॉक्टरों, नीति निमार्ताओं और समुदायों से आग्रह करता है कि वे केवल रक्त शर्करा के स्तर से आगे बढ़कर रोगी के संपूर्ण कल्याण पर ध्यान केंद्रित करें।

डायबिटीज जैसी घातक एवं असाध्य बीमारी को नियंत्रित करने के लिये अफवाहों से बचना जरूरी है, इसके लिये बड़ा दिल नहीं, समझदार दिल होना चाहिए। मर्यादित आहार ही, इस बीमारी को रोकने का एक सस्ता और असरदार उपाय हो सकता है। डायबिटीज (मधुमेह) की समस्या भारत समेत पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते हमें कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज पहले अमूमन अधेड़ उम्र के लोगों में होती थी, अब यह बच्चों एवं युवकों को भी शिकंजे में ले रही है। भारत में करीब 10 करोड़ लोगों को डायबिटीज है। वहीं विश्व में 44 करोड़ लोग इससे पीड़ित है। भारत में डायबिटीज की प्रचलित दर 11.5 प्रतिशत है, जबकि प्री डायबिटीज के मामलों की दर 15.3 प्रतिशत तक पहुँच गई है , यानी देश का हर 10 में से एक व्यक्ति इस बीमारी से प्रभावित है। एक अनुमान के अनुसार 85 करोड़ लोग दुनिया भर में डायबिटीज के मरीज 2050 तक हो जाएंगे।

मधुमेह से बचने और इसे नियंत्रित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है नियमित शारीरिक गतिविधि। सुबह-सुबह की सैर, हल्का व्यायाम, दौड़ना या साइकिल चलाना न केवल शरीर को सक्रिय रखता है बल्कि रक्त में ग्लूकोज के स्तर को भी संतुलित करता है। इसके साथ ही योग और ध्यान का अभ्यास मधुमेह के नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी माना गया है। योग केवल शरीर को लचीला नहीं बनाता बल्कि मन को शांत करता है और तनाव को कम करता है। प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी जैसे योग अभ्यास इंसुलिन के स्राव को संतुलित करते हैं और मन को स्थिर बनाते हैं। ध्यान से मन की अस्थिरता और चंचलता कम होती है, जिससे तनाव नियंत्रित रहता है। तनाव और अवसाद मधुमेह के छिपे हुए शत्रु हैं। जब मन तनावग्रस्त होता है तो शरीर में कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बढ़ जाते हैं, जो रक्त में शर्करा का स्तर बढ़ाते हैं। इसलिए मन को शांत और प्रसन्न रखना उतना ही आवश्यक है जितना शरीर को स्वस्थ रखना।

मधुमेह के प्रबंधन में भोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। खानपान में शुद्धता और संयम दोनों ही जरूरी हैं। आज के समय में फास्ट फूड, प्रोसेस्ड फूड, तले-भुने और मीठे खाद्य पदार्थों की भरमार ने लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ दिया है। भोजन में सादा, ताजा और पौष्टिक आहार अपनाना ही सबसे बड़ी दवा है। साबुत अनाज, दालें, हरी सब्जियां, सलाद, फल, अंकुरित अनाज और पर्याप्त मात्रा में पानी-ये सब मिलकर शरीर को ऊर्जा तो देते ही हैं, मधुमेह को भी नियंत्रित रखते हैं। अधिक तला-भुना, मिठाई, नमक, और चाय-कॉफी जैसी चीजें सीमित मात्रा में लेनी चाहिए। समय पर भोजन करना और ओवरईटिंग से बचना भी आवश्यक है। खाना न केवल पेट भरने का माध्यम है बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करता है। ह्यजैसा अन्न वैसा मनह्न-यह कहावत मधुमेह के संदर्भ में बिल्कुल सत्य है।

संतुलित जीवनशैली का अर्थ केवल आहार-विहार का नियंत्रण नहीं बल्कि सकारात्मक सोच और अनुशासित दिनचर्या भी है। जो व्यक्ति अपने दिन का एक निश्चित समय योग, ध्यान और आत्मचिंतन में लगाता है, वह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है। तनाव, क्रोध, ईर्ष्या, असंतोष जैसी भावनाएं मन में रासायनिक असंतुलन पैदा करती हैं जो धीरे-धीरे शरीर में रोगों का कारण बनती हैं। अति-विचार से बचना भी जरूरी है। मधुमेह से बचने के लिए इन मानसिक विषों को दूर रखना उतना ही आवश्यक है जितना दवा लेना। अपने मन को हल्का और हृदय को प्रसन्न रखने की कला सीखनी होगी। धार्मिक प्रवृत्तियाँ, सत्संग, संगीत, साहित्य, प्रकृति के निकट समय बिताना, परिवार के साथ हंसी-मजाक करना-ये सब जीवन को संतुलन और आनंद से भर देते हैं।

मधुमेह के रोगियों को नियमित रूप से अपने शुगर स्तर की जांच करनी चाहिए और डॉक्टर की सलाह का पालन करना चाहिए। दवा के साथ-साथ आत्म-निगरानी और जीवनशैली में निरंतर सुधार ही स्थायी स्वास्थ्य का आधार है। छोटी-छोटी बातों में सावधानी बड़ी बीमारियों से रक्षा करती है। शरीर को सक्रिय रखना, मन को शांत रखना और भोजन को संयमित रखना-ये तीन सूत्र मधुमेह नियंत्रण के त्रिदेव हैं। इस वर्ष के विश्व मधुमेह दिवस का संदेश यही है कि केवल दवा नहीं, बल्कि जीवन की दिशा बदलनी होगी। मधुमेह को नियंत्रण में रखने का सबसे कारगर उपाय है-ह्लसंतुलित जीवन ह्व जब मन, शरीर और आत्मा का समन्वय होता है तो स्वास्थ्य अपने आप खिल उठता है। इस 14 नवम्बर को हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी जीवनशैली को अनुशासित, सकारात्मक और स्वास्थ्य-केंद्रित बनाएंगे। नियमित योग और ध्यान करेंगे, भोजन में संयम रखेंगे, तनाव को दूर करेंगे और अपने शरीर को प्रेम से समझेंगे। क्योंकि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मधुमेह जैसी बीमारी हमें भयभीत करने के लिए नहीं आई, बल्कि हमें सजग, अनुशासित और संतुलित जीवन जीने का संदेश देने के लिए आई है। अगर हम यह संदेश समझ जाएं तो मधुमेह भी जीवन के संतुलन की शिक्षक बन जाती है।

# मदरसों की शिक्षा में बदलाव की सख्त जरूरत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत एक सभ्य, सहिष्णु और विविधताओं से भरा देश है, जहाँ सैकड़ों भाषाएँ, दर्जनों धर्म और असंख्य परंपराएँ एक ही भूमि पर सांस लेती हैं। यही इसकी पहचान भी है और यही इसकी ताकत भी। किंतु अफसोस, इसी सहिष्णुता को कुछ कट्टरपंथी ताकतें कमजोरी समझने लगी हैं। गुजरात एटीएस द्वारा हाल ही में अहमदाबाद से गिरफ्तार किए गए तीन आतंकियों डॉ. मोहिउद्दीन, सोहेल और आजाद सैफी के खुलासे ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है।

वस्तुतः इन तीनों ने देखा जाए तो सिर्फ देश के प्रमुख मंदिरों पर हमले की साजिश ही नहीं रची थी, ये "प्रसाद" में जहर मिलाकर हजारों निर्दोष श्रद्धालुओं की जान लेने की योजना बना रहे थे। एटीएस ने गिरफ्तार आतंकियों के पास से "रिसिन" नामक बेहद खतरनाक जैविक जहर पाया है। यह अरंडी के बीजों से तैयार किया जाने वाला ऐसा रासायनिक पदार्थ है, जिसकी सिर्फ एक मिलीग्राम मात्रा किसी इंसान की जान लेने के लिए काफी होती है। आतंकियों की योजना थी कि दिल्ली, लखनऊ और अहमदाबाद के बड़े-बड़े मंदिरों में यह जहर प्रसाद में मिलाकर भक्तों तक पहुँचाया जाए।

इसे आप आतंक की अमानवीयता के सबसे भयावह चेहरे के रूप में भी देख सकते हैं। किसी धर्मस्थल को निशाना बनाना और वहाँ आने वाले निर्दोष लोगों की हत्या की योजना बनाना, इस बात का प्रमाण है कि इस्लामिक आतंकवाद आज विचारधारात्मक जहर के रूप में सारी हदें पार चुका है और मौका पाते ही गैर मुसलमानों (हिन्दू, सिख, जैन एवं अन्य) को निगल रहा है।

गुजरात एटीएस की जाँच से यह भी सामने आया है कि ये तीनों आरोपी सीधे अफगानिस्तान में बैठे अपने हैंडलर "अबू खदीजा" से जुड़े थे। यानी, ये अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क का हिस्सा हैं। अबू खदीजा ने इन्हें ऑनलाइन ट्रेनिंग दी थी, किस तरह रिसिन तैयार किया जाए, किस तरह उसे प्रसाद में बिना शक पैदा किए मिलाया जाए और किस तरह मंदिरों में जाकर "रेकी" (जासूसी) की जाए। कहना होगा कि आतंकवाद अब डिजिटल भी हो चुका है, ऑनलाइन क्लासेस, व्हाट्सएप चैनल्स और डार्क वेब के जरिए "जिहाद" की शिक्षा दी जा रही है और सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन युवाओं की जड़ें मदरसे की शिक्षा प्रणाली में ही दिखाई दे रही हैं।

आरोपियों में से सोहेल और आजाद का नाता मुजफ्फरनगर के एक मदरसे से बताया गया है। यही वह जगह है जहाँ बचपन से काफिरों (गैर मुसलमानों) से नफरत और जिहाद के नाम पर जन्नत (स्वर्ग) जैसी मानसिकता बोई जाती है। फरीदाबाद से गिरफ्तार एक अन्य मॉड्यूल के आतंकियों, डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीना शाहिद ने कबूल किया कि उनके निशाने पर अयोध्या का राममंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर थे। यह महज संयोग नहीं कि देश के वे ही स्थल निशाने पर हैं जो हिंदू अस्मिता के प्रतीक हैं। इन हमलों का मकसद सिर्फ मौतें नहीं बल्कि समाज में भय और विभाजन फैलाना है। यह "जिहाद" अब कोई संगठन नहीं, बल्कि एक मानसिक वायरस है जो धीरे-धीरे देश की एकता को खा रहा है।

सवाल यह है कि क्या स्वाधीनता के 78 साल बाद भी हम ऐसी संस्थाओं को खुली छूट देते रहेंगे जहाँ से नफरत और हिंसा की खेती हो रही है? मदरसों की शिक्षा में सुधार की बातें दशकों से हो रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव नगण्य हैं। वहीं, आतंकवाद की जड़ें अब सिर्फ सीमापार नहीं, बल्कि हमारे अपने मोहल्लों, अपने गाँवों, अपने शहरों तक पहुँच चुकी हैं। जब तक मदरसों की पाठ्यचर्या में राष्ट्रभक्ति, संविधान और आधुनिक शिक्षा को जगह नहीं मिलेगी, तब तक ऐसे "डॉ. मोहिउद्दीन" और "सोहेल" पैदा होते रहेंगे।

एतिहासिक धरातल पर यदि विचार करें तो इस तरह की घटनाएँ कोई नई नहीं हैं। 2008 के अहमदाबाद बम धमाके हों या 2021 में घनी आबादी वाले इलाकों में पकड़े गए आईएसआईएस मॉड्यूल, लगभग हर केस में पाया गया है कि आतंकियों को मजहबी (धार्मिक) उन्माद ने ही प्रेरित किया। लेकिन दुखद यह है कि हर बार राजनीतिक वर्ग चुप रहता है। इसके इस्लामिक संगठन जो बड़ी- बड़ी बातें करते हैं, वे ऐसी घटनाओं पर चुप्पी साध लेते हैं। सभी धर्म समान हैं कहने वाले नेता तब मौन हो जाते हैं जब कोई मंदिर निशाने पर आता है। क्यों? क्योंकि हिंदू समाज से वोट के नाम पर "धैर्य" की उम्मीद की जाती है। लेकिन कब तक? यदि कहीं क्रिया की प्रतिक्रिया सामने आएगी तो फिर कहा जाएगा कि भारत में मुसलमानों पर अत्याचार और हिंसा हो रही है!

आज भारत की समस्या सिर्फ हथियारबंद आतंकियों की नहीं है, वस्तुतः उस सोच की है जो यह मानती है कि "काफिरों का खून (गैर मुसलमान हिन्दू एवं अन्य का) बहाना मजहब (धर्म) की सेवा है। इस सोच को सिर्फ पुलिस की गोलियों या जेलों से खत्म नहीं किया जा सकता; इसके लिए विचार और शिक्षा में शुद्धिकरण जरूरी है। अब कहना यही होगा कि भारत के मदरसों में जब तक बच्चों को कुरान के साथ संविधान, विज्ञान, इतिहास और मानवता की शिक्षा नहीं दी जाएगी, तब तक यह समस्या बनी रहेगी।

अब सरकार को चाहिए कि हर मदरसे का ऑडिट करवाए, देश में कोई भी अवैध मदरसा संचालित नहीं होना चाहिए, क्या पढ़ाया जा रहा है, किस फंडिंग से संचालित हैं और क्या उनके पास राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम है। यह देखना हर राज्य सरकार का कर्तव्य है। मदरसों को मजहबी संस्थान मानकर अनियंत्रित छोड़ देना, आने वाले वर्षों में यह मानकर चलिए कि भयंकर सामाजिक विस्फोट को जन्म देना है।

हर बार जब कोई आतंकी साजिश विफल होती है, हम राहत की साँस लेते हैं, चलो, इस बार बच गए लेकिन यह राहत कितनी देर की है? अगर शिक्षा, समाज और सरकार ने सामूहिक रूप से इस चुनौती का सामना नहीं किया, तो अगली बार बचने का मौका नहीं भी मिल सकता है। भारत को यह तय करना होगा कि सहिष्णुता और आत्मसमर्पण में फर्क क्या है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ यह नहीं कि देश के बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं को बार-बार कुचला जाए। अगर कोई विचारधारा यह सिखाती है कि गैर-मुस्लिम दुश्मन हैं, तो उसे "धार्मिक स्वतंत्रता" नहीं कहा जा सकता, वस्तुतः वह राष्ट्र-विरोधी अपराध है।

अब वक्त है कि भारत इस बीमारी का इलाज करे, दिल्ली कार ब्लास्ट सामने आया ही है, ऐसे में अब अति जरूरी हो गया है कि मदरसों में सुधार हो, इस्लामिक उपदेशों की निगरानी हो और सबसे जरूरी, इस्लामिक या अन्य किसी भी प्रकार की कट्टरता के खिलाफ सामाजिक आंदोलन हो। जब तक भारत का युवा यह नहीं समझेगा कि धर्म, रिलीजन, मजहब, पंथ की रक्षा हत्या से नहीं, मानवता से होती है, तब तक ऐसी घटनाएँ दोहराई जाती रहेंगी और यदि हमने अब भी आँखें मूँदी रहीं, तो सच यही है कि यूँ ही मारे जाते रहेंगे "भारतवासी"।

# आज के बदले परिदृश्य में बच्चों का बचपन खोता चला जा रहा है

विजय केसरी


आज के बदले सामाजिक परिदृश्य में बच्चों का बचपन खोता चला जा रहा है। यह बेहद चिंता की बात है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों से उनके बचपन को जाने न दें । हम सब मिलजुल कर बच्चों की भावनाओं को समझें। बच्चों के जीवन को खुशहाल बनाने में जुटें। कल इन्हीं बच्चें के कंधों पर अपने - अपने घर, परिवार, समाज, प्रांत और देश की जवाबदेही होगी। अगर आज इनका बचपन खुशहाल नहीं होगा, तब ये कैसे अपने दायित्व का निर्वहन मजबूत इच्छाशक्ति करेंगे। इनके कंधे पर कल बहुत बड़ी जवाबदेही आने वाली। अगर आज इनके कंधे बोझिल और कमजोर होंगे, तब ये कैसे अपने जीवन के झंझावातों से मुकाबला करेंगे? इसलिए बच्चों का बचपन हर हाल में खुशहाल होना बहुत जरूरी है। बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत होना बहुत जरूरी है। दुनिया भर में हो रहे वैज्ञानिक आविष्कारों ने समाज को एक नई सूरत प्रदान किया है। पाश्चात्य संस्कृति वैश्विक बन चुकी है। पूरी दुनिया कंप्यूटर के एक छोटे से कैबिनेट में समा चुकी है। पलक झपकते ही विश्व की कोई भी खबर इस कोने से दूसरे कोने तक पहुंच सकती है। बच्चों का लालन-पालन विश्व के किस देश में किस रूप में हो रहा है ? कंप्यूटर के स्क्रीन पर देखा जाना जा सकता है। भारत आदिकाल से गुरु - शिष्य परंपरा का देश रहा है। चाहे बच्चें राजा के हों, चाहे आम आदमी के बच्चें हों, सबों की शिक्षा गुरुकुल में हुआ करती थी। बच्चें योग्य गुरु के मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त किया करते थे। राजा के पुत्र और प्रजा के पुत्र, दोनों को एक प्रकार की शिक्षा मिला करती थी। गुरुकुल से प्रशिक्षित होने के बाद बच्चें गुरु दक्षिणा और एक नए संकल्प के साथ गुरुकुल से बाहर निकलते थे। फलतः वे सभी अपने अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया करते थे। हमारी इस सांस्कृतिक विरासत ने कई महापुरुषों को जन्म दिया। ये महापुरुष कालजई बन चुके हैं। इन महापुरुषों के विचार चांद और सूरज की तरह सभी को रौशन करते रहेंगे।

आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन है। उन्हें बच्चों से बेहद प्रेम था। वे बच्चों को बहुत प्रेम किया करते थे। इसलिए उन्हें चाचा नेहरू के नाम से भी जाना जाता है। बच्चें उनके जन्मदिन पर उन्हें चाचा नेहरू कह कर हाथों में पुष्प कुछ प्रदान किया करते थे। विश्व के कई देशों में बाल दिवस मनाया जाता है। भारतवर्ष में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर ही बाल दिवस मनाया जाता है। जवाहरलाल नेहरू स्वाधीनता आंदोलन के अग्रणी नेता के रूप में जाने जाते हैं। महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। वे स्वाधीनता आंदोलन के एक मजबूत सिपाही थे। उन्होंने अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। गांधीजी के आह्वान पर उन्होंने देशव्यापी आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। वे एक अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे। स्वाधीनता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के कारण उन्हें कई बार जेल में बंद होना पड़ा था। पंडित जवाहरलाल नेहरू सहज, सरल मृदुभाषी व्यक्ति थे। उनका लालन-पालन बहुत ही अच्छे ढंग से हुआ था। उनके पिता पंडित मोतीलाल नेहरू स्वाधीनता आंदोलन के अग्रिम योद्धा थे। वे देश के जाने माने बैरिस्टर थे। इसके बावजूद उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने में महती भूमिका अदा की थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल काल से ही बच्चों से प्रेम किया करते थे। उनकी यह आदत उनके स्वभाव का एक हिस्सा बन गया था। वे जब भी बच्चों को देखते थे, गले लगा लिया करते थे। उनका बच्चों से यह लगाव बढ़ता ही चला गया था। बच्चों से उनका यह लगाव जीवन पर्यंत बना रहा था। चाचा नेहरू के नाम से विख्यात पंडित जवाहरलाल नेहरू का जीवन बहुत ही संघर्ष में बीता था। उन्होंने अपने जीवन संघर्ष को भी रचनात्मक बना दिया था। स्वाधीनता आंदोलन संग्राम के दौरान जब पंडित जवाहरलाल नेहरू जेल में बंद थे, तब उन्होंने एक बहुत ही महत्वपूर्ण किताब की रचना की थी। इस पुस्तक का नाम 'भारत एक खोज' है। यह पुस्तक एक कालजई पुस्तक के रूप में तब्दील हो चुकी है। इस पुस्तक का अनुवाद विश्व के कई भाषाओं में हो चुका है।

पंडित जवाहरलाल नेहरू का कथन है, 'बच्चों को पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो खेल का। जो भी क्षेत्र हो, बच्चों को उस क्षेत्र में जाने की पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए'। मैं समझता हूं कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के इस वक्तव्य से कोई भी अलग नहीं होंगे। पंडित नेहरू ने यह बात बहुत पहले कही थी। अब विचारणीय यह है कि हम सब अपने बच्चों को कितनी स्वतंत्रता दे रहे हैं? बच्चों को पढ़ाई के विषय चुनने की कितनी स्वतंत्रता प्रदान कर रहे हैं? बच्चे किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? बच्चे क्या करना चाहते हैं? बच्चे अपने जीवन में क्या बनना चाहते हैं? आदि उठते प्रश्नों पर कभी हम सबों ने विचार किया है? हम सब अपनी सोच को बच्चों बच्चों में पूरा करना चाहते हैं। हम सब अपने अपने जीवन में जहां असफल हुएं, जिस पद को प्राप्त नहीं कर पाएं। बच्चों के माध्यम से उसे पूरा करना चाहते हैं। अब सवाल यह उठता है कि ऐसा करना कहां तक उचित है? लगभग सभी माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर और उच्च अधिकारी बनाना चाहते हैं। यह तो ठीक है। क्या कभी हमने अपने अपने बच्चों के भावों को पढ़ने का प्रयास किया है? हमारे बच्चें किस फील्ड में जाना चाहते हैं? हमारे बच्चें डॉक्टर बनना चाहते हैं या नहीं? हमारे बच्चे वकील बनना चाहते हैं कि नहीं? हमारे बच्चे इंजीनियर बनना चाहते हैं कि नहीं? इन प्रश्नों पर विचार करने की जरूरत है।

## दैनिक पंचांग

**14 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.27 ब.से |
| चंद्र | सिंह में | धनु | 08.43 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.49 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.35 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.08 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.38 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.18 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.17 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.30 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | सिंह | 23.46 बजे से |
| | | कन्या | 01.58 बजे से |
| | | तुला | 04.09 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 318 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 00.50 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 21.21 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 06.27 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.08 बजे तदनन्तर विष्टि 00.50 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 14' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872528 **जूलियन दिन** 2460993.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 22 **विशेष** नेहरू जयंती, बाल दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# आदिवासी समाज देश की मुख्यधारा है, उसे जोड़ने की नहीं, समझने की जरूरत : आशा लकड़ा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** आदिवासी समाज को मुख्यधारा में लाने की आवश्यकता नहीं है। आदिवासी समाज देश की मुख्यधारा है। देश की आजादी की बात हो, समाज निर्माण या जागरण का विषय हो। हर समय आदिवासी समाज ने देश को दिशा दिया है। उक्त बातें जनजातीय आयोग की सदस्य सुश्री आशा लकड़ा ने कहीं। वह आज विश्व संवाद केंद्र और प्रभात प्रकाशन के सौजन्य से आयोजित परिचर्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रही थी। कार्यक्रम का विषय था- जनजातीय गौरव दिवस था जो भगवान बिरसा के 150 वीं जयंती पर आयोजित किया गया था। सुश्री आशा लकड़ा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज और देश के जागरण के लिए अविस्मरणीय कार्य किया। यही कारण है कि आज भारत के साथ विदेश में भी भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण किया जा रहा है। आज जो आदिवासी समाज पर संकट आया है। उनकी पहचान और संस्कृति पर जो आक्रमण हो रहा है। इससे निपटने के लिए हमें सदैव उलगुलान के लिए तैयार होना होगा। इस अवसर पर विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष रामावतार नारसरिया ने कहा कि इतिहास में जनजातीय आंदोलन को बहुत कमतर आका गया है। जनजातीय आंदोलन ने अंग्रेजों के खिलाफ जो आंदोलन चलाया, वह भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों ने नीहित स्वार्थ के कारण ही जनजातीय आंदोलन को बांटने का कार्य किया। इस अवसर पर चिंतक और लेखक डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने 24 साल के उम्र में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ सफल आंदोलन किया। इसके साथ ही उन्होंने धार्मिक एवं सामाजिक आदोलन के माध्यम से भारत को जगाने का कार्य किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रभात प्रकाशन के झारखंड हेड राजेश्ज्ञ कुमार, धन्यवाद ज्ञापन स्निग्ध रंजन ने किया। इस अवसर पर पूर्व वीसी डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव, सरला बिरला के रजिस्टार विजय कुमार सिंह, राजेंद्र मिश्र, संजय जैन, सुषमा कुमारी, पिंकी खोया, देवेश अजमानी, अवनिंद्र कुमार, असीत कुमार आदि समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं ने सिखे आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



सिल्ली : सिल्ली एस एच प्रसाद बाल विकास विद्यालय लोटा में अध्यनरत छात्र -छात्राओं को व्यायाम के माध्यम से कराटे डो के उंची, जुकी, त्सुकी, उके, हीजी, गेरी इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक कार्तिक चन्द्र महतो ने बताया कि कराटे एक ऐसी कला है की जिसके माध्यम से शारीरिक सुरक्षा के साथ - साथ आत्मरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।

### भाजपा सिमडेगा ने श्रीराम पूरी को किया सम्मानित



**सिमडेगा :** डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम पुरी को झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के मैनेजर बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें सम्मानित किया, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने शॉल ओढ़ाकर एवं मुंह मीठा करा कर उन्हें बधाई दी। मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि सिमडेगा जिला को स्टेट में प्रतिनिधि देना सिमडेगा के लिए गौरव की बात है।

### उपायुक्त सिमडेगा द्वारा गठित समिति की एक आवश्यक बैठक हुई संपन्न

**सिमडेगा:** गोस्सनर इंटर कॉलेज सिमडेगा से संबंधित प्राप्त परिवाद की जांच हेतु उपायुक्त सिमडेगा द्वारा गठित समिति की एक आवश्यक बैठक अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र के कार्यालय कक्ष में संध्या 4:30 बजे संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद बिरसा मुंडा जयंती पर अनगड़ा में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**अनगड़ा :** अनगड़ा के बीसा बेंती महादेव टांड में शहीद बिरसा मुंडा जयंती के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अनगड़ा मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि आशीष मुण्डा जी तथा विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि अजय करमाली जी ने किया । मुख्य अतिथि आशीष मुण्डा जी ने सभी खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया, उनकी खेल भावना की सराहना की तथा बॉल को जोरदार किक मारकर प्रतियोगिता का विधिवत एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशीष मुण्डा जी ने कहा – "आज का युग खेलों का युग है और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल ने एक क्रांतिकारी लोकप्रियता हासिल की है। यह खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के लिए अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक सुदृढ़ता का सशक्त माध्यम है। खेल के द्वारा युवा न केवल अपने भविष्य को संवार सकते हैं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य में व्यापक और सकारात्मक बदलाव लाकर समाज के लिए प्रेरणा स्रोत भी बन सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शहीद बिरसा मुंडा जी की जयंती पर इस प्रकार के खेल आयोजन उनकी वीरता, संघर्ष और आदिवासी गौरव की स्मृति को जीवंत रखने का एक श्रेष्ठ प्रयास है।

### झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा को जन्मदिन पर शुभकामनाएं, अमृत चिराग तिर्की ने दी बधाई



**सिमडेगा :** झारखंड सरकार के माननीय मंत्री, पूर्व आदिवासी छात्र संघ के नेता एवं बिशुनपुर विधानसभा के विधायक चमरा लिंडा जी के जन्मदिन पर पूरे राज्यभर से शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ है। भारत आदिवासी पार्टी, सिमडेगा जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि चमरा लिंडा आदिवासी समाज के एक सशक्त नेतृत्वकर्ता हैं, जिन्होंने सदैव समाज के हक, अधिकार और पहचान की आवाज बुलंद की है। उनका जीवन आदिवासी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष तिर्की ने आगे कहा कि मंत्री श्री लिंडा का संघर्ष और समर्पण झारखंड के आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सदैव मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने उनके दीघार्यु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।

# संत माईकल 10+2 स्कूल मूरी में नशीली पदार्थो के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मुरी 13 नवंबर को संत माईकल 10+2 स्कूल मूरी में नशीली पदार्थो के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें कक्षा नौंवी से बारहवीं तक के छात्र छात्राओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस जागरूकता अभियान में बच्चों ने विभिन्न तरह के नशा से जुड़े समस्याओं को पोस्टर के माध्यम से दशार्या। इस जागरूकता अभियान में कक्षा ग्यारहवीं के विद्याथीर्यों ने नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि आए दिन कम उम्र के बच्चे कैसे नशा से जुड़ रहे है एवं यह भी संदेश दिया कि नशे के वजह से कैसे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है साथ ही उनके शिक्षा पे भी प्रभाव डाल रहा है। इस अभियान में विद्याथीर्यों ने विभिन्न प्रकार के नशीली पदार्थो जैसे सिगरेट, तंबाकू, ड्रग्स, इत्यादि से होने वाले नुकसान के बारे में विद्यालय के विद्यार्थीओ को अवगत कराया साथ ही यह संदेश भी दिया कि वे इन सब चीजों से दूर रहे। इस अभियान में विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने सभी विद्यार्थीओ को उनकी नशा के खिलाफ चलाए गए जागरूकता अभियान की काफी सराहना कि। विद्यालय के प्रधानाचार्य सिO एलO प्रजापति ने इस अभियान के तहत विद्यालय के विद्यार्थीओ को नशे से दूर रहने की नसीहत दि साथ ही नशे से जुड़े नुकसान के बारे में भी अपने विचार साझा किए। इस अभियान में विद्यार्थीओ के साथ - साथ विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# सीसीएल में फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हासिल किया प्रथम स्थान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सीसीएल दरभंगा हाउस, रांची द्वारा आयोजित पेंटिंग एवं समूह प्रतियोगिताओं, स्ट्रीट पेंटिंग, रंगोली, फेस पेंटिंग, पॉट डेकोरेशन तथा लाइफ पेंटिंग – में भाग लेते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के फाइन आर्ट्स - विजुअल आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों, मिथुन बेदिया एवं मुस्कान कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन, माननीय राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, फाइन आर्ट्स विभाग की डीन विभाग डॉ. नीलिमा पाठक, डीन डॉ. राधा माधव झा, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. स्वातिलेखा महतो, अंजना कुमारी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर सुजीत सेनगुप्ता एवं मुस्कान सिंह तथा समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने विवि के विद्यार्थियों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी है।

# स्वच्छ भारत अभियान विकसित भारत निर्माण की है बुनियादी ढांचा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मी बाई, वीर बुधु भगत एवं डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के स्मारक स्थलों पर स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह अभियान भाजपा के सामाजिक उत्थान और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश रविकांत, नीरज बड़ाईक, लक्ष्मण बड़ाईक, गजानंद बेसरा, सत्यनारायण, रवि वर्मा और अनूप प्रसाद सहित महावीर बड़ाईक ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्वच्छता अभियान के माध्यम से न सिर्फ इन महान स्वतंत्रता सेनानियों और समाज सुधारकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया, बल्कि जनजागरण भी किया गया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य और विकास की नींव है। भाजपा के इस पहल से स्थानीय जनता में देशभक्ति एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना और अधिक प्रबल हुई है। भाजपा सतत प्रयासरत है कि देश की महान विभूतियों को याद कर उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया जाए और स्वच्छता जैसे राष्ट्रीय मिशन को आगे बढ़ाया जाए।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रेल मंत्री से जलियांवाला बाग एक्सप्रेस के संचालन पुनः शुरू करने की मांग की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ट्रेन संख्या 18103/18104 - जलियांवाला बाग एक्सप्रेस के संचालन को पुनः प्रारंभ करने का अनुरोध किया है। यह ट्रेन टाटानगर से अमृतसर के बीच चलती है और झारखण्ड तथा पंजाब के बीच एक महत्वपूर्ण यात्री सेवा के रूप में जानी जाती है। अपने पत्र में श्री दास ने बताया कि नवंबर 2025 से फरवरी 2026 तक इस ट्रेन के अस्थायी रूप से बंद रहने से यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। इस अवधि में विवाह और तीर्थयात्रा का मौसम होता है और उत्तर भारत की ओर यात्रा की मांग में अत्यधिक वृद्धि होती है। उन्होंने उल्लेख किया कि यह ट्रेन जमशेदपुर, चक्रधरपुर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से सिख समाज के लिए, जो बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में निवास करते हैं। श्री दास ने अपने पत्र में कहा कि ट्रेन सेवा के निलंबन से श्रद्धालुओं और आम यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रेल मंत्रालय इस अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा और शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कर ट्रेन सेवा को पुनः आरंभ करेगा, जिससे झारखण्ड और पंजाब के बीच यात्रियों की सुविधा निरंतर बनी रहे।

### झारखंड स्थापना दिवस और बाल दिवस के अवसर पर काफी पेन डायरी की वितरण

**अनगड़ा :** झारखंड स्थापना दिवस और बाल दिवस के अवसर पर हेसल मिडिल स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजि कि गई जिसमें वैसे बच्चो को सम्मानित किया गया जो स्कूल में सत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज किया था उसको झारखंड रत्न सह समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी प्रदेश अध्याच रंजन यादव समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रशाद यादव सेवानिवृत जज बृजेश बहादुर नामधारी सिंह झारखंड महिला सभा प्रमुख आरती देवी के बीच राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में बच्चो के पढ़ाई से संबंधित किट का वितरण किया गया`आगे कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने से बच्चो का मनोबल मनोबल बढ़ता है।

# राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** गुरुवार कोको राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इतिहास , मनोविज्ञान , हिंदी , वाणिज्य एवं प्रबंधन, वनस्पति विज्ञान, गणित और बायोटेक्नोलॉजी विभाग में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025' का आयोजन के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद-विवाद , रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग से सदफ नूर, समन कश्फी , श्वेता कुमारी और आकृति सहाय, इतिहास एवं मनोविज्ञान विभाग से सुनीता कुमारी और शुभम कुमार, वनस्पति विज्ञान विभाग से साक्षी, साधना ,मनु कुमार, हिंदी विभाग से राधा, अंजली और नेहा , गणित विभाग से काजल कुमारी ,सचिन कुमार, सुधीर महतो, खुशी कुमारी एवं उमेश कुमार, बायोटेक्नोलॉजी विभाग से शिवांगी ,अमित और आमिर विजेता रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति संपूर्ण राष्ट्र का भविष्य है और ऐसे आयोजन उनके चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में नैतिकता , ईमानदारी और जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा कि नैतिकता और पारदर्शिता किसी भी राष्ट्र की नींव है। कुलसचिव प्रो ( डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि युवा पीढी यदि भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहे तो भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का सपना साकार हो सकता है। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ,व्याख्यातगण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एक संकल्प लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के हर क्षेत्र में सतर्कता और ईमानदारी को अपनाएगा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
(E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

पत्रांक ................../ लोहरदगा, दिनांक........................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 696 लोहरदगा, दिनांक 30.10.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/ LOHARDAGA/F2-01/2025-26 Date 14.07.2025 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 364959 Lohardaga(25-26):D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार पढ़ा जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 7. | Date of Opening e-Tender | Date – 20.11.2025 Time - at 02:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 365991 (Lohardaga)25-26*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।**
रामगढ़ थाना के सामने, थाना चौक/गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

" सूचना "

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत एस०बी०डी० आधारित अल्पकालीनई–निविदा आमंत्रण सूचना का प्रसंग संख्या–RCD/RAMGARH/ 1065/2025-26 दिनांक–29.10.2025 का P.R. No.- 365007 Road (25-26)*D द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरणी | पूर्व में आमंत्रित तिथि | संोधन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 14.11.2025 10:30बजे पूर्वाह्न | 20.11.2025 10:30बजे पूर्वाह्न |
| 2. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.11.2025 12:00 बजे दिन तक | 26.11.2025 12:00 बजे दिन तक |

शेष यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR 365904 Road(25-26)D

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय - जिला पशुपालन पदाधिकारी सिमडेगा**
E-mail ID – dahosimd@gmail.com

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत राज्य के छोटे एवं सीमांत किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता तथा कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से Castrrated नर बाछाओं का जोड़ा बैल के रूप में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में वितरण करने की योजना है, जिससे कि किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग हो सके तथा अधिक मुनाफा हो सके। जोड़ा बैल वितरण योजना के संचालन हेतु सिमडेगा जिला के अंतर्गत कुल 19 (उन्नीस) भौतिक लक्ष्य प्राप्त है, जिसका ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखंडों के प्रखंड स्तरीय समिति के माध्यम से अनुशंसा के साथ जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा के नाम से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जोड़ा बैल वितरण योजना | 40000/– | 90 प्रतिशत अधिकतम 36000/– | बी०पी०एल० श्रेणी के सभी लाभुकों (अनुसूचित जनजाति/आदिम जनजाति एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर) |

उपरोक्त योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्त्ता एवं शर्ते :–

1. लाभुक झारखंड का किसान (स्थानीय निवासी) हो।
2. योजना का लाभ बी०पी०एल० कोटि की श्रेणी के सभी महिला, पुरूष (अनुसूचित जनजाति/आदिम जनजाति) एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति की अनुशंसा के उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रूप से चयन किया जाएगा।
4. चयनित लाभुकों का चयन संबंधित ग्रामसभा द्वारा किया जाएगा, चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है :–
   क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुक को आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा।
   ख) चयन प्रक्रिया में लाभुक के पास खेती योग्य भूमि हो।
   ग) विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS) अंतर्गत परिभाषित द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
5. योजना के अंतर्गत योजना 90 प्रतिशत पर संचालित होगी। लाभुक को 10 प्रतिशत राशि अपने स्तर से देना होगा।
6. पशुपालन योजना के अंतर्गत चयनित लाभुकों को Escrow Account/Dedicated Bank Account अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा करने के उपरांत ही अनुदान राशि लाभुक के बैंक खाता में DBT के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा।
7. सभी इच्छुक पशुपालक एवं किसान से अनुरोध है कि उपरोक्त योजनाओं के लाभ हेतु प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी से आवेदन फार्म प्राप्त कर अपना आवेदन आवश्यक कागजात के साथ दिनांक 20.11.2025 तक संबंधित प्रखंड के प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा करेंगे।

निवेदक
डॉ० किंकर कुमार महतो
जिला पशुपालन पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 365954 Simdega (25-26)_D

# खनन प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर
# उपायुक्त ने कोल कंपनियों के साथ की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कोल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खनन प्रभावित गांवों के समग्र विकास, स्थानीय रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त मनीष कुमार ने कोल कंपनियों को निर्देश दिया कि खनन से प्रभावित गांवों में कौशल विकास केन्द्र स्थापित किए जाएं, ताकि स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हों। साथ ही, मल्टी प्रोसेसिंग सेंटर खोलने की दिशा में ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रभावित गांवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, सड़कों पर प्रतिदिन पानी का छिड़काव, खराब सड़कों की शीघ्र मरम्मत, एवं स्पीड ब्रेकरों पर सफेद रंग से चिन्हांकन करने का निर्देश दिया गया, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आर एंड आर पॉलिसी का सख्ती से अनुपालन किया जाए और प्रभावित परिवारों को उनके अधिकारों एवं लाभों से समय पर लाभान्वित किया जाए। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु उपायुक्त ने निर्देश दिया कि खाली पड़े भवनों को अस्पताल के रूप में चिन्हित कर सभी आवश्यक सुविधाएं यथाशीघ्र दुरुस्त की जाएं। साथ ही, गांवों में क्लस्टर जोन बनाकर ममता वाहन एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं बाजार व अस्पताल आने-जाने हेतु टोटो वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का नियमित आयोजन, एवं युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित फुटबॉल मैच आयोजित किए जाएं। उपायुक्त ने कहा कि कोल कंपनियां केवल औद्योगिक उत्पादन तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रभावित क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में भागीदार बनें। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी अमड़ापाड़ा एवं सभी कोल कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## एक नजर

### खेलो चेस अकादमी का आयुष कुमार को मिला तीसरा स्थान



**चाईबासा:** चाईबासा में रुंगटा सीमेंट चाईबासा द्वारा आयोजित ऑल इंडिया ओपन चेस टूर्नामेंट 5 नवंबर को संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया और टूर्नामेंट को सफल बनाया। इस टूर्नामेंट में सेन इंटरनेशनल स्कूल के दसवीं कक्षा की छात्र आयुष कुमार ने नौ राउंड में 5.5 अंक लेकर अनरेटेड वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया और इस प्रदर्शन के फल स्वरुप आयुष को जल्द ही रेटिंग प्राप्त हो जाएगी साथ ही 16 दिसंबर से जमशेदपुर में अंडर-19 नेशनल चेस टूर्नामेंट में भी वह भाग लेगा जिसमें उसके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। खेलो चेस अकैडमी की कोक सुषमा सिंह और विक्रम कुमार से आयुष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

### शिक्षा विभाग ने मनाई स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती



**ईचागढ़ :** झारखंड स्थापना दिवस के 25वें वर्ष पर गुरुवार को बीआरसी ईचागढ़ परिसर देशभक्ति, सांस्कृतिक गौरव और झारखंडी अस्मिता के रंगों से नहा उठा। शिक्षा विभाग, ईचागढ़ द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में पूरे प्रखंड के विद्यालयों ने एक स्वर में झारखंड की आत्मा को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर आयोजित विविध कार्यक्रमों – भाषण, गीत, नृत्य, रंगोली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने झारखंड की परंपरा और शौर्य को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन से हुआ। निर्णायक मंडल में हेमंत कुमार महतो, अर्जुन मुंडा, सोनी रोज गुड़िया, जगदम्बा ओरांव, सुकुमार महतो, फुलतुली महतो, गुरुचरण सिंह सरदार, मधुसूदन प्रमाणिक और जयनंदन सिंह मुंडा शामिल थे। जजों ने कहा हर प्रतिभागी में झारखंड की मिट्टी की सोंधी खुशबू और नई पीढ़ी की चमक झलक रही थी। विजेता चुनना वास्तव में कठिन था।

### जनजातीय गौरव पखवाड़ा में चांडिल प्लस टू विद्यालय में छात्रों ने परोसे पारंपरिक व्यंजन



**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में बृहस्पतिवार को जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत से प्लस+ टू उच्च विद्यालय चांडिल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं के द्वारा सामुदायिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें परंपरागत व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। आदिवासी जनजातियों की पाक कला, खानपान उसकी विविधता, स्वाद और बनाने के तरीकों के बारे में विद्यालय में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को जानकारियां दी गई। व्यंजनों में चावल के गुंडी और मांस से बना मांस पीठा, पारंपरिक अरवा चावल से बना गुड पीठ और साल के पत्तों से लिपटा कर आग में पकाकर जिलू पीठा, लेटो, मांस खिचड़ी, खापरा पीठा, छिलका पीठा आदि का स्टॉल लगाया गया। शिक्षकों के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं ने जनजातीय व्यंजनों का आनंद उठाया।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में संत जेवियर स्कूल बी ने 115 रन से जीता मैच



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत गुरुवार को संत जेवियर स्कूल बी बनाम राजमहल स्पॉटिंग क्लब के बीच मैच खेला गया। टॉस जीत कर संत जेवियर स्कूल बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 251 रन बना कर ऑल आउट हो गई। मो जुनैद परवेज ने 106, आर्यन गुप्ता ने 39, शुभम ने 20 व आदित्य ने 20 रन की पारी खेली। राजमहल स्पॉटिंग क्लब के गेंदबाज स्वयं साहा ने 5 व आसिफ अली ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए राजमहल स्पॉटिंग क्लब 30 ओवर में 136 रन बना कर ऑल आउट हो गई। देवराज ने 13, स्वयं साहा ने 55, जीत कुमार ने 16 रन की पारी खेली। संत जेवियर स्कूल बी के गेंदबाज अमित राज व अभिज्ञान ओझा ने 2-2, जुनैद, अनुराग, शुभम व पीयूष ने 1-1 विकेट लिया। संत जेवियर स्कूल बी ने 115 रन से जीत दर्ज की। संत जेवियर स्कूल बी के खिलाड़ी मो जुनैद परवेज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश साह ने जुनैद को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।

## सिविल सर्जन साहिबगंज द्वारा कुलीपाड़ा में वीएचएनडी सत्र का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : सिविल सर्जन, साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान द्वारा आज कुलीपाड़ा उपकेंद्र अंतर्गत आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एएनएम आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा पोषण संबंधी गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रभावी माध्यम है। इसलिए सभी सत्रों का संचालन योजनाबद्ध, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना आवश्यक है। सत्र के दौरान रूटीन इम्यूनाइजेशन के अंतर्गत टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संचालित पाया गया। एएनएम द्वारा आवश्यक सावधानियों का पालन करते हुए टीकाकरण किया जा रहा था।आशा एवं आंगनवाड़ी सेविका द्वारा लाभार्थियों को समय पर सत्र स्थल पर लाने एवं उन्हें आवश्यक परामर्श देने का कार्य किया गया। माताओं को स्तनपान, पूरक आहार, परिवार नियोजन, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जानकारी दी गई। सिविल सर्जन ने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया कि यू-विन पोर्टल पर सभी टीकाकृत लाभार्थियों की प्रविष्टि समय पर सुनिश्चित करें। छूटे एवं बाहर रह गए बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण से जोड़ें। प्रत्येक सत्र में लाभार्थियों के बैठने, परामर्श एवं सुविधा की व्यवस्था सुदृढ़ करें। प्रखंड स्तर पर बीपीएम एवं बीडीएम नियमित रूप से सत्रों की समीक्षा करें। बाद में सिविल सर्जन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मेडिकल ऑफिसर इन-चार्ज, ब्लॉक डेटा मैनेजर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर एवं रूटीन इम्यूनाइजेशन कार्यरत एएनएम से संवाद किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुफस्सिल थाना कांड संख्या 115/25, दिनांक 11 नवंबर 2025, धारा-191(2)/ 191(3)/ 190/ 126(2)/ 115(2)/ 117(2)/ 118(2)/ 109(1)/ 132/ 121(1)/ 121(2)/ 221/ 303(2)/ 351(3)/352, बीएनएस 2023 के प्राथमिकी अभियुक्त प्रदुमन यादव, 23 वर्ष, पिता- शिवजी यादव, साकिन श्रीराम चौकी, महादेवगंज, थाना- जिरवाबाड़ी, जिला साहेबगंज को आज 13 नवंबर को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### सड़क सुरक्षा के तहत वाहन जांच एवं जागरूकता अभियान बरहरवा में आयोजित



**साहिबगंज:** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने एवं यातायात नियमों के अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज बरहरवा थाना क्षेत्र के हाई स्कूल मोड़ के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। विशेष रूप से बिना हेलमेट, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन एवं बीमा के वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए कुल 28 वाहनों से 56,500/- का जुर्माना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए तथा ओवर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, एवं मोबाइल का उपयोग करते हुए ड्राइविंग जैसी खतरनाक प्रवृत्तियों से बचने की अपील की गई। साथ ही सभी चालकों से यह अपेक्षा की गई कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। अभियान में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, आरईए अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, तथा बरहरवा थाना प्रभारी सुमित सिंह अपने पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। यह जांच अभियान सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना जगाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ।

### राजमहल में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य की रजत जयंती समारोह श्रृंखला के अंतर्गत आज राजमहल में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान सूर्य देव मंदिर से सिंघी दलान तक संचालित हुआ, जिसका नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल सदानंद महतो, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ तथा नगर पंचायत राजमहल के कार्यपालक पदाधिकारी (ई.ओ.) ने संयुक्त रूप से किया। अभियान में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्काउट्स, जल सहिया, सखी मंडल की दीदियाँ, नगर पंचायत के कर्मचारीगण तथा स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में झाड़ू लेकर पूरे मार्ग में सफाई अभियान चलाया और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने स्काउट्स से अपने विद्यालयों में स्वच्छता का संदेश फैलाने का आग्रह किया। उन्होंने जल सहियाओं से अपने समुदायों में स्वच्छता और स्वच्छ जल के महत्व को प्रचारित करने का आह्वान किया तथा सखी मंडल की दीदियों से अपने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से स्वच्छता के संदेश को गाँव-गाँव पहुँचाने का आग्रह किया। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य जन-सहभागिता के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखना, स्वच्छ एवं सुंदर राजमहल का निर्माण करना तथा झ्स्वच्छ झारखंड झ सुंदर झारखंडझ के संकल्प को साकार करना था। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया।

### बनकुचिया पंचायत में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के बनकुचिया पंचायत के बनकुचिया गांव में नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग एवं पंचायत के मुखिया गुरुचरण हेंब्रम ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रखंड के पीएचसी की सीएचओ सुचीता महतो, एएनएम सुनीता रानी मिश्रा, उत्तम, काजल गिरी, रविंद्र दास, प्रेम किशोर, सचिन, निर्मल, पंकज कुमार, सहिया साथी कल्पना, सहिया कल्याणी महतो, वर्षा रानी महतो, सपना महतो, सेविका नमुनी महतो, सत्यभामा महतो, जल सहिया फूलमनी महतो, बुधनाथ महतो सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।बीडीओ शशि डुंगडुंग ने कार्यक्रम के दौरान स्वयं अपनी जांच करवा कर ग्रामीणों को नाइट ब्लड सर्वे के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नाइट ब्लड सर्वे के माध्यम से फाइलेरिया रोग के प्रभाव की जांच की जाती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी लोग इस सर्वे में सक्रिय रूप से भाग लें ताकि फाइलेरिया जैसी बीमारी से मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके।

# जलछाजन योजना अंतर्गत बरहेट प्रखंड में रजत जयंती समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज बरहेट प्रखंड के झिमोली गाँव में जलछाजन योजना अंतर्गत रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जलछाजन रैली-सह-कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जलछाजन समितियों के सदस्य शामिल हुए। समारोह में झारखण्ड राज्य के गौरवशाली इतिहास एवं जलसंरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर जलछाजन गीत प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थित जनसमूह को जलछाजन शपथ दिलाई गई, ताकि सभी लोग जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहें। कार्यक्रम के दौरान सिमड़ा पंचायत के झिमोली गाँव स्थित अमृत सरोवर के मेढ़ में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची से आए पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला उद्यान पदाधिकारी, साहेबगंज के संयुक्त तत्वावधान में कुल 30 आम के पौधे लगाए गए। साथ ही जलछाजन रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची से आए पवन कुमार ने जलछाजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने अमृत सरोवर एवं तालाबों के नियमित रखरखाव की आवश्यकता पर बल दिया तथा जलाशयों के चारों ओर खेती करने की सलाह दी। जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने किसानों को फलदार वृक्षों एवं सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीति आयोग के फेलो मनीष कुमार, जिला तकनीकी विशेषज्ञ जलछाजन मो. महफूज आलम, बरहेट प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, उप प्रमुख, अनुजलछाजन समितियों के अध्यक्ष व सचिव, तथा जलछाजन प्रकोष्ठ के मो. आरिफ एवं मो. मेराज सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि जलछाजन योजना के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण के लक्ष्य को साकार किया जाएगा।




### देवघर फुटबॉल टीम ने मैच अपने नाम किया



**डोमचांच/ कोडरमा :** झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन और कोडरमा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट का मैच गुरुवार को डोमचांच के सीएम हाई स्कूल के खेल मैदान में देवघर बनाम कोडरमा के बीच खेला गया। इस 45 45 मिनट के संघर्षपूर्ण मुकाबले में मैच अवधि तक तक दोनों टीमें 2-2 गोल बराबरी पर रही अंत में फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिया हुआ जहां देवघर की टीम 4-3 से विजई होकर टूर्नामेंट के अगले चक्र में प्रवेश किया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष असद खान, सचिव नवनीत ओझा (बंटी), मोहम्मद हुसैन अली, तौफीक हुसैन, भारत बक्सी, सुरेंद्र यादव, रोहित कुमार रघु, राहुल यादव, सोनू कुमार, प्रदीप, कमलेश,राजू यादव, नागो राणा, बालगोविंद, शुभम कुमार, प्रिंस, परवेज खान, सदरूल हक, विनायक आदि मौजूद थे।

# डीसी की अध्यक्षता में उत्पाद विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में उत्पाद विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने सर्वप्रथम प्राप्त लक्ष्यों की समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों के मानदेय भुगतान के संबंध में संबंधित संवेदक से शीघ्र पत्राचार सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि जिले में अवैध उत्पाद निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त 25 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है, जिनमें से 16 आरोपी फरार हैं, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने अवैध उत्पाद निर्माण एवं विक्रय पर पूर्ण रोक लगाने हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाने के निर्देश दिए और कहा कि कानून व्यवस्था एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। मौके पर जिला उत्पाद पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, उत्पाद इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार राणा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास एवं जोड़ा बैल वितरण योजना के लाभुक चयन में पारदर्शिता पर जोर



**साहिबगंज:** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना तथा जोड़ा बैल वितरण योजना अन्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने दोनों योजनाओं से संबंधित पात्र लाभुकों के चयन प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक समीक्षा की तथा पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के आधार पर चयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लाभुक चयन में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरतने और सभी प्रखंडों से प्राप्त प्रस्तावों की सावधानीपूर्वक जांच करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी डॉ. रामसीरक प्रसाद सहित संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वोट डालने 9 किमी पैदल चले, पश्चिमी चंपारण का आखिरी गांव

## लोग बोले- आजाद देश में गुलामी झेल रहे..



**बेतिया।** आजाद देश में भी गुलामी झेल रहे हैं। नेता मुस्कुराकर वोट लेकर चले जाते हैं और फिर भूल जाते हैं कि हम भी इंसान हैं। नाव से नदी पार करते हैं फिर ट्रैक्टर की सवारी। सड़क-बिजली हमारे लिए अब तक सपना है। यहां गर्भवती महिलाएं कई बार रास्ते में दम तोड़ देती हैं। इतना बोलते-बोलते 54 साल के रमाकांत यादव के होंठ कांप जाते हैं। आंखों में गुस्सा और लाचारी साफ झलकती है। यह सिर्फ रमाकांत की परेशानी नहीं। पश्चिमी चंपारण जिला के बैजुआ गांव के 4 हजार लोगों की कहानी है। आने-जाने के लिए ट्रैक्टर के अलावा कोई साधन नहीं। गंडक नदी किनारे बसे इस गांव में मंगलवार सुबह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मनाया गया। दियारा के इस इलाके में वोट डालना किसी एडवेंचर से कम नहीं। पोलिंग बूथ जाने में 4 घंटे तक लग जाते हैं। घुटने तक पानी से होकर गुजरना पड़ता है। टेंट लगाकर बनाए गए पोलिंग बूथ गंडक नदी की तलहटी में बसे बैजुआ गांव की आबादी लगभग 4 हजार है। यहां के ज्यादातर लोगों का पेशा खेती और पशुपालन है। जातीय संरचना के लिहाज से यादव समुदाय की बहुलता है। यहां नदी उफनती है तो पूरा गांव पलायन कर जाता है। बाढ़ के साथ मिट्टी बह जाती है। लोगों को फिर से घर बनाना पड़ता है। इस गांव में पोलिंग बूथ बनाने तक के लिए पक्का मकान नहीं। टेंट लगाकर बूथ संख्या 130 और 131 तैयार किया गया। बांस और तिरपाल से बनाए गए इन्हीं टेंटों में बैजूआ पंचायत के लोगों ने वोटिंग की। बूथ पर CRPF के 7 जवान तैनात थे। अधिकारी ने ऑफ कैमरा बताया, इलाका संवेदनशील है, मोबाइल नेटवर्क गायब रहता है, बिजली नहीं है। इसलिए CCTV से निगरानी नहीं की जा रही है। मतदाता खुले आसमान में कतार बनाकर खड़े थे। कुछ पार्टी कार्यकर्ता वोट डालने आए लोगों को खाना खिला रहे थे। नियमों की धज्जियां उड़ रही थीं, लेकिन प्रशासन की नजर फिलहाल केवल चुनाव पूरा कराने पर थी। चार घंटे का रास्ता, पेट्रोलिंग ट्रैक्टर पर बिहार के आखिरी गांव की ओर बढ़ते हुए सुबह करीब 10 बजे हमें पेट्रोलिंग दल के लोग ट्रैक्टर पर पेट्रोलिंग करते मिले। जिस ट्रैक्टर से किसान खेत जोतते हैं वह यहां ट्रेवलिंग का सबसे बड़ा साधन है। हमने उन्हें बीच में रोक कर सेक्टर मजिस्ट्रेट और कुछ सिपाही से बातचीत की। उन्होंने बताया-एक बूथ तक पहुंचने में 4 घंटे लगते हैं। बारिश से रास्ता बदल जाता है। कभी महीनों तक कीचड़ यूं ही रह जाता है। उनके साथ तैनात महिला सिपाही अनन्या कुमारी ने मुस्कुराते हुए कहा, यहां ड्यूटी निभाना सबसे मुश्किल है। ना सड़क है, ना छाया। पैरों में लगा कीचड़ उतरता नहीं। उनकी साथी शबाना तुरी ने कहा, यहां एक-एक बूथ पर ट्रैक्टर का इंतजाम करना पड़ता है। हम 5 बूथों की पेट्रोलिंग कर रहे हैं। विश्वास रखिए- मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है। बैजुआ की ओर निकलते हुए 3 ट्रैक्टरों पर महिलाएं और पुरुष मिले। सब नदी पार कर वोट डालने जा रहे थे। इसमें बैठी 50 साल की कलावती देवी ने कहा- साहब, डेढ़ किलोमीटर में बूथ देने की बात करे हैं, पर हम 9 किलोमीटर चल के वोट देते हैं। बिजली नहीं, सड़क नहीं, लेकिन वोट जरूर देंगे। उनके पास बैठी बिंदादेवी ने कहा- ह्यसरकार वाला सब आये बस वोट मांगने, बाद में कोई आकर देखता नहीं। गैस मिल गया, पर चूल्हा लकड़ी का ही जलता है। बच्चे स्कूल नहीं जाते, अस्पताल 8-10 किलोमीटर दूर है। ट्रैक्टर कीचड़ और घुटने-भर पानी में रास्ता बनाते हुए आगे बढ़ा। बच्चे हंस रहे थे। शायद उन्हें यह खेल जैसा लगता होगा पर यह यहां के लोगों की मजबूरियों की कहानी थी। आजाद देश में भी गुलामी झेल रहे हैं हमलोगः रमाकांत यादव दियारा इलाके के 54 साल के रमाकांत यादव वोट डालकर लौट रहे थे। उन्होंने कहा- मैंने 9'जाकर वोट दिया। नाव से नदी पार करके ट्रैक्टर से जाना पड़ा। वोट तो देना ही था, लेकिन सड़क और बिजली हमारे लिए अब तक सपना ही है। विधायक चुनाव के समय बाइक से आए थे, अब देखने को भी नहीं मिलेंगे। बोले- आजाद देश में भी गुलामी झेल रहे हैं। नेता लोग मुस्कुराकर वोट ले जाते हैं और फिर भूल जाते हैं कि हम भी इंसान हैं। सड़क नहीं होने से मरीजों को अस्पताल ले जाने में बड़ी परेशानी होती है। कई बार तो गर्भवती महिलाएं रास्ते में ही दम तोड़ देती हैं। गांव से बूथ तक जाने वाला रास्ता ऐसा था जैसे किसी नदी के अंदर चलना पड़ रहा हो। स्थानीय मुखिया कृष्णा यादव ने कहा, ये ही एक रास्ता है। दो जगह और नदी पार करना पड़ता है, फिर जंगल शुरू हो जाता है। कई लोग ट्रैक्टर से आते हैं, कुछ नाव से। यह दृश्य बिहार की सियासत के उन हिस्सों को उजागर करता है, जिनके लिए जंगलराज अब भी सिर्फ एक मुहावरा नहीं-बल्कि रोज का अनुभव है। विक्की कुशवाहा बोले- यहां नहीं पेट्रोल पंप, बाजार से लाकर बेचते है दियारा की अलग दुनिया है। यहां ट्रैक्टर-बाइक चलते हैं, लेकिन पेट्रोल पंप नहीं दिखते। रास्ते में पेट्रोल लेकर जा रहे विक्की कुशवाहा से हमारी मुलाकात हुई। बड़ी बोतलों में पेट्रोल-डीजल भरा था। बोले- यहां पंप लगेगा कहां? पानी सब बहा ले जाएगा। इसलिए हम बाजार से पेट्रोल ले आते हैं। यहां 2-3 रुपए महंगा बेचते हैं खुले में पेट्रोल रखना खतरनाक है। यह सुनते ही मुस्कुरा कर बोले, हां, गलत भी है और जरूरी भी। जब तक पुल नहीं बनेगा, पंप नहीं बनेगा। हमें यह करना होगा। नेता लोग पुल बनवाने का वादा करते हैं, लेकिन पूरा नहीं करते। रोज दांव पर लगानी पड़ती है जान हम बैजू पंचायत के घाट पर पहुंचे तो महिलाएं खपच्ची की नाव में बैठी मिलीं। उनमें से कई पहली बार कैमरे के सामने थीं। सेना देवी बोलीं- नाव बनवा दीजिए साहब, पुल बना दीजिए। वोट तो दें ही रहे हैं, अब आने-जाने का रास्ता भी दे दीजिए। लालप्रधान देवी ने कहा- हमें ऐसा नेता चाहिए जो घाट पक्का करा दे। नाव पर रोज जान दांव पर होती है। महिलाओं की बातचीत से साफ था। यहां के लोगों के लिए विकास कोई राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा का सवाल है। 11 बजे तक बूथ नहीं पहुंचा वेबकास्ट बॉक्स इन लोगों से मिलते हुए हम करीब 3 घंटे का सफर पूरा कर बैजूपुर पंचायत पहुंचे। गांव के नाम पर यहां 15-२० झोपड़ियां थीं। लोग यहां नाव से दोनों किनारों के बीच आते-जाते रहते हैं। जब हम पहुंचे तो सुबह 11 बज चुके थे। वेबकास्ट का बॉक्स अभी बूथ तक नहीं पहुंचा था। यहां पिछले 10 साल से भाजपा विधायक हैं, लेकिन गांव में अब तक न सड़क है और न बिजली, पानी। महिलाओं का कहना था- नेता लोग हमारे वोट से जीत जाते हैं।

# गला दबाकर विवाहिता की हत्या

## ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप



**गोपालगंज।** के ऊंचकागांव थाना क्षेत्र के साखे खास गांव में एक नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा और जांच शुरू कर दी। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। मृतका की पहचान ऊंचकागांव थाना क्षेत्र के साखे खास गांव निवासी सुनील बारी की पत्नी संजू देवी(20) के रूप में हुई है। संजू की शादी सुनील बारी से पिछले साल 25 नवंबर को हुई थी। शादी के करीब डेढ़ महीने बाद सुनील बारी कमाने के लिए दिल्ली चला गया था, जहां वह एक साड़ी कंपनी में काम करता है। संजू अपनी जेठानी और भसुर के पास रह रही थी। जेठानी-भसुर दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित मृतका की चाची के अनुसार, शादी के तीन महीने बाद संजू को उसके जेठानी, भसुर और उनकी बेटी द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। उन पर दहेज की मांग करने और मांग पूरी न होने पर मारपीट करने का आरोप है। बुधवार शाम को आरोपियों ने संजू की गला दबाकर हत्या कर दी। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर मृतका के मायके वाले उसके घर पहुंचे, जहां उन्होंने संजू के शरीर पर चोट के निशान देखे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पति सहित छह लोगों के खिलाफ FIR दर्ज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। मृतका के पिता ने स्थानीय थाने में पति सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। प्रथम दृष्टया यह गला दबाकर हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है।

## ईपीएफओः अब सौ प्रतिशत राशि निकाल सकेंगे सदस्य




**पटना।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सदस्यों के लिए भविष्य निधि (पीएफ) की आंशिक निकासी प्रक्रिया अब और सरल और उदार बना दिया है। पहले जहां 13 अलग-अलग कारणों से निकासी की अनुमति थी, अब इन्हें तीन मुख्य श्रेणियों शिक्षा, गृह निर्माण और विशेष परिस्थितियों में बांटा गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### 5 साल लिवइन रिलेशन, भोजपुरी एक्टर पर रेप का आरोप



**पटना।** में भोजपुरी सिंगर (31) ने अपने बॉयफ्रेंड और भोजपुरी एक्टर अमरेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ यौन शोषण का केस दर्ज कराया है। सिंगर का कहना है कि मैं रोहतास के भोजपुरी एक्टर अमरेंद्र प्रताप सिंह के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। अमरेंद्र हमेशा कहता था कि मैं तुमसे ही शादी करूंगा। मैंने हमेशा उसकी बातों पर यकीन किया।' 'शादी का वादा कर अमरेंद्र ने कई बार मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस बीच मुझे लगा कि शादी से पहले ये गलत है। मैंने अमरेंद्र पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया, पर वो हमेशा टालते रहा। इसके बाद मैंने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी।' 'इसके बाद से अमरेंद्र का व्यवहार बदल गया। वो मुझे टॉर्चर करने लगा। मैं मानसिक-शारीरिक तौर पर ह्रास होने लगी। अमरेंद्र जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगा। एक बार तो उसने मुझे पटना जंक्शन पर सरेआम थप्पड़ भी मारा था। एक साथ किया करते थे स्टेज शो भोजपुरी सिंगर का कहना है कि 5 साल पहले हमलोग मिले थे। हमलोग पहले एक साथ स्टेज शो किया करते थे। 12 से अधिक एल्बम आ चुके हैं। इसी दौरान हम दोनों की मुलाकात हुई थी। मिलना-जुलना ज्यादा हो गया। इसके बाद हमलोग लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। पहले हमारे बीच सब ठीक चल रहा था। जब मैंने शादी का प्रेशर बनाना शुरू किया तो सब कुछ बदल गया। पटना जंक्शन पर मुझे अपमानित किया पीड़िता ने कहा, जब मैंने अमरेंद्र को अपने नजदीक नहीं आने दिया तो उसने मुझे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। मैं दूसरे शहर जाती थी तो जाने नहीं देता था। एक बार मैं अपने घर गुवाहाटी जा रही थी। ट्रेन पकड़ने के लिए मैं पटना जंक्शन पहुंची थी। अमरेंद्र को जब पता चला तो वो भी जंक्शन पर पहुंच गया और मुझे रोकने लगा। वो मुझे मनाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मैंने उसकी बात नहीं मानी। मेरे इनकार के बाद उसने मुझे जंक्शन पर सबके सामने थप्पड़ मारा था। उसने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। जान से मारने की दी धमकी पीड़िता का कहना है कि अमरेंद्र मुझे लगातार परेशान कर रहा था।

### खीरी गांव में टेंट गोदाम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**राजपुर।** थाना क्षेत्र के खीरी गांव में बुधवार शाम एक टेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी इस आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। यह गोदाम खीरी गांव निवासी झूलन लाल का था, जो कई वर्षों से टेंट, शामियाना और डेकोरेशन का व्यवसाय करते हैं। बुधवार की शाम करीब 4 बजे अचानक निकली चिंगारी ने आग का विकराल रूप ले लिया। उस समय गोदाम में कोई मौजूद नहीं था, जिससे आग तेजी से फैल गई।

# राजद एमएलसी बोले, इस बार बदलाव के लिए हुई वोटिंग



**पटना।** राजद के नेता और एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और मतगणना प्रक्रिया को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार का मतदान बदलाव के लिए हुआ है और 2025 में तेजस्वी यादव की सरकार बनने जा रही है। सुनील कुमार सिंह ने 2020 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा, 2020 में चार-चार घंटे तक मतगणना रुकवा दी गई थी। अगर इस बार भी ऐसा हुआ तो बिहार की सड़कों पर नेपाल जैसा नजारा देखने को मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। या तो उम्मीदवार बाहर आएगा या फिर रिटर्निंग ऑफिसर बाहर आएंगे। अधिकारी सचेत हो जाएं, कहीं कोई गलत खेल न हो। एग्जिट पोल पर उठाए सवाल सुनील कुमार सिंह ने एग्जिट पोल को लेकर भी सवाल उठाए और इसे साजिश करार दिया। उन्होंने कहा कि 11 नवंबर के मतदान के तुरंत बाद से ही एग्जिट पोल आना शुरू हो गया। ऐसा लगा मानो सब एक ही बस से उतरकर एनडीए को जिताने में लग गए हों। उन्होंने दावा किया कि मतदाता जब वोट डालने के लिए लाइन में लगे थे, तभी एग्जिट पोल एनडीए के पक्ष में आने लगे।

इससे स्पष्ट है कि मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की गई। आरजेडी नेता ने यह भी कहा कि बिहार के लोगों ने 4 करोड़ 98 लाख वोट डाले, फिर भी आरजेडी को 50 से कम सीटें दिखाना समझ से परे है। यह बिहार की जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ है।

# सासाराम में देर रात काउंटिंग सेंटर पहुंचा ट्रक

## ज्योति सिंह बोलीं-सवाल पूछा तो लाठीचार्ज किया





**रोहतास।** जिले की सभी सात सीटों के लिए बने मतगणना केंद्र के बाहर बुधवार की देर रात एक ट्रक की एंट्री को लेकर जमकर बवाल हुआ। कृषि बाजार समिति तकिया में बने इस काउंटिंग सेंटर के बाहर करीब रात 11.30 बजे राजद समर्थकों ने मतगणना परिसर में एक ट्रक को देखा। ट्रक में भारी मात्रा में टीन के बक्से लदे थे। काउंटिंग सेंटर में ट्रक के प्रवेश करने पर महागठबंधन के समर्थकों ने विरोध करना शुरू कर दिया। 'वोट चोर-गद्दी छोड़' के नारे लगाए गए। जिसके बाद मौके पर डीएम उदिता सिंह और एसपी रोशन कुमार अधिकारियों के साथ पहुंचे। ट्रक में रखे बक्सों की उन्होंने जांच कराई, जो खाली थे। काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी और पवन सिंह की पत्नी भी मौके पर पहुंची और कहा, विरोध करने पर पुलिस की तरफ से लाठीचार्ज किया गया। मुझे जानकारी मिली की एक बक्सों से भरा ट्रक काउंटिंग सेंटर के अंदर गया है। उसके बाद हमलोग यहां पहुंचे। हमलोग शांति से सवाल कर रहे थे, तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज क्यों किया गया। सवाल करने पर प्रशासन का कहना है कि जवाब नहीं देंगे। ऊपर से धमकी दी गई कि FIR करके जेल में डाल दिया जाएगा। दूसरी ओर, डीएम उदिता सिंह ने कहा कि, बक्सों की जांच की जांच की गई है, सभी खाली हैं, फिर भी यदि कोई संदेह है तो सीसीटीवी भी हम देखेंगे। उधर, एसडीएम आशुतोष रंजन ने करगहर के कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक संतोष कुमार मिश्र से कहा कि ये खाली बक्से मतगणना के बाद ईवीएम रखने के लिए हैं, जिन्हें 10 तारीख तक पहुंचना था। किसी कारण से देरी होने से आज यह पहुंचा है।वहीं प्रत्याशियों का कहना है कि काउंटिंग सेंटर सील होने के बाद ट्रक अंदर कैसे घुसा। कैंडिडेट्स ने आरोप लगाया कि काउंटिंग सेंटर में जब ट्रक की एंट्री हुई सीसीटीवी भी बंद कर दिया गया था।

इसके बावजूद महागठबंधन के प्रत्याशी नहीं माने और हंगामा किया।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मां-बेटे को कुचला दोनों की मौत



विभा देवी, मां

गोलू कुमार, बेटा

**बेगूसराय।** में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंद दिया। दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके से भाग रहे ड्राइवर को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। बीहट में NH-31 फोरलेन को जाम कर दिया घटना एफसीआई थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान बरौनी घटकिंडी निवासी अरुण यादव की पत्नी विभा देवी (41 वर्ष) और पुत्र गोलू कुमार (22) के तौर पर हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त बाइक और ट्रक को जब्त कर लिया। ड्राइवर अनिल यादव से पूछताछ की जा रही है। ट्रक ने कुचल दिया जानकारी के मुताबिक विभा देवी अपने पुत्र गोलू कुमार के साथ बाइक से मोकामा की ओर जा रही थी। इसी दौरान चांदनी चौक के पास सड़क पर बाइक फिसल गया। इस दौरान ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित लोगों का कहना है कि एनटीपीसी का राख बड़ी संख्या में बड़े-बड़े ट्रकों पर लोड करके ले जाया जाता है। खुले में राख ले जाने से सड़क पर गिरता है, जिससे लोग फिसल कर गिरते रहते हैं। आज भी उसी राख से पर बाइक फिसल गया, जिससे यह हादसा हुआ है। जाने से मना किया था नहीं, मानी अरुण यादव ने बताया कि मैं मजदूरी करके रात में करीब 11:00 बजे घर आया था। मेरा ससुराल लखीसराय के पिपरिया में है। सुबह में 5:30 बजे पत्नी बोली कि अपने छोटे बेटे गोलू के साथ मायके जा रही हूं। हमने उस समय रोका भी था। कहा था कि धूप निकलने के बाद जाना, लेकिन वह नहीं मानी। बेटे गोलू के साथ बाइक से मायके के लिए निकल गई। रास्ते में दोनों की मौत हो गई। दो बेटा था, बड़ा अविनाश और छोटा गोलू। मैं खुद मजदूरी करता हूं। बड़ा बेटा भी मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। गोलू ई-रिक्शा चलाता था।

# हाईटेक निगरानी में स्ट्रॉन्ग रूम, त्रिस्तरीय सुरक्षा में सीलबंद ईवीएम, 24 घंटे निगरानी




**पूर्णिया।** में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 11 नवंबर को शांतिपूर्ण माहौल में वोटिंग संपन्न हो गया। सातों विधानसभा सीटों की पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट को स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा और हाईटेक निगरानी में रखा गया है। सीलबंद ईवीएम को CAPF, CRPF और लोकल पुलिस की त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखा गया है। कल सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। पूर्णिया में इस बार दो स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। पूर्णिया कॉलेज में बने स्ट्रॉन्ग रूम में अमौर, बनमनखी, रुपौली और धमदाहा जैसे 4 विधानसभा के पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट को रखा गया है। जबकि जिला स्कूल पूर्णिया स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति भवन में बने स्ट्रॉन्ग रूम में बायसी, कसबा और पूर्णिया विधान के पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट रखे गए हैं। 24 घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी हो रही है। दिन हो या रात त्रिस्तरीय सुरक्षा में लगे जवान पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी में लगे हैं। रात में लाइट के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिले के डीएम अंशुल कुमार और एसपी स्वीटी सहरावत खुद पूर्णिया कॉलेज और जिला स्कूल ग्राउंड में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर रहे हैं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा ले रहे हैं। काउंटिंग के दिन 500 मीटर पहले ही इन रास्तों पर आने जाने वाली गाड़ियों की सख्त मनाही है। वोटिंग के बाद सभी पोल्ड ईवीएम और वीवीपैट को उम्मीदवारों, उनके इलेक्शन एजेंट और सेंट्रल ऑब्जर्वर की मौजूदगी में वीडियोग्राफी के साथ स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया। इन मशीनों को डबल लॉक सिस्टम से सील किया गया है और 24 घंटे CCTV कैमरे से निगरानी हो रही है। स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। पहली लेयर में सबसे अंदर वाले हिस्से की सुरक्षा का जिम्मा CAPF के हवाले है। प्लाटून कमांडर अपने जवानों के साथ 8,8 घंटे की तीन शिफ्ट में 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात है। दूसरी लेयर की सुरक्षा में स्टेट आर्म्ड फॉर्म्स के जवान लगाए गए हैं। इनकी भी ड्यूटी 8 घंटे की तीन शिफ्ट में बांटी गई है। तीसरे लेयर की सुरक्षा व्यवस्था के तहत दूसरी लेयर की सुरक्षा से करीब 150 फीट की दूरी पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। जहां डिस्ट्रिक्ट आर्म्ड फोर्स के जवान 24 घंटे तैनात हैं। इसके अलावा वॉच टावर पर भी पुलिसकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं। प्रत्याशियों के प्रतिनिधि बारी-बारी से बैठकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे स्ट्रॉन्ग रूम कैंपस में लगाए गए सभी CCTV कैमरे का फीड कंट्रोल रूम में आता है। जहां सभी प्रत्याशियों के प्रतिनिधि बारी-बारी से बैठकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इनके अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं है, लेकिन वे CCTV फीड पर नजर रख सकते हैं। यहां आने जाने वाले सभी लोगों की एंट्री एक्जिट का रिकॉर्ड CAPF के पास मौजूद लॉगबुक में दर्ज किया जा रहा है और वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जा रही है। स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर बने कैंपों में पॉलिटिकल पार्टी राजद, जेडीयू, बीजेपी और अन्य उम्मीदवारों के कार्यकर्ता 24 घंटे निगरानी में डटे हुए हैं। कई कार्यकर्ता वहीं रात बिताते हैं। राजद के प्रदेश महासचिव बंटी सिन्हा ने बताया कि राजद प्रत्याशी के तरफ से इलेक्शन एजेंट स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर 4 शिफ्ट में 6 घंटे की शिफ्ट वाइज 4 से 5 की संख्या में लगाए गए हैं। रात में उनके आराम करने के लिए गर्म कंबल, बिस्तर और गद्दे लगाए गए हैं। खाने का प्रबंध खुद से करना होता है। आगे बताया कि हमारे लिए पीने का पानी और लाइट की व्यवस्था प्रशासन ने की है, लेकिन खाना हम खुद लाते हैं या पास के होटों से मंगवाते हैं।



# रात के समय कार्बोहाइड्रेड चीजें खाने से बचें

शाम के पांच बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट लेना चाहिए या नहीं? यदि वजन पर नियंत्रण रखना चाहते है तो पांच नहीं सात बजे के बाद ऐसी चीजें खाने से बचें, जिनमें कार्बोहाइड्रेड होता है। रात के समय हमेशा ऐसी चीजें ही खाएं, जो आसानी से पच जाएं।

- केला और सेब लौह तत्वों से भरपूर हैं। इसलिए वह कटने के बाद भूरे हो जाते हैं। यह गलतफहमी है। भूरा होने की वजह आयरन नहीं एंजाइम है। रंग गहराने के पीछे फलों में मौजूद फिनॉलिक कंपाउंड का ऑक्सीडेशन है, ये कंपाउंड हवा में तैरती ऑक्सीजन के संपर्क में आने से रंग बदलते है।

## लो फैट का दूध लें

- दूध और उससे बने उत्पाद बचपन बीत जाने के बाद उपयोगी नहीं। दूध और दूध से बने उत्पादों में केवल प्रोटीन ही नहीं आवश्यक एमिनो एसिड, फैटी एसिड तथा कैल्शियम के साथ विटामिन ए, डी तथा मैग्नीशियम, फास्फोरस व पोटेशियम भी होता है। दूध अवश्य लें भले ही वह लो फैट हो।
- खाने में डाले गए नमक से ज्यादा नुकसानदेह है, ऊपर से नमक डालना? नमक तैयार खाने में पहले से डाला गया हो या ऊपर से मिलाया गया, उसमें मौजूद सोडियम एक समान होता है।
- आयरन का बेहतर स्रोत होने के कारण पालक ही रक्त की कमी से बचाता है। बहुत सी पत्तेदार सब्जियों में भरपूर आयरन होता है, जैसे, ब्रॉक्ली में 40 मि.ग्रा., चौलाई-20 मि.ग्रा., सरसों में 16-3 मि.ग्रा., गाजर की पत्तियों में 18 मि.ग्रा. आयरन होता है, जबकि पालक में 1.1 मि.ग्रा. होता है।
- सूजी अनाज नहीं है? सूजी मैदा का दानेदार रूप है। इसमें पोषक तत्वों की मात्रा पॉलिश चावल और मैदे के समान होती है।

## एक अंडा ही रोज खाएं

- शुगर फ्री उत्पाद हेल्दी होते हैं। आमतौर पर लोग अकसर शुगर फ्री उत्पादों को लो कैलोरी मान डायबिटीज और वजन नियंत्रण के लिए उपयोगी समझते हैं, परंतु ये शुगर फ्री उत्पाद अनेक अनदेखे शुगर स्रोतों से युक्त होते हैं। इनका अधिक सेवन स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालता है।
- अंडों में कोलेस्ट्रॉल अधिक होता है, इसलिए इसे नहीं खाना चाहिए। एक अंडे में 215 मि.ग्रा. कोलेस्ट्रॉल होता है, अकेले एक अंडे की जर्दी में 300 मि.ग्रा. कोलेस्ट्रॉल होता है, लेकिन अंडे में अन्य पौष्टिक तत्वों की बहुलता है। हाल ही में हुई रिसर्च से पता चला कि जो लोग एक अंडा प्रतिदिन खाते हैं, उन्हें अंडा न खाने वालों की तुलना में हृदय रोग का खतरा कम होता है।
- उपवास रखने से शरीर के टॉक्सिन बाहर निकलते हैं। उपवास संतुलित भोजन और अधिक कैलोरीज पर नियंत्रण रखता है, लेकिन इस दौरान रिच डाइट, फल, जूस, अधिक मेवे आदि लेने से इसका उलटा भी हो सकता है।

## चीनी ज्यादा न खाएं

- चीनी खाने से डायबिटीज होती है। यह सोच कर चीनी न खाने पर डायबिटीज नहीं होगी, गलत है। स्टार्च, फैट, प्रोटीन और चीनी जैसे अधिक कैलोरी वाले खाद्य शरीर में इंसुलिन की मात्रा बढ़ाकर डायबिटीज को जन्म देते हैं। जब शरीर कार्बोहाइड्रेट को पचाने में अक्षम हो, तभी डायबिटीज होती है।
- शहद जैसे प्राकृतिक पदार्थ शुगर का विकल्प हैं। बहुत से लोग सोचते है कि ये शुगर फ्री तथा कम कैलोरी वाले प्राकृतिक स्रोत हैं तथा इन्हें रिफाइन भी नहीं किया जाता, इसलिए ये नुकसानदेह नहीं। लेकिन 1 चम्मच शहद में 65 कैलोरी तथा एक चम्मच शुगर में 46 कैलोरी होती है। ग्लाइसिमक इंडेक्स भी शहद में 87 तथा शुगर में 59 होता है।
- बिना नमक का खाना तेजी से वजन कम करता है। याद रखें कि पहले तो सोडियम के न रहने पर पानी कम होता है न कि फैट। नर्वस सिस्टम सही ढंग से काम करे, इसके लिए भी सोडियम जरूरी होता है। इसका लेवल डिप्रेशन, स्वभाव परिवर्तन और कमजोरी का कारण होता है।
- शुगर मूड को प्रभावित करती है। इंसानी दिमाग ऊर्जा के लिए पूरे तौर पर ब्लड शुगर (ग्लूकोज) पर निर्भर रहता है। इसकी कमी से हाइपोग्लीमिया का दौरा तथा कमजोरी, डिप्रेशन, दिमागी गड़बड़ियां हो सकती हैं।

**स्वास्थ्य सही है तो शरीर सही है। शरीर सही है तो मन सही है। इसलिए अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। हम आपको बताते हैं, हेल्थ के क्या लेना चाहिए और क्या नहीं।**

## केला-दूध फायदेमंद

- रात में मेटाबॉलिज्म सिस्टम धीमा होता है। इसलिए भारी नाश्ता करना चाहिए। सुबह का नाश्ता दिन भर की ऊर्जा के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन इसके लिए भारी की जरूरत नहीं। आप केले या दूध से भी काम चला सकती हैं।
- मछली खाने के बाद दूध नहीं पीना चाहिए। ऐसा हमेशा नहीं होता। लेकिन कुछ स्थितियों में इसे मान लेना बेहतर होता है।
- बिना शुगर के फलों के जूस प्राकृतिक व शुगर फ्री होते हैं। ये लो कैलोरी जरूर होते हैं, लेकिन इसमें फ्रूकटोस होने के कारण शुगर फ्री नहीं होते।



# आयुर्वेद से भगाएं ऑस्टियोआर्थराइटिस

**आयुर्वेद में ऑस्टियोआर्थराइटिस को संधिवात के रूप में जाना जाता है, जो जोड़ों का विकार है। इसका मतलब है कि हमारे शरीर के निचले हिस्से की हड्डियों को सपोर्ट देने वाले सुरक्षात्मक कार्टिलेज और कोमल ऊतकों का किसी कारणवश टूटना शुरू होना है।**

इस हालत में किसी भी गतिविधि के बाद या आराम की लंबी अवधि के बाद जोड़ों का लचीलापन कम हो जाता है और वो सख्त हो जाते हैं और दर्ददायक बनते हैं।

ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए एलोपैथिक उपचार के अलावा, कुछ आयुर्वेदिक इलाज भी उपलब्ध हैं। आयुर्वेद कहता है कि शरीर में तीन जीव-ऊर्जा या दोष होते हैं, जो हमारे शरीर के विभिन्न कार्यों को नियंत्रित करते हैं। वात, कफ और पित्त यह उनके नाम हैं। जब एक व्यक्ति किसी भी प्रकार की बीमारी से ग्रस्त होता है, तब यह इन दोषों में असंतुलन की वजह से होता है।

ऑस्टियोआर्थराइटिस वात दोष में एक असंतुलन के कारण होता है और इसलिए ऑस्टियोआर्थराइटिस के लिए आयुर्वेदिक इलाज में इस दोष को संतुलित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिससे व्यक्ति को दर्द से राहत मिलने में आसानी होती है।

## ये हैं जड़ीबूटी

- **गुग्गुल :** ऊतकों को मजबूत बनाता है।
- **त्रिफला :** विषैले तत्वों को शरीर से साफ करना।
- **अश्वगंधा :** शरीर और मन को आराम और तंत्रिका तंत्र को उत्तेजना देना।
- **कॅस्टर (एरंडी) :** इस तेल को दर्द होने वाले क्षेत्र में लगाने के साथ ही इसका सेवन भी लिया जा सकता है, क्योंकि यह एक प्रभावी औषधि है।
- **बाला :** शरीर में रक्त परिसंचरण को बढ़ाने के लिए, दर्द को कम करने के लिए, नसों को ठीक करता है एवं शरीर में ऊतकों का विकास होता है।
- **शालाकी :** अपने सूजन विरोधी गुणों के लिए और शरीर की हड्डियों के करीब के ऊतकों की मरम्मत करने में सक्षम होने के गुण के लिए उपयोगी है।

# अनुलोम विलोम से स्वच्छ व निरोग रहती हैं नाड़ियां

**अनुलोम का अर्थ होता है सीधा और विलोम का अर्थ है उल्टा। यहां पर सीधा का अर्थ है नासिका या नाक का दाहिना छिद्र और उल्टा का अर्थ है- नाक का बायां छिद्र। अर्थात अनुलोम-विलोम प्राणायाम में नाक के दाएं छिद्र से सांस खींचते है, तो बायीं नाक के छिद्र से सांस बाहर निकालते है।**

यदि नाक के बाएं छिद्र से सांस खींचते हैं, तो नाक के दाहिने छिद्र से सांस को बाहर निकालते है। अनुलोम-विलोम प्राणायाम को कुछ योगीगण 'नाड़ी शोधक प्राणायाम' भी कहते हैं। उनके अनुसार इसके नियमित अभ्यास से शरीर की समस्त नाड़ियों का शोधन होता है यानी वे स्वच्छ व निरोग बनी रहती है। इस प्राणायाम के अभ्यासी को वृद्धावस्था में भी गठिया, जोड़ों का दर्द व सूजन आदि शिकायतें नहीं होतीं।

## प्राणायाम की विधि

- अपनी सुविधानुसार पद्मासन, सिद्धासन, स्वस्तिकासन अथवा सुखासन में बैठ जाएं। दाहिने हाथ के अंगूठे से नासिका के दाएं छिद्र को बंद कर लें और नासिका के बाएं छिद्र से 4 तक की गिनती में सांस को भरें और फिर बायीं नासिका को अंगूठे के बगल वाली दो अंगुलियों से बंद कर दें। तत्पश्चात दाहिनी नासिका से अंगूठे को हटा दें और दायीं नासिका से सांस को बाहर निकालें।
- अब दायीं नासिका से ही सांस को 4 की गिनती तक भरे और दायीं नाक को बंद करके बायीं नासिका खोलकर सांस को 8 की गिनती में बाहर निकालें।
- इस प्राणायाम को 5 से 15 मिनट तक कर सकते है।

## सावधानियां

- कमजोर और एनीमिया से पीड़ित रोगी इस प्राणायाम के दौरान सांस भरने और सांस निकालने (रेचक) की गिनती को क्रमशः चार-चार ही रखें। अर्थात चार गिनती में सांस का भरना तो चार गिनती में ही सांस को बाहर निकालना है।
- स्वस्थ रोगी धीरे-धीरे यथाशक्ति पूरक-रेचक की संख्या बढ़ा सकते हैं।
- कुछ लोग समयाभाव के कारण सांस भरने और सांस निकालने का अनुपात 1-2 नहीं रखते। वे बहुत तेजी से और जल्दी-जल्दी सांस भरते और निकालते है। इससे वातावरण में व्याप्त धूल, धुआं, जीवाणु और वायरस, सांस नली में पहुंचकर अनेक प्रकार के संक्रमण को पैदा कर सकते है।
- अनुलोम-विलोम प्राणायाम करते समय यदि नासिका के सामने आटे जैसी महीन वस्तु रख दी जाए, तो पूरक व रेचक करते समय वह न अंदर जाए और न अपने स्थान से उड़े। अर्थात सांस की गति इतनी सहज होना चाहिए कि इस प्राणायाम को करते समय स्वयं को भी आवाज न सुनाई पड़े।

## लाभ

- फेफड़े शक्तिशाली होते हैं।
- सर्दी, जुकाम व दमा की शिकायतों से काफी हद तक बचाव होता है।
- हृदय बलवान होता है। इससे हार्ट अटैक नहीं होता।





# रोजाना खाएं अदरक मिलेंगे अनगिनत फायदे

**अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं।**

अदरक एक भारतीय मसाला है जो हर घर में रोजाना इस्तेमाल होता है। इसकी तासीर गर्म होने के कारण इसका अधिकतर सेवन सर्दियों में किया जाता है। इस मौसम में अदरक खाने से खांसी-जुकाम, बलगम जैसी परेशानियों से बचा जा सकता है। अदरक में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। अदरक खाने से कई फायदे होते हैं। आज हम उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे। चलिए जानते है एक टुकड़ा अदरक रोजाना खाने से शरीर को किस प्रकार फायदा मिलता है।

## जी मिचलाना

जी मिचलाना और उल्टी की समस्या को रोकने के लिए अदरक औषधि की तरह का काम करता है। 1 चम्मच अदरक के जूस में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसको हर दो घंटे बाद पीएं। जल्द ही राहत मिलेगी।

## गठिया दर्द में राहत

अदरक में एंटी-इन्फ्लॅमेट्री प्रॉपर्टीज होती है जो जोड़ों के दर्द को खत्म करने में सहायक है। अदरक को खाने से या इसका लेप लगाने से भी दर्द खत्म होता है। इसका लेप बनाने के लिए अदरक को अच्छे से पीस लें। उसमें हल्दी मिला लें। इस पेस्ट को दिन में दो बार लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

## मासिक धर्म में फायदेमंद

कुछ महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान बहुत दर्द होती है। ऐसे में अदरक की चाय काफी फायदा पहुंचाती है। इसलिए दिन में 2 बार अदरक की चाय पीएं। इससे दर्द कम होगा।

## सर्दी-जुकाम और फ्लू

सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम और फ्लू जैसी छोटी-मोटी समस्या होना आम है। इससे बचने के लिए नियमित रूप से अदरक का सेवन करें। यह शरीर को गर्म रखता है जिससे पसीना अधिक आता है और शरीर गर्म बना रहता है।

## माइग्रेन का इलाज

जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या है उनके लिए अदरक रामबाण है। जब भी माइग्रेन का अटैक आए, तब अदरक की चाय बना कर पीएं। इसको पीने से माइग्रेन में होने वाले दर्द और उल्टी से काफी हद तक राहत मिलेगी।

## दिल को रखता है स्वस्थ

अदरक कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने, ब्लड प्रेशर को ठीक रखने, खून को जमने से रोकने का काम करता है। इससे दिल संबंधित बीमारियां भी नहीं होती है। इसलिए अपनी डाइट में अदरक को शामिल करें।

## पाचन तंत्र मजबूत

अदरक पेट फूलने, कब्ज, गैस, एसीडिटी जैसी समस्याओं को ठीक रखने में भी सहायक है। जिन लोगों को पेट से संबंधित समस्याएं रहती है वह रोजाना सुबह खाली पेट अदरक का सेवन करें।

## मॉर्निंग सिकनेस

मॉर्निंग सिकनेस की समस्या अधिकतर गर्भवती महिलाओं को होती है। रोजाना सुबह अदरक के 1 टुकड़े को चबा कर खाएं। कुछ दिनों तक अदरक खाने से मॉर्निंग सिकनेस की समस्या दूर हो जाएगी।

## ऊर्जा करें प्रदान

सर्दियों में अदरक खाने से शरीर गर्म तो रहता ही है साथ ही उसे एनर्जी भी मिलती है। रोजाना सुबह अदरक वाली चाय पीने से शरीर में चुस्ती-फुर्ती बनी रहेगी।



# एम्ब्लायोपिया स्थाई रूप से धुंधली हो सकती है दृष्टि

**जिन बच्चों की आंखों की अश्रु नलिकाएं बचपन से ही अवरुद्ध होती हैं। उनकी दृष्टि धुंधली हो सकती है। यदि जन्म के बाद शुरुआती छह से 10 साल के अंदर इसका इलाज न कराया जाए तो दृष्टि स्थाई रूप से धुंधली हो सकती है। इस बीमारी को एम्ब्लायोपिया या लेजी आई कहते हैं।**


तीन साल से कम उम्र के ऐसे बच्चे जिनमें अश्रु नलिकाएं (नैसोलेक्रिमल डक्ट ऑब्सट्रक्शन-एनएलडीओ) अवरुद्ध होती हैं। उनमें एम्ब्लायोपिया बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। इनमें से छह प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं, जिनमें जन्म से ही यह परेशानी होती है।

## रखें सावधानी

पेंसिलवेनिया के लैनकास्टर के फैमेली आई ग्रुप के अध्ययनकर्ता नोएल एस. मैटा व डेविड आई. सिलबर्ट का कहना है कि अध्ययन में शामिल 375 बच्चों में से 22 प्रतिशत बच्चों में एम्ब्लायोपिया के खतरे के कारक थे। सामान्य आबादी में इस बीमारी की आठ गुना की दर से वृद्धि हो रही है।

## जन्मजात बीमारी

मैटा का कहना है, हमने एनएलडीओ की जन्मजात परेशानी वाले सभी बच्चों की जांच की बात कही। हमने सावधानीपूर्वक उनमें एम्ब्लायोपिया के खतरे के कारकों की मौजूदगी का अध्ययन किया।



# भारत दक्षिण अफ्रीका पहला टेस्ट आज से



**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार से यहां पहला क्रिकेट टेस्ट मैच ऐतिहासिक ईडन गार्डन के मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीम जीत के इरादे से उतरेंगी। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) को देखते हुए भी ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। इस मैच से आक्रमक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत वापसी करेंगे। वह इंग्लैंड दौरे में अंगूठे में हुए फ्रैक्चर के बाद से ही टीम से बाहर थे। ऐसे में सभी की नजरें उनके उपर रहेंगी। इसके अलावा भारत ए की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले ध्रुप जुरेल भी इस मैच में खेलेंगे।

इस मैच में भारतीय टीम के बल्लेबाजों को दक्षिण अफ्रीकी टीम के तेज ओर स्पिन आक्रमण का सामना करना होगा। इस मैदान पर स्पिनरों को सहायता मिलती है जिसका लाभ दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर उठाना चाहेंगे। दक्षिण अफ्रीका गेंदबाजी आक्रमण की धार इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों को सावधान रहना होगा। दक्षिण अफ्रीकी के पास अधिकतर समय अच्छे तेज गेंदबाज रहे हैं पर इस बार टीम स्पिनरों के भरोसे है। पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में उसने सीरीज 1-1 से ड्रॉ खेली थी। उसमें उसके मुख्य स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरान मुथुस्वामी ने 39 में से 35 विकेट लिए थे।

वहीं भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का तरीका उपमहाद्वीप के गेंदबाजों के समान है। उन्होंने कहा, 'उनके पास चार स्पिनर हैं जिनमे से वे तीन को उतार सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि हम उपमहाद्वीप की किसी टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'हमने इस पर बात की है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन वाली सीरीज से सबक लिया है। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज हार्मर भी 1000 प्रथम श्रेणी विकेट ले चुके हैं और भारत के हालात को जानते हैं।

दस साल पहले हाशिम अमला की कप्तानी में इस गेंदबाज ने दो टेस्ट खेलकर चेतेश्वर पुजारा, रोहित शर्मा और रिधिमान साहा के विकेट लिए थे। एक दशक बाद भी वह उतने ही चतुर गेंदबाज हैं। उन्होंने रावलपिंडी में में 8 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई और सीरीज ड्रॉ भी कराई। वहीं केशव महाराज सबसे सटीक और आक्रामक स्पिनरों में से एक हैं। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों और दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों के बीच मुकाबला रोमांचक होना तय है।

ईडन की पिच से स्पिनरों का पहले भी सहायात मिलती रही है। वहीं बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा है कि यह टर्निंग पिच नहीं होगी। इससे जसप्रीत बुमराह को सहायता मिल सकती है। बुमराह आम तौर पर शुरूआत में मूवमेंट और बाद में रिवर्स स्विंग देने वाली पिच पर भारत के तुरप का इक्का साबित हो सकते हैं। भारतीय टीम इस मैच में दो तेज गेंदबाजों को उतार सकता है और घरेलू मैदान होने से युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी इसमें अवसर मिल सकता है।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम से यहां सभी को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उसने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था वेस्टइंडीज की कमजोर टीम को 2-0 से हराने पर उसे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में अधिक लाभ नहीं मिला है । ऐसे में वह इस सीरीज मे जीत चाहेगी। ऋषभ इस सीरीज से वापसी करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करना चाहेंगे। उनके अलावा जुरेल के बतौर बल्लेबाज खेलने से भी भारत का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 16 विकेट लेने वाले वॉशिंगटन सुंदर भी इस सीरीर में अंतर पैदा करेंगे। वहीं दूसरी ओर तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी एडेन माक्ररम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस पर निर्भर करेगी। इसके अलावा टीम के पास कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं। कुल मिलाकर ये मुकाबला रोमांचक रहना तय है

## टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** – शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साइ सुदर्शन, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, देवदत्त पडिक्कल

**दक्षिण अफ्रीका** – तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन माक्ररम, रियान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स , काइल वेरेने , डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डि जोर्जी, कोर्बिन बोश, वियान मूल्डर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, सेनुरान मुथुस्वामी , कैगिसो रबाडा, साइमन हार्मर

# दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लॉरा बनी आईसीसी की अक्टूबर महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट को अच्छे प्रदर्शन और कप्तानी के लिए अक्टूबर माह के प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से सम्मानित किया है। वोल्वाड्र्ट ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के दौरान वोल्वाड्र्ट ने न केवल सबसे अधिक रन बनाए, बल्कि अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान इस खिलाड़ी ने आठ मैचों में 470 रन बनाये और उनका औसत रहा 67.14 वहीं स्ट्राइक रेट 97.91 रहा है।

वोल्वाड्र्ट ने महिला विश्व कप 2025 में आठ मैचों में कुल 470 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शतक लगाया है। वोल्वाड्र्ट ने अपने प्रदर्शन से कई मैचों में टीम को जीत दिलायी। शुरुआती मैचों में टीम की हार के बाद भी उसके फाइनल तक के सफर में इस खिलाड़ी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। हर मैच में उन्होंने रन बनाए और टीम को मजबूत किया। इस क्रिकेटर ने 67.14 की औसत और 97.91 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

वोल्वाड्र्ट ने कहा, 'महिला क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक आयोजन था, और भारत में विश्व कप प्रदर्शन के बाद यह सम्मान मिलना मेरे लिए गर्व व सम्मान की बात है। टूर्नामेंट में कई शानदार मैच हुए और खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। यह सम्मान मेरे लिए बहुत महत्व रखता है।' उन्होंने कहा कि भले ही टीम खिताब नहीं जीत सकी पर वह अपनी टीम की आक्रामक भावना और निरंतरता पर गर्व का अनुभव करता है। 'हमें पूरा भरोसा है कि अगला विश्व कप खिताब अब हमारी टीम जीतेगी।'

वोल्वाड्र्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के 143 गेंदों पर 169 रन बनाये। उनकी इस पारी के बल पर ही टीम पहली बार महिला विश्व कप फाइनल में पहुंची। यह पारी न केवल टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक रही, बल्कि उनके करियर का भी मील का पत्थर साबित हुई।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स से रिलीज हो सकते हैं शार्दुल ठाकुर, इस टीम के लिए खेलेंगे आईपीएल 2026



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फेंचाइजियों ने IPL को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी। यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल IPL के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके IPL करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगिं पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किंग्स इलेवन पंजाब (जो अब पंजाब किंग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन LSG ने उन्हें मोहसिन खान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए में चुना था। उस समय स्स्त्र के मेंटॉर जहीर खान का यह फैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने IPL 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे। हालांकि इसके बाद उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने कुल 10 मैचों में 13 विकेट लिए। साथ ही उनकी इकॉनमी रेट 11.02 रही। मुम्बई इंडियंस की टीम में फिर से शामिल होना उनके लिए घर वापसी जैसा होगा। ठाकुर 2010 से 2012 तक मुंबई टीम के सपोर्ट बोलर रहे थे और घरेलू क्रिकेट में मुंबई टीम के कप्तान भी रह चुके हैं।

# डफी की कहर बरपाती गेंदबाजी, न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को धोकर 3-1 से सीरीज जीती

**डुनेडिन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में पांच मैचों की टी20 सीरीज के पांचवें और आखिरी मैच में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ, मिशेल सैंटनर की अगुवाई वाली टीम ने सीरीज 3-1 से अपने नाम कर ली। चौथा टी20 मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद 2-1 की अजेय बढ़त हासिल करने के बाद, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने कीवी टीम को जोरदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने तीन विकेट जल्दी चटकाए और विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। वेस्टइंडीज का स्कोर महज 2.4 ओवर में 21/4 हो गया। इसके बाद, वेस्टइंडीज वापसी नहीं कर सका और केवल 140 रन ही बना सका। डफी ने 4-35 के प्रभावशाली गेंदबाजी आंकड़े दर्ज किए, जबकि रोस्टन चेस 32 गेंदों में 38 रन बनाकर मेहमान टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। रोमारियो शेफर्ड ने भी अंत में बढ़त हासिल की और 22 गेंदों में 36 रन बनाकर वेस्टइंडीज को अंत में




सम्मानजनक स्कोर दिया। न्यूजीलैंड ने तेजी से लक्ष्य का पीछा किया। सलामी बल्लेबाज टिम रॉबिन्सन और डेवोन कॉनवे ने शानदार शुरुआत की और सिर्फ सात ओवर में 69 रन बनाकर मैच को वेस्टइंडीज की पहुंच से दूर कर दिया। रॉबिन्सन ने आक्रामक 45 रनों के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया, जबकि कॉनवे ने धैर्यपूर्वक पारी को संभाला, 47 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। मार्क चैपमैन ने 13 गेंदों में तेजी से 21 रन जोड़कर गति बनाए रखी। दोनों टीमें अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में आमने-सामने होंगी, जहाँ वेस्टइंडीज़ को अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, रेमन सिमंड्स और जेडियाह ब्लेड्स की चोटों के कारण सेवाएँ नहीं मिलेंगी। पहला एकदिवसीय मैच रविवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जाएगा। संक्षिप्त स्कोर- वेस्टइंडीज़- 18.4 ओवर में 140-10 (रोस्टन चेज़ 38, रोमारियो शेफर्ड 36, जैकब डफी 4-35) और न्यूज़ीलैंड- 15.4 ओवर में 141-2 (डेवोन कॉनवे 47*, टिम रॉबिन्सन 45, शमर स्प्रिंगर 1-8)।

# सिंगापुर के जिया हेंग को हराकर जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

कुमामोतो (जापान) ।भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें



नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इंटरवल तक 11-3 की बढ़त बनाकर अपने प्रतिद्वंदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी और आसानी से मैच जीता। भारत के एक अन्य खिलाड़ी एचएस प्रणय का सामना डेनमार्क के रासमस गेम्के से होगा।

# भारतीय सरजमीं पर जीतना विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद दूसरे नंबर पर होगा : बावुमा



कोलकाता। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा के लिए भारत को उसकी सरजमीं पर हराने की संभावना विशेष महत्व रखती है और उनका कहना है कि दो टेस्ट मैच की श्रृंखला जीतना लगभग इस साल के शुरू में मिली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत के बराबर ही होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के तीन दौरों में लगातार सात टेस्ट गंवाए हैं और उनकी आखिरी जीत 2010 में नागपुर में रही थी। लेकिन बावुमा का मानना है कि 2023 में कोच शुक्री कॉनराड के कार्यभार संभालने के बाद से इस टीम को टेस्ट श्रृंखला में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और अब उनकी टीम इतनी परिपक्व और आत्मविश्वास से भरी है कि वह कड़ी चुनौती पेश करके भारत में अब तक की अपनी दूसरी श्रृंखला जीत सकती है। ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले बावुमा ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीतना काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन मुझे लगता है कि भारत में जीतना इसके बाद दूसरे नंबर पर होगा। यह ऐसा कुछ है जो हम लंबे समय से ऐसा नहीं कर पाए हैं। इसलिए महत्वाकांक्षा के मामले में यह निश्चित रूप से ऊपर है।' बावुमा ने कहा, 'हम चुनौती की गंभीरता को समझते हैं। इसलिए हम इसकी अहमियत जानते हैं।' दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। दोनों टीमों को देखते हुए यह रोमांचक होना चाहिए। भारतीय टीम में शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन थोड़े कम अनुभवी भी हैं। इसी तरह हमारी टीम भी है, हमारे खिलाड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करना चाहते हैं।'

# कप्तानी के लिए अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना जरुरी नहीं : अक्षर पटेल

**–लोगों को अपनी धारणा बदलनी होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्पिर ऑलराउंडर व दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा है कप्तानी को लेकर एक ऐसी धारणा बन गयी है जो सही नहीं है पर ये कई साल से चली आ रही अक्षर के अनुसार लोग मानते है कि अच्छी पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलना कप्तानी के लिए जरुरी है। वहीं केवल इस आधार पर किसी को कप्तानी के लिए अयोग्य मान लेते हैं जो अंग्रेजी नहीं बोल पाता। अक्षर कप्तानी को लेकर लोगों की इस धारणा से नाराज है। उन्होंने कहा कि कप्तानी के लिए किसी खिलाड़ी की पर्सनैलिटी और अंग्रेजी बोलने की क्षमता को लोग वरीयता देते हैं पर क्रिकेट से जुड़े कौशल को नहीं देखते हैं। अक्षर ने कहा, 'लोग कहना शुरू कर देते हैं- ओह, वह कप्तानी मटैरियल नहीं है, वह अंग्रेजी नहीं बोलता है। वह कैसे बात करेगा? ये है, वो है।' साथ ही कहा, अरे, कप्तान का काम सिर्फ बात करना थोड़े होता है। कप्तान का काम खिलाड़ी को जानना होता है और उससे उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करना होता है। ये जानना होता है। उसकी ताकत क्या है, उसकी कमजोरी क्या है, ये समझना होता है। कप्तान को पता होता है कि हमारे पास ये खिलाड़ी है और मुझे उससे कैसे अच्छा प्रदर्शन लेना है। इसके अलावा मैच के हालात के अनुसार किये गेंदबाजी देनी है। अक्षर ने आगे कहा, 'लेकिन नहीं, हम कहते हैं कि पर्सनैलिटी चाहिए, अच्छा इंग्लिश बोलना चाहिए। धारणा लोगों की अपनी सोच के आधार पर बनी है। मैंने इस साल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की और मुझे बहुत सारी तारीफ मिली। मुझे लगता है कि आगे भी ऐसा और भी होगा और आने वाले समय में अभी और ज्यादा बदलाव आएंगे।' उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी व्यक्तिगत सोच और नजरिए को बदलने की जरूरत है। ये सोचना बंद कीजिए कि उसकी पर्सनैलिटी अच्छी है, वह इंग्लिश बोल सकता है तो वह कैप्टन मटैरियल है।




# आईपीएल2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा



कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा।

नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प ज़्यादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमश- 28.19 और 8.63 रहे हैं।

उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से ज़्यादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमश- 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए। दिल्ली कैपिटल्स की शमी में कितनी गहरी दिलचस्पी है, इसका अंदाज़ा सौरव गांगुली की इस तेज गेंदबाज पर हालिया टिप्पणियों से लगाया जा सकता है। 'मुझे यकीन है कि चयनकर्ता नजर रख रहे हैं और मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत चल रही है। लेकिन अगर आप मुझसे पूछें, तो फिटनेस और कौशल के मामले में, यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं।'

दिल्ली कैपिटल्स प्रबंधन के सदस्य गांगुली ने कुछ दिन पहले मीडिया में कहा था, 'इसलिए, मुझे वास्तव में कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे क्रिकेट और टी20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते। क्योंकि यह कौशल बहुत बड़ा है।' शमी ने इस साल मार्च में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, और उनकी फिटनेस की स्थिति एक गर्म विषय बन गई, जिसमें मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और खुद खिलाड़ी सार्वजनिक रूप से बयानबाजी में शामिल रहे। शमी ने इस सीजन में बंगाल के लिए प्रथम श्रेणी मैचों में अपनी फिटनेस साबित की है और पिछले तीन रणजी मैचों में 15 विकेट लिए हैं।

# गुजरात छोड़ मुंबई इंडियन्स से जुड़ेंगे वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर, मुंबई इंडियंस ने खर्च किए 2.6 करोड़



नई दिल्ली । गुजरात टाइटन्स ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड को आईपीएल 2026 से पहले दो करोड़ 60 लाख रुपए में मुंबई इंडियंस (MI) को 'ट्रेड' किया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'गुजरात टाइटन्स द्वारा 2.6 करोड़ रुपए में खरीदे गए रदरफोर्ड अपनी मौजूदा फीस पर मुंबई इंडियन्स में शामिल होंगे।' वेस्टइंडीज के इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में छठे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आंद्रे रसेल के साथ 139 रन की साझेदारी की थी। रदरफोर्ड ने अब तक 23 आईपीएल मैच खेले हैं। इससे पहले उन्होंने 2019 में दिल्ली कैपिटल्स और 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह 2020 में मुंबई इंडियन्स और 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे लेकिन उन सत्र के दौरान एकादश का हिस्सा नहीं बन पाए।

# 2026 सत्र के लिए बोल्ट और दीपक चाहर को रिटेन नहीं करेगी मुम्बई इंडियंस : हेडन

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सत्र में मुंबई इंडियंस की टीम तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर को बाहर कर देगी। हेडन ने कहा, 卐मुंबई इंडियंस के पास एक संतुलित अंतिम ग्यारह है पर इसके बाद भी उसे जीत के लिए उसे कुछ कठिन फैसले लेने होंगे, जिसमें न्यूजीलैंड के बोल्ट को रिलीज करना भी शामिल है।卐 बोल्ट को पिछले सत्र में मुंबई की टीम ने 12.50 करोड़ में खरीदा था और उन्होंने सीजन में कुल 22 विकेट लिए थे। बोल्ट पावर प्ले में अपनी कसी हुई गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में टीम के लिए उन्हें बाहर करना कठिन फैसला होगा। ये भी हो सकता है कि मुंबई उन्हें मिनी निलामी में कम कीमत पर खरीदे। बोल्ट के अलावा मुंबई इंडियंस से दीपक चाहर



भी बाहर होंगे। हेडन का मानना है कि चाहर को रिलीज कर टीम कम पैसों में किसी अच्छे तेज गेंदबाज को नीलामी में शामिल कर सकती है। चाहर को मुंबई की टीम ने आईपीएल 2025 में 9.25 करोड़ में खरीदा था पर वह टीम के लिए फायदेमंद नहीं रहे। वह सत्र में केवल 11 विकेट ले पाए थे। इसी को देखते हुए हेडन का मानना है कि चाहर को रिलीज किया जाएगा जिससे मिनी नीलामी में किसी युवा खिलाड़ियों को बैक अप के तौर पर खरीदा जा सके। पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में वह इस बार टीम संयोजन में कमी नहीं रखना चाहेगी।

# सानिया मिर्जा का खुलासा, तलाक के बाद गहरे डिप्रेशन में चली गई थी, पैनिक अटैक भी आए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने पहली बार अपने जीवन के सबसे कठिन दौर के बारे में खुलासा किया है। शोएब मलिक से तलाक के बाद सानिया गहरे डिप्रेशन और पैनिक अटैक से जूझ रही थीं। इस मुश्किल समय में बॉलीवुड डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान ने उनकी भावनात्मक रूप से मदद की और उन्हें फिर से खड़ा होने की ताकत दी। अपने नए यूट्यूब शो ÷सर्विंग इट अप विद सानिया÷ के पहले एपिसोड में सानिया ने बताया कि कैसे फराह ने उन्हें जीवन के सबसे नाजुक पलों से उबरने में साथ दिया।

### तलाक के बाद बिखर गई थीं सानिया मिर्जा

सानिया मिर्जा ने साल 2010 में पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी की थी। इस रिश्ते ने शुरुआत से ही दोनों देशों में खूब सुर्खियां बटोरीं। 2018 में दोनों एक बेटे के माता-पिता बने, लेकिन साल 2024 में शोएब मलिक ने पाकिस्तानी अभिनेत्री सना जावेद से शादी कर ली, जिससे यह रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इस टूटे रिश्ते का असर सानिया पर गहराई से पड़ा। उन्होंने बताया कि तलाक के बाद उन्हें पैनिक अटैक आने लगे और वे लंबे समय तक डिप्रेशन में रहीं। उस दौर को सानिया ने अपनी जिंदगी का 'सबसे बुरा समय' बताया।

### फराह खान बनीं मुश्किल वक्त में सहारा

अपने नए टॉक शो 'सर्विंग इट अप विद सानिया' के पहले एपिसोड में सानिया ने फराह खान के साथ बातचीत में इस घटना का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा, 'मैं कैमरे पर यह नहीं बताना चाहती, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब मैं बुरी तरह टूट गई थी। आप (फराह खान) मेरे सेट पर आई थीं और उसके बाद मुझे एक लाइव शो में जाना था। मैं कांप रही थी। अगर आप वहां नहीं आतीं, तो शायद मैं वह शो नहीं कर पाती। आपने मुझसे कहा था, 'चाहे कुछ भी हो, तुम यह शो करोगी।' सानिया की इन बातों से यह साफ़ झलकता है कि फराह खान ने उस कठिन समय में उनके लिए एक भावनात्मक स्तंभ का काम किया।

### फराह खान ने याद किया वो दिन

फराह खान ने भी उस घटना को याद करते हुए बताया कि सानिया को परेशान देखकर वे खुद भी घबरा गई थीं। उन्होंने कहा, 'मुझे उस दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन जब मैंने सानिया को उस हालत में देखा तो सब कुछ छोड़कर भागी चली आई। मैं पजामा और चप्पल में वहां पहुँची, क्योंकि मुझे उनकी चिंता थी।' फराह ने बताया कि सानिया को देखकर उन्हें एहसास हुआ कि दोस्ती सिर्फ अच्छे वक्त में नहीं, बल्कि मुश्किल घड़ी में साथ खड़े होने का नाम है।

### सिंगल मदर के रूप में सानिया की ताकत की सराहना

फराह खान ने बातचीत के दौरान सानिया की सिंगल मदर के रूप में भूमिका की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'अकेले बच्चे की परवरिश करना आसान नहीं है। आपको काम भी करना पड़ता है और एक मां के तौर पर बेटे को समय भी देना पड़ता है। यह दोगुनी मेहनत का काम है, लेकिन सानिया इसे खूबसूरती से निभा रही है।'



सानिया आज अपने बेटे इजहान मिर्जा मलिक की परवरिश अकेले कर रही हैं और वे अपने पेशेवर जीवन में भी सक्रिय हैं।

## कम उम्र के 65 बच्चों की कुपोषण से मौत... बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकारा

मुंबई (एजेंसी)। बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणियाँ महाराष्ट्र के अमरावती ज़िले के मेलघाट क्षेत्र में बच्चों में कुपोषण के गंभीर संकट को उजागर करती हैं। महाराष्ट्र का आदिवासी बहुल मेलघाट क्षेत्र (अमरावती ज़िला)। जून और नवंबर 2025 के बीच, छह महीने से कम उम्र के 65 बच्चों की कुपोषण के कारण मृत्यु हो गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट (न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटिल की खंडपीठ) ने इसे भयावह बताते हुए राज्य सरकार की प्रतिक्रिया को बेहद लापरवाह और असंवेदनशील कहा है। अदालत ने ज़िक्र किया कि सरकारी विभागों को 2006 से इस मुद्दे पर आदेश मिल रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हालात में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। हाईकोर्ट ने जोर दिया कि यह आँकड़ों का नहीं बल्कि मानवीय अस्तित्व और करुणा का मामला है, जो जीवन और सम्मान के मौलिक अधिकार से जुड़ा है। अदालत ने लोक स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, महिला एवं बाल कल्याण और वित्त विभागों के प्रमुख सचिवों को 24 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। यह दर्शाता है कि बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर राज्य सरकार के प्रयासों की कमी को लेकर न्यायपालिका कितनी चिंतित है।

## दिल्ली धमाका, देश में अशांति फैलाने की यह एक घृणित साजिश : शाही इमाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में लाल किले के पास हुए ब्लास्ट मामले की शाही इमाम मौलाना सैयद अहमद बुखारी ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जाहिर करते कहा कि देश में अशांति फैलाने की यह एक घृणित साजिश है जिसे समाज के हर तबके को मिलकर नाकाम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमला देश की एकता और अखंडता पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि भारत के सभी नागरिकों को, चाहे वे किसी भी धर्म या समुदाय से हों, एकजुट होकर इस तरह की हिंसक घटनाओं के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। इमाम ने कहा कि देश के मुसलमान भारतीय हैं और कश्मीरियों, सिख भाइयों तथा अन्य समुदायों के साथ मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई हो इसपर और इंसाफ होता हुए भी दिखे। उन्होंने कहा कि घटना से देश में भय फैलाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हमें अपने देश की सुरक्षा और अमन बनाए रखने के लिए एकजुट रहना होगा। शाही इमाम ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि आतंकवादी हमले की पूरी तरह से जांच कराएं और इसके पीछे मौजूद अपराधियों को सख्त से सख्त सज़ा दी जाए।

## जीएसटी चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला, कार को ट्रक से मारी टक्कर, सबूत भी छीन कर भागे

जोधपुर (एजेंसी)। जोधपुर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र में जीएसटी चोरी के नेटवर्क पर छापा मारने गई डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम पर हमला हो गया। आरोपियों ने सरकारी गाड़ी को ट्रक से टक्कर मार दी और सबूत के तौर पर जब्त किए गए दो सीपीयू छीनकर भाग गए। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बासनी थाना अधिकारी नितिन दवे के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 7-15 बजे जयपुर से आई डीजीजीआई टीम बिश्नोई रोड लाइंस नामक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय पर पहुंची थी। ऑफिस बंद था, तभी सुनील बिश्नोई नामक व्यक्ति आया और ताला खोलने के बाद सीपीयू ले जाने लगा। टीम ने उसे रोकने की कोशिश की तो पुखराज खावा और उसके साथियों ने धक्का-मुक्की व हाथापाई की। आरोपियों ने टीम से दोनों सीपीयू छीन लिए, एक को कार में रखकर साथी भगा ले गया और दूसरा ट्रक में रख लिया। भागते समय ट्रक ने टीम की सरकारी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। सूत्रों के अनुसार, इन सीपीयू में फर्जी बिलिंग और जीएसटी चोरी से जुड़े अहम डेटा हो सकते हैं। डीजीजीआई की टीम स्टील इंडस्ट्री और ट्रांसपोर्ट सेक्टर में करोड़ों की कर चोरी के एक नेटवर्क पर कार्रवाई करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि आरोपी फर्जी बिल्टी और बोगस बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं ताकि कार और ट्रक के नंबर व हमलावरों की पहचान की जा सके। गिरफ्तार सुनील बिश्नोई से पूछताछ जारी है।

## पुणे जिले में तेंदुए ने बाइक पर जा रहे किसान पर हमला किया

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे जिले में हुई चौंकाने वाली घटना में एक तेंदुए ने बाइक पर जा रहे किसान पर हमला कर दिया। पुणे जिले के जुन्नर तालुका का ओतूर इलाका, नगर कल्याण राजमार्ग पर अहिनवेवाड़ी फाटा के पास ये घटना हुई। नीलेश सीताराम डोके (35 वर्ष), जो कि एक किसान, अपनी मोटरसाइकिल पर खाद की बोरी लेकर घर लौट रहा था। तभी सड़क किनारे झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक पीछे से झपट्टा मारा और किसान को गिरा दिया। नीलेश बाइक समेत सड़क पर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट आई। वह बाइक के साथ दूर तक घिसटते चले गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और अब वायरल हो रही है। उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत पहले गंभीर थी, लेकिन डॉक्टरों के मुताबिक अब स्थिर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेंदुआ हमले के बाद डरकर भाग गया और पास के जंगल की ओर चला गया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से तेंदुए की मौजूदगी देखी जा रही थी, लेकिन वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रशासन की कार्रवाई: ओतूर पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और निरीक्षण किया। आसपास के इलाकों में सर्च अभियान शुरू किया गया है। वन विभाग ने लोगों से रात में अकेले खेतों या सुनसान रास्तों पर न जाने और सतर्क रहने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन ने कैमरा ट्रैप लगाने और वन्यजीव निगरानी बढ़ाने की योजना बनाई है।

## छोटे शहरों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने की नई योजना

नईदिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार छोटे और बंद पड़े हवाई अड्डों पर पुन: उड़ान शुरू करने के लिए नई योजना तैयार की है। केंद्र सरकार ने उन हवाई अड्डों के ऊपर विशेष ध्यान दिया है जहां ट्रैफिक नहीं होने के कारण एयरलाइन कंपनियां हवाई यात्रा शुरू करने के बाद बंद कर देती हैं।

# दिल्ली विस्फोट पर पवन खेड़ा का गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला, पूछा- 2900 किलो विस्फोटक कैसे पहुंचा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को 10 नवंबर को दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की। इस विस्फोट में 12 नागरिक मारे गए थे। उन्होंने सवाल किया कि 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री राष्ट्रीय राजधानी से सिर्फ़ 20 किलोमीटर दूर फरीदाबाद कैसे पहुँची? खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, ÷हैरानी की बात है कि इस घटना के 48 घंटे बाद, कैबिनेट ने स्वीकार किया कि यह एक आतंकवादी घटना थी। यह गंभीर सवाल खड़े करता है।

पवन खेड़ा ने सवाल किया कि इतनी सारी सुरक्षा एजेंसियाँ हैं, (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह हैं, (राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार) अजीत डोभाल हैं... जो कहते हैं कि हमारी सतर्क नज़र हमेशा बनी रहती है। फिर भी, 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री फरीदाबाद कैसे पहुँच गई? पवन खेड़ा ने कहा कि पुलवामा हमले को लेकर हम लगातार सवाल पूछते रहे कि आरडीएक्स वहाँ कैसे पहुँचा, और इसका जवाब आज तक नहीं मिला। अब, राजधानी दिल्ली से सिर्फ़ 20 किलोमीटर दूर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक पहुँच गया है; सवाल यह है कि यह कैसे पहुँचा? फिर, लाल किले के पास हुए विस्फोट में जानें जाती हैं, लोग घायल होते हैं; आखिर इसकी ज़िम्मेदारी कौन ले रहा है? ये पूरे देश का सवाल है, और हम कहते रहे हैं कि सरकार सख्त कदम उठाए; हम उनके साथ हैं। दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट स्थल पर विस्तृत जाँच चल रही है, दिल्ली पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के कर्मी गुरुवार को संयुक्त रूप से जाँच कर रहे हैं। अब तक, लाल किले के पास हुए विस्फोट के लिए कथित तौर पर ज़िम्मेदार कुल आठ लोगों में एक महिला सहित कम से कम तीन डॉक्टर शामिल हैं। आरोपी डॉ. उमर नबी की पहचान उस हुंडई द्ब20 कार के चालक के रूप में भी हुई है जिससे विस्फोट हुआ था।

तीनों डॉक्टर फिलहाल गिरफ्तार हैं, जबकि डॉ. उमर की कार विस्फोट में मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग हाल ही में ध्वस्त हुए एक ÷अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल÷ का हिस्सा हैं, जिसमें डॉक्टर, मौलवी और व्यवसायी समेत कई पेशेवर लोग शामिल हैं। प्रारंभिक जाँच के अनुसार, अधिकारियों ने कहा है कि यह विस्फोट संभवतः कई जगहों पर हमले करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। लाल किले पर द्ब20 में हुए विस्फोट के बाद अधिकारियों ने एक इकोस्पोर्ट और एक ब्रेज़ा सहित कई वाहनों को ज़ब्त कर लिया है, और अन्य वाहनों की तलाश जारी है।

## रोहतास जिले में ईवीएम की सुरक्षा को लेकर राजद का हंगामा... डीएम ने किया खंडन

पटना(एजेंसी)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा रोहतास जिले में ईवीएम (ईवीएम) को मतगणना केंद्र के अंदर घुसपैठ से ले जाने के आरोप और जिलाधिकारी द्वारा इसका खड़न किया गया है। राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आरोप लगाया कि प्रशासन बिना किसी पूर्व सूचना के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को सासाराम विधानसभा क्षेत्र के तकिया बाजार समिति परिसर स्थित वज्र गृह मतगणना केंद्र के अंदर ले जा रहा था। इस आरोप के बाद, बुधवार देर रात राजद कार्यकर्ता और समर्थक मतगणना केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन करने और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) से स्पष्टीकरण की मांग करने के लिए एकत्र हुए। इसके बाद रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने राजद के दावे का खंडन किया। उन्होंने कहा कि ट्रक में खाली स्टील के बक्से थे, न कि ईवीएम मशीन थी। डीएम ने बताया कि उन्हें सूचना मिलने के बाद, उन्होंने जाँच में पाया कि ट्रक शाम 7-59 बजे बाज़ार समिति में घुसा था और उसकी प्रविष्टि लॉगबुक में दर्ज थी, जिसमें लिखा था कि ट्रक खाली बक्सों से भरा था। ट्रक की जाँच मौजूद सभी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की मौजूदगी में की गई। हर बक्सा निकाला गया और सभी बक्से खाली पाए गए। जाँच के बाद, सभी बक्सों को वापस ट्रक में लोड कर दिया गया। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने 14 नवंबर को होने वाली मतगणना से पहले सभी से अफ़वाहें न फैलाने का आग्रह किया। रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सुरक्षा के 3 स्तर हैं, जिसमें पुलिस, विशेष सशस्त्र पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) शामिल हैं।

## धामी सरकार के फैसले के बाद जागी, संविदा कर्मियों में नियमितीकरण की आस



देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में संविदा, दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, नियत वेतन, अंशकालिक और तदर्थ रूप में कार्यरत कार्मिकों के नियमितीकरण से जुड़ा मामला है। 2008 के बाद से कार्यरत संविदा कर्मियों में नियमितीकरण की आस जगी है। कैबिनेट ने इसतरह के कार्मिकों के लिए कट-ऑफ डेट तय करने के लिए एक मंत्रिमंडल की समिति गठित करने का निर्णय लिया है। यह समिति विस्तृत अध्ययन के बाद अपनी रिपोर्ट कैबिनेट के समक्ष रखेगी।

पूर्व की नीतियाँ- 2013 तक पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को नियमित करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन कई विभाग समय से कार्रवाई नहीं कर पाए। 2016 तक पाँच वर्ष की सेवा पूरी करने वालों को नियमित करने का निर्णय लिया गया, लेकिन विवादों के कारण इसे रद्द कर दिया गया। कैबिनेट ने 2018 तक दस वर्ष की नियमित सेवा करने वालों को विनियमित करने का निर्णय लिया है। भविष्य के लिए कट-ऑफ डेट के संबंध में मंत्रिमंडल की उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

बात दें कि उत्तराखंड सरकार ने 2008 के बाद से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए नई कट-ऑफ डेट और भविष्य की नीति तय करने के लिए एक मंत्रिमंडल उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया है।

# दिल्ली ब्लास्ट: घायलों से मिले पीएम मोदी तो आप नेता ने फोटो खिंचवाने का बताया मौका

### बीजेपी का पलटवार, आप राजनीति के लिए और कितना नीचे गिर सकते हो



नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सौरभ भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधकर आरोप लगाया कि घायल पीड़ितों से मिलने के लिए अस्पताल का उनका दौरा महज एक फोटो खिंचवाने का मौका था, क्योंकि इस दौरे के दौरान मरीजों को प्लास्टर की पोशाक दी गई थी। आप नेता भारद्वाज ने प्रधानमंत्री के दौरे और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के घायलों से मिलने की एक तस्वीर को हाईलाइट किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री मोदी दोनों एक ही पीड़ित से मिले, आप नेता ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के दौरे के समय मरीज को नई पोशाक और नया प्लास्टर लगाया गया था।

आप नेता भारद्वाज ने पोस्ट कर लिखा कि 11 नवंबर को मरीज़ से पहले सीएम रेखा गुप्ता मिली, अगले दिन उसी मरीज पीएम मोदी मिले। नए कॉस्ट्यूम-, हाथ में नया प्लास्टर। वहीं, दिल्ली भाजपा ने आप नेता को जवाब देकर कहा कि आखिर ये आप राजनीति के लिए और कितना नीचे गिर सकते हो। हर बार सोचते हैं, अब इससे नीचे नहीं जा सकते लेकिन आप-दा गैंग फिर ये साबित कर देता है कि नीचता की कोई हद नहीं होती।

बीजेपी ने पोस्ट कर कहा कि अरे हारे हुए विधायक व पढ़े-लिखे अनपढ़ भारद्वाज, अगर जरा भी अक्ल बाकी हो, जान लो मुख्यमंत्री रेखा घटना के तुरंत बाद घायलों से मिलने पहुंची थीं। तब इलाज शुरू ही हुआ था, और रिपोर्ट्स आने में समय लगता है। पर आपको कहां समझ आएगा? असल में दोष आपका भी नहीं है, आप पासआउट हैं केजरीवाल स्कूल ऑफ मिसइन्फॉर्मेशन से पार्टी ने आगे लिखा कि जहां सच बोलना गुनाह और झूठ फैलाना हुनर माना जाता है। जनता अब सब समझ चुकी है। आप के लिए हर घटना पब्लिसिटी स्टंट बन जाती है, और हर पीड़ित इंसान आप की घटिया राजनीतिक रोटियां सेंकने का जरिया।

# राजस्थान की दो महिला नेताओं को प्रियंका गांधी वाड्रा ने दी खास जिम्मेदारी... सियासी चर्चा तेज



संजना जाटव रेहाना रियाज चिश्ती

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की दो महिला नेता सांसद संजना जाटव और रेहाना रियाज को पार्टी हाई कमान ने बड़ी जिम्मेदारी दी हैं। इस लेकर राजस्थान की सियासत में काफी चर्चा हैं। सांसद जाटव को मध्यप्रदेश प्रभारी और रेहाना को महाराष्ट्र प्रभारी बनाने के पीछे कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की बड़ी भूमिका सामने आ रही है। इसके पीछे चर्चा हैं, कि प्रियंका गांधी वाड्रा को शुरू से ही राजस्थान काफी रास आता रहा है। प्रियंका संगठन में महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता देने की पक्षधर रही है।

बता दें कि संजना सबसे कम उम्र 25 साल में धौलपुर-भरतपुर की लोकसभा सांसद चुनी गई। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज सचिन पायलट का यह रिकॉर्ड तोड़ा है। संजना के कम उम्र में सांसद बनने और कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी मिलने को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा का विषय है। इसके पीछे सचिन और प्रियंका गांधी का वरदहस्त माना जा रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में संजना के टिकट को लेकर सचिन पायलट की बड़ी भूमिका मानी गई। उनके ही प्रयास के चलते संजना को लोकसभा में टिकट मिला और चुनाव जीती। चर्चा यह भी रही कि सचिन ने ही प्रियंका गांधी वाड्रा से संजना जाटव की मुलाकात कराई थी। माना जा रहा है कि तभी से संजना जाटव प्रियंका गांधी की नजरों में थी। इस समीकरणों को देखते हुए उन्हें हाल ही में मिली मध्य प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी से जोड़कर देखा गया है।

महाराष्ट्र कांग्रेस प्रभारी के तौर पर राजस्थान कांग्रेस की महिला नेता रेहाना चिश्ती को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके पहले रेहाना रियाज गहलोत सरकार में महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी है। वह मूल रूप से केरल निवासी हैं। जिन्होंने चूरू में शादी की थी। रेहाना लंबे समय से प्रदेश संगठन में पदाधिकारी रह चुकी है और उन्हें वेणुगोपाल के करीबी में माना जाता है। इसी को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा है कि वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी के प्रयास के चलते ही उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं, क्योंकि प्रियंका गांधी महिला नेताओं को आगे लाने के लिए सक्रिय रहती हैं।

बता दें कि प्रियंका गांधी राजस्थान में कई बार रणथम्भौर विजिट के लिए आती रहती है। इस बीच उन्होंने कई बार राजस्थान की युवा और महिला नेताओं से कोऑर्डिनेशन किया है। बता दें कि प्रियंका गांधी संगठन में युवाओं और महिलाओं को आगे लाने के लिए सक्रिय रही है।

## 24 करोड़ अकाउंट्स के साथ एनएसई ने दर्ज की नई उपलब्धि

मुंबई: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने नवंबर 2025 में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया है। एनएसई पर यूनिक ट्रेडिंग अकाउंट्स की संख्या अब 24 करोड़ (240 मिलियन) से ज्यादा हो गई है। पिछले साल अक्टूबर में यह आँकड़ा 20 करोड़ (200 मिलियन) था, यानि महज एक साल में एनएसई ने यह उपलब्धि हासिल की है। यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 31 अक्टूबर, 2025 तक 12.2 करोड़ दर्ज की गई है, जो 22 सितंबर, 2025 को 12 करोड़ (120 मिलियन) का आँकड़ा पार कर चुकी थी।
निवेशक अलग-अलग ब्रोकर्स के साथ अपने अकाउंट्स रख सकते हैं, इस प्रकार एक ही व्यक्ति के कई क्लाइंट कोड हो सकते हैं। महाराष्ट्र 4 करोड़ निवेशक अकाउंट्स (17% शेयर) के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद उत्तर प्रदेश (2.7 करोड़, 11% शेयर), गुजरात (2.1 करोड़, 9% शेयर), पश्चिम बंगाल (1.4 करोड़, 6% शेयर) और राजस्थान (1.4 करोड़, 6% शेयर) का स्थान आता है। शीर्ष 5 राज्यों के पास कुल निवेशक अकाउंट्स का लगभग 49% हिस्सा है, जबकि शीर्ष 10 राज्यों में यह आँकड़ा 73% से भी ज्यादा है। महामारी के बाद भारतीय इक्विटी बाजारों में निवेशकों की तेजी से बढ़ती भागीदारी को देखते हुए, निवेशक शिक्षा अब पहले से कहीं अधिक जरुरी हो गई है। 30 सितंबर, 2025 तक एनएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में व्यक्तिगत निवेशकों की हिस्सेदारी 18.75% तक पहुँच गई है, जो पिछले 22 वर्षों में सबसे अधिक है। इनमें सीधे निवेश करने वाले और म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश करने वाले, दोनों तरह के निवेशक शामिल हैं। पिछले पाँच वर्षों में निफ्टी 50 और निफ्टी 500 इंडेक्स ने क्रमशः 15% और 18% की सालाना औसत बढ़त दर्ज की है। हाल के वर्षों में निवेशकों की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए गए हैं, जिससे बाजार में उनका भरोसा और भी मजबूत हुआ है। इसके साथ ही तेज डिजिटलाइजेशन, निरंतर नवाचार, बढ़ती मध्यम वर्गीय आबादी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में प्रगतिशील नीतिगत कदमों ने इस विश्वास को और बल दिया है।

## धर्मेंद्र अस्पताल से घर आए खुशी है पर, बच्चों की रातों की नींद उड़ गई: हेमा मालिनी

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेता धर्मेंद्र 11 दिन तक अस्पताल में रहने के बाद घर पहुंच गए है। उनका वही इलाज चल रहा है। घर पहुंचने की इस खबर ने लोगों के चेहरे पर खुशी ला दी। लेकिन अभी धर्मेंद्र पूरी तरह ठीक नहीं हैं। धरम पाजी की सेहत को लेकर उनके परिवार और डॉक्टर दोनों ने शेयर की। हेमा मालिनी धर्मेंद्र को लेकर एक भावुक बयान दिया है। हेमा मालिनी ने अपनी भावनाएं साझा कीं। हेमा ने कहा- 'यह मेरे लिए आसान समय नहीं रहा। धरम जी की सेहत हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय है। उनके बच्चों की रातों की नींद उड़ी हुई है। ऐसे कठिन में मैं कमजोर नहीं पड़ सकती, क्योंकि मेरे ऊपर कई जिम्मेदारियां हैं- लेकिन हां, मैं खुश हूं कि वे घर लौट आए हैं। हम राहत महसूस कर रहे हैं कि वे अस्पताल से बाहर हैं। इस समय उन्हें उन लोगों के बीच रहना चाहिए, जिन्हें वे प्यार करते हैं। बाकी तो सब ऊपर वाले के हाथ में है। कृपया हमारे लिए प्रार्थना कीजिए।

डॉ प्रतित समदानी ने बताया था कि 89 साल के धर्मेंद्र को डिस्चार्ज किया गया है और अब उनका इलाज और रिकवरी घर पर ही चलेगी। हेमा मालिनी ने इस मुश्किल वक्त पर अपनी भावनाओं को शेयर किया। उन्होंने ही-मैन का हेल्थ अपडेट के साथ घरवालों का हाल भी बताया। धर्मेंद्र अस्पताल में जब तक भर्ती रहे। तब तक पूरा देओल परिवार एक दिखा। सनी-बॉबी से लेकर ईशा और हेमा मालिनी सभी अस्पताल में उनके लिए आते-जाते नजर आए। 11 दिनों के बाद अब धरम पाजी घर पहुंच गए हैं। उनके घर पहुंचने के बाद जहां रिश्तेदारों और सिनेमा इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का आना जाना लगा हैं।

## सानंद वर्मा ने भाबीजी घर पर हैं के 11 साल पूरे होने पर कहा- मैं असल जिंदगी में भी सक्सेना हूं!




मुंबई : एण्डटीवी के शो भाबीजी घर पर हैं! की कल्पना डॉ. अनोखेलाल सक्सेना के बिना करना मुश्किल है। पिछले एक दशक से, अभिनेता सानंद वर्मा ने इस मजेदार और अजीब किरदार को पर्दे पर जीवंत किया है, जिससे वह टीवी के सबसे यादगार पात्रों में शामिल हो गए हैं। यह शो अब अपने 11 साल का सफर पूरा कर चुका है और इस अवसर पर सानंद वर्मा ने अपने इस अद्भुत सफर के बारे में बात करते हुये इसे हंसी, सीख और दर्शकों के प्यार से भरपूर बताया। इस मील के पत्थर पर अपने अनुभव साझा करते हुए, सानंद वर्मा कहते हैं, लगभग 3000 एपिसोड के बाद, सक्सेना जी मेरे शरीर और दिमाग का हिस्सा बन गए हैं। अब मुझे अपने हाव-भाव या प्रतिक्रियाओं के बारे में सोचना भी नहीं पड़ता, सब स्वाभाविक रूप से आ जाता है! हमारे शो की असली ताजगी हमारे शानदार लेखकों से आती है, जो लगातार नए किस्से और पंचलाइन लेकर आते हैं, जिससे हास्य हमेशा ताजा और जीवंत रहता है। जैसे ही दर्शकों ने हमारे किरदारों से जुड़ाव महसूस किया, सब कुछ सहज रूप से आगे बढ़ने लगा।

# आतंकी की गर्लफ्रेंड डॉक्टर शाहीन का एक ही डायलॉग था... कुछ बड़ा करना है...

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली के लालकिले के पास सोमवार शाम हुए कार धमाके से ठीक एक दिन पहले गिरफ्तार हुईं लखनऊ की डॉ. शाहीन ने वर्षों पहले ही अपने इरादे जता दिए थे। कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में फार्माकोलॉजी विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहीं शाहीन का व्यवहार 2009 में कन्नौज तबादले के बाद पूरी तरह बदल गया। साथी डॉक्टरों और स्टाफ को अब समझ आ रहा है कि कुछ बड़ा करना है कहकर वह क्या संकेत दे रही थीं। आतंकी संगठन से जुड़ाव और दिल्ली ब्लास्ट में भूमिका के खुलासे ने पूरे मेडिकल समुदाय को स्तब्ध कर दिया है।

शाहीन सात साल तक जीएसवीएम में प्रोफेसर रहीं। 1 सितंबर 2012 से 31 दिसंबर 2013 तक विभागाध्यक्ष भी रहीं। कन्नौज मेडिकल कॉलेज में छह माह का तबादला उनके लिए सजा जैसा था। वे स्पष्ट कहती थीं, कन्नौज से कानपुर या लखनऊ नहीं हुआ तो नौकरी छोड़ दूंगी। सूत्रों के अनुसार, कन्नौज में भी वे ज्यादातर कानपुर में ही दिखती थीं। विदेशी जीवनशैली पसंद करने वाली शाहीन भारत में रहना नहीं चाहती थीं। अक्सर कहतीं, मैंने जितने सपने देखे, एक-एक कर पूरा करूंगी। कुछ बड़ा काम करना है। कॉलेज परिसर के एल-29 आवास में पति डॉ. जफर हयात और दो बेटों के साथ रहने वाली शाहीन दूसरी मंजिल से नीचे कम ही उतरती थीं। बच्चों को भी दूसरे डॉक्टरों के बच्चों से घुलने-मिलने नहीं देती थीं। सहकर्मियों की टोकाटोकी पर बहानेबाजी करतीं। कन्नौज से लौटने के बाद विभागीय काम में रुचि खत्म हो गई। मेरिट से मिले फार्माकोलॉजी में शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन जल्द ही शांत और अलग-थलग हो गईं। किसी न किसी बहाने छुट्टी मांगती रहतीं। बिना बताए गायब होने पर फटकार भी लगी, मगर सुधार नहीं हुआ।

एटीएस अब परत दर परत शाहीन का अतीत खंगाल रही है। मंगलवार को लखनऊ पैतृक घर और कानपुर कॉलेज के बाद बुधवार को प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां से शाहीन ने 2002 में एमबीबीएस और 2006 में फार्माकोलॉजी में एमडी की। तीन सदस्यीय खुफिया टीम ने प्रशासनिक भवन, हॉस्टल, प्रवेश रिकॉर्ड, इंटर्नशिप दस्तावेज से लेकर सहपाठियों के नंबर तक जुटाए। पूछताछ में पता चला कि पढ़ाई के दौरान शाहीन शांत लेकिन तेज छात्रा थीं। क्या किसी संगठन से जुड़ाव था? कॉलेज के बाहर किससे मिलती थीं? पढ़ाई के बाद प्रयागराज आईं या नहीं? ऐसे सवालों की गहन जांच हो रही है। कॉलेज प्रशासन टीम के दौरे पर चुप्पी साधे है। सोशल मीडिया पर शाहीन की पुरानी ग्रुप फोटो वायरल हो रही है। प्रयागराज मेडिकल कॉलेज की पार्टी में खींची तस्वीर में वह दो छात्राओं और सात छात्रों के साथ हैं। आतंकवाद की निंदा करते कमेंट्स के बीच लोग हैरान हैं कि एक होनहार डॉक्टर आतंक की राह पर कैसे पहुंची। कानपुर, प्रयागराज और लखनऊ- तीनों मेडिकल कॉलेजों के प्रोफेसर, स्टाफ और छात्र सदमे में हैं। शाहीन के अचानक गायब होने का रहस्य अब खुल रहा है, लेकिन कुछ बड़ा करने की उनकी महत्वाकांक्षा ने देश को हिला दिया।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902